YouTube kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-143 ❒ बुधवार, 25 जून 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




आपातकाल से 'भारतीय लोकतंत्र की रूह कांप उठी' थी। दुर्भाग्य से आज भी कांग्रेस ख़ासकर गांधी परिवार उसी सोच में डूबा रहता है और वह 'मुगलई' व 'अंग्रेजियत' से मुक्त नहीं हो सका है। कांग्रेस की 'राजशाही सोच' का नतीजा था 'आपातकाल'। समय बदला पर सोच आज भी वही। **केशव प्रसाद मौर्य**


**सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए** 11

**कांग्रेस का काम केवल झूठ और भ्रांतियां फैलाना : अन्नपूर्णा देवी** 12


## संक्षेप

### सीडीएस को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश देने का अधिकार मिला

**नयी दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे। 'संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है। यह प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कई स्तर पर आदेशों की पुनरावृति को समाप्त करने और अंतर-सैन्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है। यह पहल तीनों सेनाओं में बेहतर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की नींव रखती है। यह एकजुटता एवं एकीकरण के एक नए युग की शुरुआत की भी प्रतीक है, जो राष्ट्र की सेवा में कार्यरत सशस्त्र बलों के सामंजस्य को और सशक्त बनाती है।

### उत्तराखंड में पंचायत चुनाव स्थगित

**देहरादून/नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार शाम को एक अधिसूचना जारी कर उच्च न्यायालय द्वारा सोमवार को जारी स्थगन आदेश के अनुपालन में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित नामांकन और अन्य कार्रवाई को स्थगित करने की घोषणा की है। उत्तराखंड के राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों में दो चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा की थी। पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 जुलाई को होना था, जबकि दूसरे चरण का मतदान 15 जुलाई को होना था। मतगणना 19 जुलाई को होनी थी और नामांकन प्रक्रिया आगामी 25 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलनी थी। राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने मंगलवार देर शाम को जारी अधिसूचना में कहा कि 25 जून से होने वाली सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों जैसे नामांकन दाखिल करने आदि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय आरक्षण संबंधी अधिसूचना में अनियमितताओं के कारण पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के हाईकोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है। न्यायालय ने सोमवार को जारी अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के लिए आरक्षण से संबंधित नियमों को विधिवत अधिसूचित नहीं किया है।

# इजराइल-ईरान सीजफायर नाकाम

## इजराइल ने ईरान पर बम गिराए, ट्रम्प के फोन पर नेतन्याहू बोले- पहले हमला ईरान ने किया, हम जवाब देंगे

**एजेंसी**



तेहरान/तेल अवीव/दोहा। इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया।

सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा, 'मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, आज सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- ''अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर ईरान में तख्ता पलट के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन

- ❒ ट्रम्प बोले- मैं ईरान में तख्ता पलट के खिलाफ, इससे अशांति फैलेगी
- ❒ इजरायली हमले में ईरानी सेना के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ की मौत
- ❒ ट्रम्प से बातचीत के बाद नेतन्याहू ने और हमले पर रोक लगाई
- ❒ ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया, ईरान पर हमले रोकने को कहा
- ट्रम्प ने कहा- इजराइल अब ईरान पर हमला नहीं करेगा, ईरान और इजराइल दोनों ने सीजफायर तोड़ा

के लिए जाते समय एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, 'मैं तख्ता पलट नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि सब कुछ जल्द से जल्द शांत हो जाए। ट्रम्प ने कहा, 'तख्ता पलट से अशांति फैलती है और हम इतनी अशांति नहीं देखना चाहते।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो दिन पहले ही ईरान में सत्ता परिवर्तन के संकेत दिए थे। शनिवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि 'अगर मौजूदा ईरानी सरकार ईरान को फिर से महान नहीं बना सकती, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होना चाहिए। वाई नेट मीडिया के मुताबिक ईरानी सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ अली रजा लतीफी इजराइली हमले में मारे गए। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह हमला कौन सा था और कब हुआ था। इजराइली पीएम नेतन्याहू के ऑफिस ने तेहरान में ताजा हमले के बाद कहा है कि वह ईरान पर अब सिर्फ अटैक करेगा। घ्ख्र नेतन्याहू के ऑफिस ने अपने बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री नेतन्याहू की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद इजराइल ने आगे और कार्रवाई पर रोक लगाने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रोकने के बावजूद इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए ईरान पर हमला कर दिया है। ईरानी और इजराइली मीडिया के मुताबि, इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में रडार साइट पर हवाई हमले किए हैं। इजराइली सेना के रेडियो ने तेहरान के पास एक ईरानी रडार साइट पर हमले की पुष्टि की है। ईरान के न्यायिक समाचार आउटलेट मिजान और शार्ग अखबार ने तेहरान में दो धमाकों की आवाज की जानकारी दी है। न्यूज आउटलेट ने यह भी कहा कि ईरान के उत्तरी शहर बाबोलसर पर हमला किया जा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि वह हमले को नहीं रोक सकते क्योंकि ईरान ने सीजफायर का ● शेष पेज 11 पर

# 'चुनाव आयोग ने बातचीत के लिए राहुल को आमंत्रित किया'

**एजेंसी**

- ❒ महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आरोप पर बातचीत करेगा, राहुल ने कहा था- चुनाव में फिक्सिंग हुई



नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर उनके किसी भी सवाल पर बातचीत के लिए उन्हें पत्र लिख कर आमंत्रित किया है।

आयोग के सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के मुद्दे पर इसी महीने की सात तारीख को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित श्री गांधी के लेख में उठाए गए मुद्दों के संदर्भ में आयोग ने उन्हें 12 तारीख को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी से कहा गया है कि आयोग महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में कंग्रेस पार्टी की पहले की शिकायतों का विस्तृत उत्तर दे चुका है जो आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। श्री गाँधी ने अपने सात जून के लेख में मोटे तौर पर उन्हीं मुद्दों को दोहराया है। सूत्रों के अनुसार आयोग ने श्री गांधी को लिखा है कि महाराष्ट्र के चुनाव को लेकर यदि सचमुच कोई शिकायत रही होंगी तो कंग्रेस पार्टी के प्रत्याशीयों ने उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनव याचिका दायर कर उठाया होगा। उन्होंने कहा, ' फिर भी विपक्ष के नेता के मन में कोई सवाल है तो आयोग उनके साथ सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर बैठ कर बातचीत करने को तैयार है। महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव पिछले साल नवंबर में कराये गये थे। कंग्रेस ने मतदाता सूचियों और आखिरी घंटों में मतदान की तथाकथित तेज गति को लेकर कुछ सवाल उठाये थे। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कंग्रेस को इस पर विस्तृत जवाब दिया था। जवाब की प्रति आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग का कहना है कि वह सभी चुनाव कानून-कायदे से कराता है और इस संबंध में जारी निर्देशों को सख्ती से लागू करता है। आयोग ऐसे विवादों को लेकर बार बार कहता रहा है कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से संचालित की जाती है। आयोग कह चुका है कि महाराष्ट्र में चुनाव के समय उसके द्वारा 1,00,186 से अधिक मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ), 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) और राज्य भर में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1,08,026 मतदान केंद्र स्तरीय एजेंट (बीएलए) शामिल किए गए थे। इनमें कंग्रेस के 28,421 एजेंट शामिल थे।

# ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट की सीमा पांच लाख की

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों के लिए भविष्य निधि जमा से 'ऑटो सैटलमेंट' के माध्यम से अग्रिम राशि निकालने की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है।

ईपीएफओ के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि कोविड काल के दौरान एक लाख रुपए तक के अग्रिम दावे के लिए ऑटो सेंटलमेंट की सुविधा शुरू की गई थी जिसे अब पांच लाख रुपए तक बढा दिया गया है। इससे लाखों अंशधारकों को लाभ होगा। ईपीएफओ ने सबसे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान सदस्यों के लिए वित्तीय सहायता के लिए यह सुविधा आरंभ की थी। बाद में इसे बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास जैसी आवश्यकता के लिए बढ़ा दिया गया है।




हाल में ईपीएफओ ने अपनी सेवाओं को तेज़, पारदर्शी और जन अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। इनमें अपने ग्राहक को जानो, त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाना आदि शामिल है। इसके अलावा अंशधारक को अपने प्रोफाइल सुधार के लिए नियोक्ता और ईपीएफओ पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सूत्रों अनुसार यह प्रक्रिया बिना किसी मानव संलिप्तता के तेज़ी और पारदर्शिता के साथ दावा निपटाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट ● शेष पेज 11 पर

## सेना के लिए 1981 करोड़ रुपये के हथियारों, उपकरणों की आपात खरीद

नयी दिल्ली 24 जून (वार्ता) रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और आतंकवाद रोधी अभियानों में सेना की संचालन तथा मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपात खरीद प्रणाली के तहत 1981 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सेना के लिए आपात खरीद मद के तहत 2,000 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी थी। आपात खरीद प्रणाली के तहत सेना के लिए एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडीआईएस), लो लेवल लाइटवेट रडार (एलएलएलआर), बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) - लॉन्चर और मिसाइल, रिमोटली पायलटेड एरियल व्हीकल (आरपीएवी), वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (वीटीओएल), सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोरन, बुलेट ● शेष पेज 11 पर

# 'मजबूत राज्य ही मजबूत भारत' की भावना : शाह



**एजेंसी**

- ❒ काशी में शाह की अगुवाई में क्षेत्रीय एकता का संकल्प, चार राज्यों के मुख्यमंत्री हुए शामिल
- ❒ मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में 19 अहम मुद्दों पर बनी सहमति

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मंगलवार को काशी में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक ताज होटल, नदेसर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति और भारतीय सेना के शौर्य को ध्वनिमत से अभिनंदन प्रस्ताव पारित कर सराहा गया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद देश की वह इकलौती परिषद है, जहां अब किसी राज्य के बीच कोई विवाद शेष नहीं है। यह परस्पर सहयोग की बड़ी मिसाल है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'मजबूत राज्य ही मजबूत भारत' की भावना को आगे बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय परिषदें अहम भूमिका निभा रही हैं। अब राज्य मिलकर तेज़ी से विकास और प्रशासनिक सुधारों को आगे बढ़ा रहे हैं। बैठक में कुल 19 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध की त्वरित जांच, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की स्थापना, ग्रामीण बैंकिंग विस्तार, और आपातकालीन सहायता प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषय शामिल रहे। गृह मंत्री ने सभी राज्यों से आह्वान किया कि बच्चों में कुपोषण को समाप्त करना, ड्रॉप-आउट शून्य करना और सहकारी संस्थाओं ● शेष पेज 11 पर

# रेलवे के यात्री किरायों में वृद्धि की तैयारी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार से उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में




वृद्धि की गयी थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गयी थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गये थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान 04 पैसे प्रति किलोमीटर ● शेष पेज 11 पर

## ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया : मोदी


# सरकार की गरीबोन्मुखी नीतियों के पीछे है नारायण गुरू की प्रेरणा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के शिवगिरी मठ के संत नारायण गुरू को विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा का बड़ा स्रोत बताया है और कहा है कि समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग के लिए उनकी सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं को योगदान है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां विज्ञान भवन में आध्यात्मिकता और नैतिकता का पालन करने वाले भारत के दो महानतम नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर ब्रह्मर्षि स्वामी सच्चिदानंद, श्रीमठ स्वामी शुभंगा-नंदा, स्वामी शारदानंद, केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी, सांसद अडूर प्रकाश भी मौजूद थे।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न केवल हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतन्त्रता के उद्देश्य को, आज़ाद भारत के सपने को ठोस मायने दिये। सौ साल पहले श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात, आज भी उतनी ही प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए, आज भी ऊर्जा के बड़े स्रोत की तरह है। श्री मोदी ने कहा कि श्रीनारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी हैं। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं, श्रीनारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग से मेरा करीबी नाता है। इसलिए आज भी वह जब समाज के शोषित, वंचित वर्ग के लिए बड़े निर्णय लेते हैं तो वह गुरुदेव को जरूर याद करते हैं। उन्होंने कहा कि सौ साल पहले के वो सामाजिक हालात, सदियों की गुलामी के कारण आईं विकृतियाँ, लोग उस दौर में उन बुराइयों के खिलाफ बोलने से



डरते थे। लेकिन, श्रीनारायण गुरु ने विरोध की परवाह नहीं की, वो कठिनाइयों से नहीं डरे, क्योंकि उनका विश्वास समरसता और समानता में था। उनका विश्वास सत्य, सेवा और सौहार्द में था। यही प्रेरणा हमें 'सबका साथ, सबका विकास' का रास्ता दिखाती है। यही विश्वास हमें उस भारत के निर्माण के लिए ताकत देता है, जहां अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लशिवगिरी मठ से जुड़े लोग और संतजन भी जानते हैं कि श्रीनारायण गुरु में और शिवगिरी मठ में मेरी कितनी अगाध आस्था रही है। मैं भाषा तो नहीं समझ पा रहा था, लेकिन पूज्य सच्चिदानंद जी जो बातें बता रहे थे, वो पुरानी सारी बातें याद कर रहे थे। और मैं भी देख रहा था कि उन सब बातों पर आप बड़े भाव विभोर होकर के उसके साथ जुड़ जाते थे। और मेरा सौभाग्य है कि मठ के पूज्य संतों ने हमेशा मुझे अपना स्नेह दिया है। मुझे याद है, 2013 में, तब तो मैं गुजरात में मुख्यमंत्री था, जब केदारनाथ में प्राकृतिक आपदा आई थी, तब शिवगिरी मठ के कई पूज्य संत वहाँ फंस गए थे, कुछ भक्त जन भी फंस गए थे। शिवगिरी मठ ने वहाँ फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार को संपर्क नहीं किया था, शिवगिरी मठ ने मुझे आदेश दिया और इस सेवक पर भरोसा किया, कि भई ये काम तुम करो। और ईश्वर की कृपा से सभी संत सभी भक्तजन को सुरक्षित मैं ला पाया था। उन्होंने कहा, मुझे भारत की आध्यात्मिक परंपरा, ऋषियों-मुनियों की विरासत, उसे करीब से जानने और जीने का सौभाग्य मिला है। भारत की ये विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फँसता है, कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाती है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है। कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है। श्रीनारायण गुरु ऐसे ही महान संत थे। निवृत्ति पंचकम' और 'आत्मोपदेश शतकम्' जैसी उनकी रचनाएँ, ये अद्वैत और आध्यात्म के किसी भी स्टूडेंट के लिए गाइड की तरह हैं। योग और वेदान्त, साधना और मुक्ति श्रीनारायण गुरु के मुख्य विषय थे। लेकिन, वो जानते थे कि कुरीतियों में फंसे समाज का आध्यात्मिक उत्थान उसके सामाजिक उत्थान से ही संभव होगा। इसलिए उन्होंने आध्यात्म को समाज-सुधार और समाज-कल्याण का एक माध्यम बनाया। और श्रीनारायण गुरु के ऐसे प्रयासों से गांधी जी ने भी प्रेरणा पाई, उनसे मार्गदर्शन लिया। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे विद्वानों को भी श्रीनारायण गुरु से चर्चा का लाभ मिला। ● शेष पेज 11 पर

# माफिया मुक्त गाजीपुर अब अच्छी दिशा में बढ़ रहा आगे : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ/गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को विकास की कई सौगात दी। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इससे विकास बढ़ेगा और यातायात की समस्या का समाधान होगा। चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्रवाई होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है।



पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गाजीपुर के 1534 युवा चयनितमुख्यमंत्री ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है।

मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में यहां 1100 करोड़ की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं या कुछ निर्माणाधीन भी हैं। जलजीवन मिशन के अंतर्गत यहां युद्ध स्तर पर कार्य चल रहे हैं। उनकी क्वालिटी को मेंटेन करते हुए हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। माफिया मुक्त जनपद बना गाजीपुरमुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर की जनता-जनार्दन को जल्द ही विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण की सौगात देंगे।

# कानपुर में फोर लेन आरओबी का जल्द शुरू होगा निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन मंदिर के समीप 2 लेन तथा कानपुर में 4 लेन युक्त रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा।

इसके साथ ही, कानपुर से उन्नाव (शुक्लागंज) की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी पर संपर्क मार्गों से युक्त नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। इन तीनों ही परियोजनाओं को पूरा करने का खाका उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने तैयार कर लिया है। इन तीनों परियोजनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि तय की गयी है तथा इन्हें इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में पूरा किए जाने की तैयारी है।

उ.प्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार देवीपाटन मंदिर के समीप तुलसीपुर-गोंडा रेल सेक्शन पर 57 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर लगभग 629 मीटर लंबे रेल ओवरहेड ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 151 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कानपुर में फोरलेन आरओबी का निर्माण होगा। इसके साथ ही जीटी रोड पर फोरलेन फ्लाइओवर तथा घंटाघर के समीप 2 लेन का फ्लाइओवर बनेगा। जबकि, गंगा नदी पर 163 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नया फोरलेन ब्रिज बनेगा। यह दोनों तरफ से ही संपर्क मार्ग से युक्त होगा और पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर दूरी पर (अपस्ट्रीम दिशा में) स्थित होगा। इस प्रकार, इन तीनों ही कार्यों को पूरा करने के लिए 372 करोड़ से अधिक रुपए खर्च किए जाएंगे।

कार्ययोजना में जिन परियोजनाओं की पूरा किए जाने का खाका तैयार किया गया है उसके जरिए विशेष तौर पर कानपुर में कनेक्टिविटी बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत फोरलेन आरओबी का निर्माण कानपुर सेंट्रल-रावतपुर-अनवरगंज रेल सेक्शन पर होगा। इससे कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार में मदद मिलेगी। वहीं, जीटी रोड पर फोरलेन फ्लाईओवर तथा घंटाघर रोड पर टू लेन फ्लाईओवर का निर्माण भी शहरी कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। घंटाघर रोड पर टू लेन फ्लाईओवर का निर्माण लेवल क्रॉसिंग-2 (जरीब चौकी के समीप) होगा। इसके साथ ही, गंगा नदी में पुराने कानपुर-शुक्लागंज के क्षतिग्रस्त पुल के समीप ही नए फोरलेन पुल के निर्माण की योजना है। यह पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर बाएं ओर (अपस्ट्रीम) दिशा में बनेगा। इससे कानपुर और शुक्लागंज की रोड कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा जिससे ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। कानपुर से जुड़ी इन सभी परियोजनाओं को कुल 315 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा। इन्हें भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पूर्ण किया जाएगा।

## गुर्दे से डॉ आर के कुशवाहा सर्जन ने तीन इंच का निकाला पथरी सफल हुआ आपरेशन



**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के हर दिहा सीलौधी मेजा गांव के रहने वाले नेक राम गौतम 32 वर्षीय व्यक्ति के बाये तरफ गुर्दे से 3 इंच की पथरी निकाली गई। डॉक्टर आर के कुशवाहा सर्जन ने बताया कि यह एक दुर्लभ मामला है और पूरी टीम के साथ ऑपरेशन सफल रहा। डॉक्टर ने गुर्दे की पथरी के कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी। गुर्दे की पथरी के कारणों में पानी की कमी, आहार, परिवार का इतिहास और मेडिकल स्थितियां शामिल हैं। लक्षणों में पीठ या पेट में दर्द, पेशाब करने में परेशानी और मतली शामिल हैं। रोकथाम के लिए पर्याप्त पानी पीना, आहार में संतुलन और ऑक्सलेट से बचना जरूरी है। इलाज के विकल्पों में प्राकृतिक तरीके, चिकित्सकीय उपचार और सर्जरी शामिल हैं।

## समाधान वार्तालाप कराने प्रयागराज से तहसील पहुंचे मुख्य राजश्व अधिकारी



**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज प्रयागराज ने कोरांव तहसील का दौरा किया और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों अध्यक्ष राम बहादुर सिंह मंत्री लक्ष्मी कांत शुक्ला और खिन्न अधिवक्ताओं से अलग-अलग बैठक की। बार एसोसिएशन की बैठक में एसडीएम के विरुद्ध कोई आपत्ति नहीं जताई गई, जबकि खिन्न अधिवक्ताओं ने एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की। मुख्य राजस्व अधिकारी ने एसडीएम आकांक्षा सिंह के साथ बैठक कर शासन के निर्देशानुसार कार्य करने और लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## सुहागरात पर दुल्हन ने दूल्हे को चाकू से दी धमकी, बोली- 'टच किया तो 35 टुकड़ों में कर दूंगी''

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शादी के बाद सुहागरात पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नवविवाहिता सितारा ने पति कप्तान निषाद को चाकू दिखाकर धमकी दी कि यदि उसने उसे छूने की कोशिश की तो उसे टुकड़ों में काट देगी। दूल्हे के मुताबिक, यह धमकी तीन रातों तक जारी रही, जिससे वह बुरी तरह डर और सदमे में आ गया। दहशत में आकर दूल्हा हनीमून पर भी नहीं जा सका। 3 मई को जब कप्तान ने अपनी मां को घटना बताई, तो घर में हड़कंप मच गया। पूछताछ पर दुल्हन ने खुलकर कहा कि उसका अमन अमानत नामक युवक से प्रेम संबंध है और वह उसी के साथ रहना चाहती है। परिवार ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई, पंचायत भी हुई, लेकिन इस दौरान दुल्हन मौका पाकर आधी रात को घर की दीवार फांदकर अपने बॉयफ्रेंड अमन के साथ फरार हो गई। अब दूल्हा और उसके परिवार वाले पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का है, जिसकी जांच की जा रही है और फरार प्रेमी युगल की तलाश तेज कर दी गई है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारी बनाये गये अपर मुख्य सचिव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारी बी.एल. मीणा, एल वेंकटेश्वर लू, अनुराग श्रीवास्तव और नरेन्द्र भूषण को प्रोन्नति देते हुए अपर मुख्य सचिव बना दिया गया। यह आदेश मंगलवार को उत्तर प्रदेश कार्मिक और नियुक्ति विभाग की ओर से जारी किया गया है। कार्मिक और नियुक्ति विभाग के अनुसार चारों वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यो में भी विस्तार किया जाएगा। राज्य के प्रशासनिक ढांचे को और भी मजबूत करने की दिशा में चारों अधिकारियों के अनुभव का लाभ लिया जाएगा। चारों वरिष्ठ अधिकारियों की प्रोन्नति पे मैट्रिक्स लेवल 17 के तहत निर्धारित वेतनमान के साथ में मान्य होगी।

## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से खाड़ी देशों की विमान सेवा प्रभावित

लखनऊ। लखनऊ में अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सात खाड़ी देशों के लिए विमान संचालन काफी हद तक प्रभावित हुआ है। मंगलवार को अमौसी एयरपोर्ट के प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से इसकी जानकारी दी गयी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रशासनिक अधिकारियों ने खाड़ी देशों से जुड़ी विमान सेवा के संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है।

## ठेकेदार की गला रेतकर हत्या

लखनऊ,। गुडंबा थाना इलाके में मंगलवार को एक ठेकेदार की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि अर्जुनगंज एन्कलेव में किराये के मकान में रहने वाले ठेकेदार उमाशंकर सिंह का शव बेड पर पड़ा हुआ था। रोजाना की तरह युवती काम करने के लिए पहुंची तो देखा कि कमरा बाहर से बंद था। युवती के पास मौजूद दूसरी चाबी से दरवाजा खोलकर भीतर गयी और बेड पर उमाशंकर की खून से लतपत लाश देखकर उसकी चीख निकल गई। उसने मकान मालिक, पुलिस और आसपास के लोगों को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की फोरेंसिक जांच कर साक्ष्य एकत्र किया।

मकान मालिक मुस्कीम से पता चला है कि ठेकेदार उमाशंकर सिंह सुलतानपुर के रहने वाले थे। चौकीदार के कहने पर उन्होंने अपना कमरा किराये पर उमांशकर को दिया था। उनकी गला रेतकर हत्या की गई है। कमरे की दो चाबी थी।

# वर्चस्ववादी लोग कथावाचन में चाहते हैं एकाधिकार: अखिलेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं।

श्री यादव ने मंगलवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचन का अपमान काण्ड हुआ है। अगर पीडीए समाज से इतना ही परहेज हैं तो वर्चस्ववादी लोग घोषित कर दें कि पीडीए परिवार द्वारा दिया गया चढ़ावा, चंदा, दान, दक्षिणा कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर एकाधिकार स्थापित करना है तो जिस तरह से दावा करते हैं कि धारा 370 खत्म किया, उसी तरह से देश में कानून लेकर आयें कि कथा वाचन का का काम वर्चस्ववादी ही कर सकते हैं और कोई नहीं कर सकता है।



उन्होने कहा कि ये वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादी लोग कभी घर को और कभी मंदिर को गंगाजल से धुलवाकर पीडीए समाज को अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है। भागवत और कथा वाचकों पर हमलाकर वर्चस्ववादी लोग अब तो सीमा लांघ गये है। उन्हें भाजपा सरकार का संरक्षण है। सरकार के संरक्षण की वजह से पीडीए के लोगों का सिर मुड़वा रहे हैं। उन पर पेशाब करा रहे हैं और पिटाई कर रहे है। इटावा में पीडीए समाज के कथा वाचकों को रातभर पीटा गया। बाल मुंड़वा दिया। हरमोनियम, पैसा, चेन सब छीन लिया गया। आखिरकार ये वर्चस्ववादी लोग इतनी ताकत कहां से पा रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि अगर भाजपा को लगता है कि कथा करने पर एक वर्ग का अधिकार है तो वह उसके लिए कानून बना दें। जिस दिन पीडीए समाज ने अपनी कथा कहनी शुरू की दी उस दिन परम्परावादी शक्तियों का साम्राज्य ढह जायेगा। भाजपा राज में पीडीए समाज को हेय दृष्टि से देखा जाता है। सुना है कि देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठी देश की राष्ट्रपति के साथ भी कभी अपमान हुआ था। उन्हें भी हेय दृष्टि का सामना करना पड़ा था।

उन्होने कहा कि जैसे-जैसे पीडीए समाज में चेतना बढ़ रही है वैसे-वैसे उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने के लिए अत्याचार बढ़ता जा रहा है। कौशाम्बी में पाल समाज की बेटी के साथ अत्याचार हुआ। उसके परिवार के लोग अन्याय के खिलाफ खड़े हो गये तो पिता पर मुकदमें लगाकर जेल भेज दिया गया। इनाम घोषित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल उस पीड़त परिवार को न्याय दिलाने के लिए जा रहे थे, पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया। पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया।

श्री यादव ने कहा कि वर्चस्ववादियों को लगता है कि उनके पीछे भाजपा की सरकार खड़ी है। सरकार उन्हें बचा लेगी। लेकिन अब पीडीए की एकता और एकजुटता इसका डटकर जवाब देगी।

# नैनी जेल में मचा हड़कंप, जब सीसीटीवी में नहीं दिखा अतीक का बेटा अली

### हाई सिक्योरिटी सेल में बंद है अतीक का बेटा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज । नैनी सेंट्रल जेल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद पर चल रही सीसीटीवी निगरानी में वह करीब दो मिनट तक दिखाई नहीं दिया।

घटना सोमवार सुबह 7:30 बजे की है, जब अली अपने हाई सिक्योरिटी सेल में खंबे की आड़ में बैठकर नाश्ता कर रहा था। इसी दौरान वह लखनऊ स्थित जेल मुख्यालय की सीधी निगरानी में लगे कैमरों में ओझल हो गया। जैसे ही फीड में उसकी उपस्थिति गायब दिखी, तुरंत लखनऊ से प्रयागराज जेल प्रशासन को अलर्ट कॉल किया गया। बता दें, नैनी जेल के जिस फांसीघर को अब हाई-सिक्योरिटी बैरक में तब्दील किया गया है, वहीं पर अली अहमद को रखा गया है। यह वही ऐतिहासिक फांसीघर है जहां 1970 से पहले 14 कैदियों को फांसी दी जा चुकी है। अली को यहां 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में रखा जाता है क्योंकि वह एक संवेदनशील और हाई प्रोफाइल बंदी है। मामले पर सफाई देते हुए वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर ने बताया कि अली सेल के भीतर ही था और खंबे की स्थिति के कारण कुछ समय के लिए कैमरे से ओझल हो गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कत को तुरंत सुधार लिया गया है और जेल में अब सभी व्यवस्थाएं सामान्य हैं।

# नशे के कारोबार पर गंगानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 100 किलो गांजा बरामद, व्हाट्सएप के जरिए चलता था अवैध नेटवर्क



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर गंगानगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के एक सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में 100 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध गांजा ले जा रहा एक ट्रक भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल नशे की तस्करी में किया जा रहा था। पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह ऑनलाइन व्हाट्सएप के माध्यम से गांजा की सप्लाई का नेटवर्क संचालित करता था। डीसीपी कुलदीप गुनावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गैंग का नेटवर्क प्रयागराज सहित आसपास के जिलों में भी फैला हुआ है और इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। डीसीपी ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मछुआ समाज के अधिकार, सम्मान और उत्थान के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा, उठाएंगे : डॉ संजय कुमार निषाद

लखनऊ/बुलंदशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद मंगलवार को जनपद बुलंदशहर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जनपद की चार तहसीलों डिबाई, अनूपशहर, शिकारपुर एवं खुर्जा में तहसील सभागार में मत्स्य पालकों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की राजस्व संहिता 2016 के अनुसार ग्राम समाज की जल भूमि के पट्टे की नीलामी में पहला अधिकार मछुआ समाज की उप-जातियों का है। तहसील शिकारपुर में निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी को राजस्व संहिता 2016 की अनदेखी करने और मछुआ समाज के लोगों को नजरअंदाज करने के मामले में कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि गांव में पहले से कश्यप समाज के



लोग निवास कर रहे हैं तो पट्टे का पहला अधिकार उन्हीं का है। बाहरी व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी करना राजस्व संहिता 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है। मंत्री ने पुलिस क्षेत्राधिकारी, शिकारपुर को निर्देशित किया कि मामले की नियमानुसार विस्तृत जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। श्री निषाद ने कहा कि वह स्वयं मछुआ समाज का नेतृत्व करते हैं और मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ही निषाद पार्टी का गठन किया गया है। यदि मछुआ समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव किया जाता है या किसी अधिकारी द्वारा कुंठित मानसिकता से कार्य किया जाता है तो यह मुद्दा सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मछुआ समाज के अधिकार, सम्मान और उत्थान के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा, वे उठाएंगे। मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं एसी कमरों और वीआईपी कार्यक्रमों का मंत्री नहीं हूं, मैं मछुआरे के घर जन्मा हूं और गर्मी, सर्दी, बरसात में मेहनत करना मेरे खून में है। मैं किसी भी समय, किसी भी जनपद की तहसील में सीधे मछुआ समाज के बीच कार्यक्रम कर सकता हूं।

# 1 जुलाई से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार समय से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



मुख्य विकास अधिकारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, कृषि, सिंचाई, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, उद्यान समेत सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक टीम भावना के साथ माइक्रोप्लान के अनुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

सीडीओ ने संभावित जल-जमाव वाले क्षेत्रों, तालाबों, खाली प्लाटों और झाड़ियों को चिन्हित कर सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाए। नाले-नालियों की समयबद्ध सफाई, मच्छर जनित रोगों से बचाव और जल-जमाव न होने देने पर विशेष फोकस हो। नगर निगम, मलेरिया विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मिलकर जागरूकता अभियान भी चलाएंगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने दस्तक अभियान के संचालन के लिए एएनएम, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को डोर-टू-डोर सर्वे करने और लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। सभी फील्ड वर्कर्स का समय से प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। सीडीओ ने स्कूलों में भी बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ हर्षिका सिंह ने कहा कि अपने घर और आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता अभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिया कि अभियान को गंभीरता से लें ताकि संचारी रोगों को जड़ से खत्म किया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एमसीएडी योजना से किसानों को पारंपरिक सिंचाई पद्धति से मिलेगा छुटकारा

❒ योजना से एक क्लस्टर, एक फसल मॉडल को मिलेगा बल

❒ अब खेतों में प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क टेक्नोलॉजी से होगी सिंचाई

कनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। इस सुविधा से प्रदेश के किसानों को अब सिंचाई के लिए बारिश या पारंपरिक नहरों पर निर्भर नहीं रहना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को डबल इंजन सरकार की एमसीएडी योजना (मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम ) का लाभ देने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। प्रदेश में पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। यह योजना कमांड एरिया डवलपमेंट और जल प्रबंधन में गेम चेंजर साबित होगी। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की एमसीएडी योजना को धरातल पर उतारने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। इस योजना का उद्देश्य हर खेत तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। इसके जरिये पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडडब्ल्यूएम(कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में, जहां सिंचाई के लिए भूजल पर भारी निर्भरता है, यह योजना जल की बचत के साथ-साथ पंपिंग लागत और बिजली की खपत में भारी कमी लाएगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

# 29 में 23 शिक्षक मिले गैर-हाज़िर बीईओ ने लिखा बीएसए को पत्र

❒ उतरावां प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण, शिक्षा विभाग में हड़कंप



कनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां ,लखनऊ। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के सरकारी दावों की उस समय पोल खुल गई जब मोहनलालगंज के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कनौजिया ने मंगलवार को उतरावां स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 29 शिक्षकों में से 23 शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए।इस भारी अनियमितता से क्षुब्ध खंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल इसकी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए सभी अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।शिक्षकों की लापरवाही से छात्रों का भविष्य संकट में निरीक्षण के दौरान बीईओ कनौजिया ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों का बिना सूचना के गैरहाजिर रहना बेहद गंभीर लापरवाही है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है और यह सरकारी शिक्षा प्रणाली के प्रति विश्वास को कमजोर करता है।

सूत्रों के अनुसार, बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कार्रवाई की जा सकती है। इसमें वेतन रोकने से लेकर निलंबन तक की सिफारिश की जा सकती है।खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कनौजिया ने कहा,हम नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। शैक्षिक अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के शिक्षकों में मचा हड़कंप बीईओ की इस सख्ती के बाद अन्य विद्यालयों में भी शिक्षक सतर्क हो गए हैं और अब उपस्थिति को लेकर सजगता बढ़ती दिख रही है।

यह मामला एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि जब शिक्षक ही जिम्मेदारी से पीछे हटेंगे, तो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव कैसे रखी जाएगी?

# भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा



कनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आदर्श पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन द्वारा गोसाईगंज लखनऊ में मंगलवार को आयोजित भंडारे में पहुंचकर सैकड़ों लोगो ने ग्रहण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद आर के चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गोसाईगंज निखिल मिश्रा जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर यादव , सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। आदर्श पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह व कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडेय का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इसके साथ ही क्षेत्रीय पत्रकार संतोष शर्मा , इरफ़ान अब्बासी मोनू वर्मा, इन्द्रेश यादव, अस्वनी यादव, अशोक सिंह, संरोज सिंह , वरिष्ठ पत्रकार राम दशरथ यादव अनुराग सिंह डॉ0 राजपाल वर्मा, अनुपम मिश्रा, शिवा मिश्रा ज्ञान अनिहोत्री विनय तिवारी समेत कई पत्रकार शामिल हुए।

# अवैध खनन का बोलबाला नहर की पटरी खोद डाला

कनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र इन दिनों अवैध खनन को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। क्षेत्र के बरवलिया, बाबूखेड़ा और नंदौली गांवों में बीते पंद्रह दिनों से खनन माफियाओं द्वारा दिन-रात खुलेआम जेसीबी मशीनों से अवैध खनन का धंधा संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो यह सब कुछ स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।सूत्रों के अनुसार, हाल ही में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता द्वारा मोहनलालगंज के उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला को पत्र लिखकर अवगत कराया गया कि बरवलिया और बाबूखेड़ा गांवों में सड़क किनारे अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों को गंभीर क्षति पहुंच रही है और सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जेई के पत्र में इन खनन गतिविधियों पर रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार निगोहां थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने हर बार माफियाओं को बचाने का ही काम किया। नतीजतन, खनन कार्य बेरोकटोक जारी है और पीडब्ल्यूडी की सड़कों को गड्ढा युक्त व खस्ताहाल बना दिया गया है, जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन दूभर हो गया है।

अवैध खनन का कहर यहीं नहीं थमा। नदौली गांव के किनारे बह रही शारदा सहायक नहर की पटरियों को भी खनन माफियाओं ने रातों रात खोद डाला है। यदि नहर में पानी छोड़ा गया तो गांव में भारी जलभराव व बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को भी फोन कर जानकारी दी, लेकिन वहां से भी मात्र मौखिक आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लिया गया।इस संबंध में क्षेत्रीय सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सुरेश ने बताया कि हमारे कर्मचारी द्वारा मुझे जानकारी मिली है कि नहर की पटरियों के पास खनन किया गया है। इस मामले में बुधवार को निगोहां थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

खनन माफियाओं की मनमानी और शासन-प्रशासन की चुप्पी से क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब शासन-प्रशासन ही माफियाओं के साथ खड़ा हो जाए, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो ताकि क्षेत्र में कानून का राज स्थापित हो सके।

## ऑनलाइन टैक्स भुगतान पर 10% की छूट, 30 जून तक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम लखनऊ द्वारा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाउस टैक्स पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट योजना का लाभ उठाने के लिए अब केवल छह दिन शेष रह गए हैं। यह छूट केवल उन्हीं नागरिकों को प्राप्त होगी जो 30 जून 2025 तक नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट lmc.up.nic.in पर ऑनलाइन एकमुश्त भुगतान करेंगे। नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर टैक्स जमा करें और इस विशेष छूट योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल नागरिकों को राहत देगी, बल्कि नगर निगम के कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित करेगी। महापौर खर्कवाल ने स्वयं इस योजना की शुरुआत अपने निजी आवास का यूजर चार्ज ऑनलाइन जमा करके की। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से केवल उन्हीं भवन स्वामियों को हाउस टैक्स में 10% छूट दी जाएगी, जो एकमुश्त यूजर चार्ज ऑनलाइन माध्यम से जमा करेंगे। जिन लोगों ने केवल हाउस टैक्स जमा किया है या जिन्होंने ऑफलाइन भुगतान किया है, वे इस छूट के पात्र नहीं होंगे। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी नागरिक से ऑनलाइन भुगतान के बाद भी कूड़ा उठाने के नाम पर कोई अतिरिक्त राशि मांगी जाती है, तो वह सीधे महापौर कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 6389200005 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। नगर निगम ऐसी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेगा।

## तीन जोनों में चला अतिक्रमण विरोधी अभियान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम लखनऊ ने मंगलवार को तीन जोनों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-5, जोन-6 और जोन-7 में सड़कों, नालों और सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ठेले, गुमटी, काउंटर, फ्लैक्स बोर्ड और अन्य अस्थाई निर्माण हटाए गए और कुछ मामलों में सामग्री जब्त कर जुर्माना भी लगाया गया। ये अभियान जोन-5 में जोनल अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में आलमबाग से अवध चौराहे तक चलाया गया। इसके अलावा जोन-6 में चौपटिया चौराहे से अकबरी गेट तक की गई कार्रवाई में कई ठेले, काउंटर, गुमटी और 60 अस्थाई दुकानें हटाई गईं। साथ ही लोहे व लकड़ी के काउंटर, फ्लैक्स बोर्ड, स्टूल, बेंच, छाते व अन्य सामग्री जब्त की गई। अतिक्रमणकारियों से ?4000 का जुर्माना भी वसूला गया। स्थानीय थाने को पत्र भेजकर स्थाई निगरानी की मांग की गई। जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में हुई इस कार्यवाही में कर अधीक्षक विजय शंकर, निरीक्षक नेहा, धर्मदेव व टीम 296 सक्रिय रही। वहीं जोन-7 में मुंशीपुलिया स्थित संगीता स्वीट्स के पास नाले पर अतिक्रमण हटाया गया।

## मोहनलालगंज और गुड़म्बा में छह अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को मोहनलालगंज और गुड़म्बा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 और जोन-5 की टीमों ने संयुक्त रूप से छह अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई बिना ले-आउट स्वीकृति के विकसित की जा रही कॉलोनियों पर की गई। मोहनलालगंज के ग्राम शिवढ़रा में लगभग 23 बीघा भूमि पर तीन अलग-अलग समूहों द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। यहां जागेश्वर, कल्लू लाल, शिवपाल, किशन, मिश्रीलाल, राम करन, मंशा राम, शीतल, तथा गुरुबक्श, प्रमोद कुमार और चन्द्रपाल सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा प्लॉट बेचने और अवैध कालोनी बसाने का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण की अनुमति के बिना इस क्षेत्र में बनाई गई सड़कों, सीमांकन और ढांचे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इसी प्रकार, प्रवर्तन जोन-5 की कार्रवाई गुड़म्बा क्षेत्र में हुई, जहां पैकामऊ (कुर्सी रोड) में अनूप जायसवाल व अन्य ने 12,000 वर्गमीटर, ग्राम पलका में मोहम्मद वसीम ने 5,000 वर्गमीटर, तथा नूर आलम ने 10,000 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध रूप से प्लॉटिंग कराई थी। सभी साइटों पर निर्माणाधीन सड़कों, सीमांकन, बोर्ड और अस्थाई निर्माण को प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया।

# अपोलो हॉस्पिटल ने रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में पूरी की सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी

## पांच में से तीन मरीज चुन रहे रोबोटिक सर्जरी का विकल्प




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। अपोलो अस्पताल के मुताबिक अब तक 300 रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई है। इस ट्रिपल सेंचुरी से पहले अपोलो हॉस्पिटल्स ने 100 सबसे तेज़ रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चेयरमैन डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि 300 सफल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का यह पड़ाव हमारी पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। एआई से लैस रोबोटिक आर्म से की गई यह सर्जरी असाधारण रूप से सटीक होती है, जिससे मरीजों को एक पूरी तरह व्यक्तिगत और उपयुक्त इलाज मिलता है। पहले जब मरीजों को इस विकल्प की जानकारी दी जाती थी, तो हर पांच में से एक ही इसे चुनता था। लेकिन अब यह आंकड़ा बदलकर पांच में से तीन हो गया है। ख़ास बात यह है कि यह परिवर्तन केवल शहरी क्षेत्रों में नहीं है। हमारे करीब 50 प्रतिशत मरीज़ लखनऊ शहर से आते हैं और बाकी 50 प्रतिशत बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, सुल्तानपुर, फैजाबाद जैसे शहरों से आते हैं। हॉस्पिटल्स के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा कि हम इस क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस तरह से लोगों ने इस तकनीक को स्वीकार किया है, उससे हम बहुत उत्साहित हैं। ऑर्थोपेडिक्स के अलावा, हम दा विंची एक्सआई रोबोटिक सिस्टम के माध्यम से यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी और कैंसर सर्जरी में भी यह सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक 100 से अधिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

# तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षण संपन्न



कनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र के विदौआ स्थित प्रगति भारती परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ-आशऊ जिला द्वारा तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों को बौद्धिक , शैक्षणिक , शारीरिक अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख नवल जी साथ में क्षेत्र प्रचारक अनिल जी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वर्ग कार्यवाह गिरीश त्रिवेदी ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवल जी एवं अनिल जी द्वारा विकासखंड मोहनलालगंज, विकासखंड गोसाईगंज, विकासखंड सरोजिनी नगर समेत सरोजिनी नगर के लगभग 70 बच्चों को बौद्धिक , शारीरिक अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया । बच्चों को उनके रहन-सहन , लोगों से बातचीत करने का तरीका , शाखा में कैसा व्यवहार करना , सामाजिक समरसता जैसी प्रमुख विषयों पर संवाद किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आर.एस.एस के जिला कार्यवाह डॉ अजीत , वर्ग कार्यवाह गिरीश जी, सह कार्यवाह समर सिंह साथ में विनय , अभिषेक ,हर्ष विक्रम, धीरेंद्र, राहुल , तनुराज, नवरतन, ज्ञान वर्धन, प्रभाकर, हेमराज, रूपेंद्र, सुशील, डॉ प्रमोद , कुलदीप ,वतन समेत एक से अधिक बच्चे प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## सपा कार्यालय पर मनाया गया महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में सभी जिला पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को बांदा जिले के कालिंजर किले में हुआ था। बचपन से ही दुर्गावती को घुड़सवारी, तलवारबाजी और तीरंदाजी जैसे युद्ध कलाओं में रूचि थी। रानी दुर्गावती की उनकी वीरता, साहस और मातृभूमि के प्रति प्रेम के लिए याद किया जाता है। उन्हें भारत की महान वीरांगनाओं में से एक माना जाता है। 24 जून 1564 को मुगल सेना से लड़ते हुए उन्होंने वीरगति प्राप्त की। महारानी दुर्गावती के सम्मान में 24 जून को 30प्र0 में गोंड आदिवासी समुदाय द्वारा बलिदान दिवस मनाने की परम्परा है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव चौधरी ज्ञान सिंह, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टी0बी0 सिंह, वरिष्ठ नेता भरत यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, इब्राहीम मंसूरी, अनिल पासी, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, शगीर अहमद 'अंगूर', फारूख प्रधान, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मयाराम वर्मा, राजशेखर दीक्षित, आकाश रावत, सतीश यादव एवं संजीत यादव के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से दंपत्ति की दर्दनाक मौत



कनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । थाना क्षेत्र के अधैया गांव में मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग दंपत्ति की कमरे में मृत अवस्था में लाशें मिलीं। मिली जानकारी के अनुसार अधैया निवासी रमाशंकर दीक्षित (85) व? उनकी पत्नी सरला देवी (80) की मौत कमरे में लगे फर्राटा पंखे में करंट उतर आने के कारण हो गई। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह सुबह जब दोनों बुजुर्ग बाहर नहीं निकले तो घरवालों को चिंता हुई। दंपति की नातिन रूबी जब उन्हें जगाने कमरे में पहुंची, तो उसने देखा कि नाना-नानी जमीन पर मृत अवस्था में पड़े हैं और पंखा सरलादेवी के सिर के ऊपर गिरा हुआ है। यह दृश्य देखकर रूबी जोर-जोर से चिल्लाती हुई बाहर भागी और उसने बड़ी मामी निर्मला को इसकी जानकारी दी।घटना की खबर मिलते ही रमाशंकर दीक्षित के बड़े बेटे सुरेंद्र दीक्षित, पोते दीपक और नीरज सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर पंखे को हटाया और शवों को कमरे से बाहर निकाला। इस दर्दनाक हादसे की खबर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में फैलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों के अनुसार, फर्राटा पंखे में करंट आ गया था, जिससे पहले शायद सरलादेवी उसकी चपेट में आईं और उन्हें बचाने के प्रयास में रमाशंकर दीक्षित भी करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।बुजुर्ग दंपति की एक साथ हुई इस दुखद मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि रमाशंकर दीक्षित और सरलादेवी गांव में अपने शांत स्वभाव और सामाजिक व्यवहार के कारण बेहद आदरणीय थे। दोपहर बाद परिजनों ने गांव में ही विधि-विधान से दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है और शुरुआती तौर पर इसे करंट लगने से हुई मौत माना जा रहा है।

# जल निगम की लापरवाही के चलते जनता हो रही हलकान

कनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के सरोजिनी नगर वार्ड द्वितीय 18 में अमृत योजना के अंतर्गत डाली गयी पानी की पाइपलाइन के कार्य में जल निगम व ठेकेदार की लापरवाही से क्षेत्रवासियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय पार्षद राम नरेश रावत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया गया है कि पिछले डेढ़ वर्ष से बदाली खेड़ा इलाके में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। इस दौरान ठेकेदार द्वारा सड़क को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया उखड़ी हुई इंटरलॉकिंग टाइल्स को भी नहीं लगाया गया है जिससे लोगों का पैदल चलना और वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। पार्षद रावत ने आरोप लगाया है कि सड़क को दोबारा पक्का करने की जिम्मेदारी से जल निगम अधिकारी व ठेकेदार बचते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल निगम की लापरवाही के कारण क्षेत्र में इंटरलॉकिंग ईंटों से बनी सड़कें खोदने के बाद जस की तस छोड़ दी गई हैं, जिससे कीचड़ और गड्ढों में राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है जिससे स्थिति और बदतर हो गई है कुछ दिन बाद बच्चों के स्कूल भी खुल जाएंगे जिससे कि बच्चों को भी स्कूल जाने में और मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदार और जल निगम के अधिकारियों से जब इस बारे में बात की गयी तो उनका जवाब था मेरा काम सड़क खोदना है बनाना नहीं यदि आपको सड़क बनवाना है तो आपको नगर विकास प्रमुख सचिव से बात करनी होगी। पार्षद ने पत्र लिख कर मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के कार्यों की जांच कराकर सड़क को शीघ्र ही मरम्मत करवाया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## हिन्दू धर्मस्थलों के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा सरकार : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि हिंदुत्व के नाम पर आई भाजपा सरकार लगातार हिंदू धर्म के स्थलों के साथ खिलवाड़ कर रही है। श्री राय ने मंगलवार को यह एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया। फिर अयोध्या में अधूरे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई और अब दोबारा प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जो कभी नहीं होता है। मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर उनकी निगाह है, उसके बाद अब वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं। जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**मार्गों के किनारे से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने तथा चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर प्रभावी सुरक्षात्मक उपाय किए जाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु भी किया निर्देशित**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने सभी अवैध कटों की शीघ्र पहचान कर उन्हें बंद कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, पुलिस एवं नगर पालिका के अधिकारी नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित करें, जिससे जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाय वहां पुनः अतिक्रमण न हो सके। दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिन्हित स्थलों पर संकेतक स्थापित करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। यातायात बाधित करने वाले विद्युत पोलों को निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार स्थानांतरित कराए जाने के निर्देश भी दिए। सीतापुर बहराइच मार्ग पर लेन मार्किंग का कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। सीतापुर मिश्रिख मार्ग पर स्थित रामकोट में सड़क ठीक कराए जाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि बार बार नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना के घायलों के बेहतर इलाज हेतु निर्धारित पोर्टल पर समय से डाटा फीड कराए जाने के निर्देश भी दिए।बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, नगर पालिका परिषद सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जागरूकता से ही रुकेगा मानव वन्यजीव संघर्ष: एसडीएफओ

कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर। मानव- वन्य जीव संघर्ष का मुख्य कारण वन क्षेत्र में मनुष्य का अतिक्रमण है। इस संघर्ष को रोकने के लिए जन जागरूकता बहुत ही आवश्यक है। ये बातें सब डिविजनल फॉरेस्ट अफसर विकास कुमार यादव ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में चल रही कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर वन्य जीव मनुष्य पर हमला नहीं करते हैं लेकिन ऐसे अनेक कारण हैं जिससे यह मनुष्य के क्षेत्र में भी आने लगे हैं। ऐसे में यदि कोई घातक वन्य जीव दिखाई दे तो इसकी तुरंत सूचना वन विभाग को दी जानी चाहिए। वनकर्मी तत्काल उसे क्षेत्र में पहुंचकर समस्या का हल निकालेंगे। उन्होंने इस समस्या के निदान के लिए विद्यालयों और ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम करने पर बल दिया। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में चल रही इस कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं बताईं, जिनका वन अधिकारियों ने समाधान बताया। वन विभाग के ही जेपी वर्मा ने कहा कि यदि हम सावधानी और सतर्कता बरतें तो वन्य जीवों से संघर्ष टाला जा सकता है। कार्यशाला में शिक्षक इस विषय पर कठपुतली नाटक भी तैयार कर रहे हैं जिन्हें प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। डाइट के प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चल रही इस कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में डॉ. वीपी सिंह, तारिक बदर, डॉ. अनूप चतुर्वेदी श्रीनारायण श्रीवास्तव ने पटकथा लेखन, पुतुल निर्माण और नाटक प्रस्तुतिकरण की बारीकियां बताई।

## समाचार सुर्खियों के बाद भी नहीं थम रहा मनरेगा मजदूरी में फर्जी हाजिरी का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददात





खैराबाद, सीतापुर। विकासखंड खैराबाद के अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में श्रमिक हाजिरी का फर्जी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। उक्त श्रमिक भ्रष्टाचार आए दिन समाचार पत्रों में सुर्खियां बटोरने के बावजूद भी प्रशासनिक जिम्मेदार मौन बने रहते हैं। ग्राम पंचायत पहाड़पुर में संपर्क मार्ग पटाई के नाम पर चल रहे कार्य में 90 मजदूरों की ऑनलाइन पोर्टल पर उपस्थित लगाई जा रही है। 1693 से 1701 संख्या तक मास्टर रोल अपलोड किए गए हैं। प्रत्येक मास्टर रोल पर 10 मजदूरों की उपस्थिति अपलोड की गई है। जबकि मास्टर रोल पर अपलोड फोटो एवं अंकित मजदूरों के नाम में महा भ्रष्टाचार उजागर होता दिखाई पड़ रहा है। कुछ मास्टर रोल पर महिलाओं के नाम अंकित हैं जबकि अपलोड फोटो से महिलाएं गायब हैं। प्रत्येक मास्टर रोल पर अपलोड फोटो में एक ही मजदूरों की फोटो दिखाई पड़ रही है। फिर भी जिम्मेदार कार्य को गति देने में माहिर नजर आते हैं। एपीओ खैराबाद पत्रकारों को लिख पढ़कर कार्यवाही कराने की खुलेआम चुनौती देते हैं। ऐसे जिम्मेदार कहीं ना कहीं सरकार की छवि को धूमिल करने में पूरी कोशिश करते नजर आते हैं। अब देखना होगा खंड विकास अधिकारी खैराबाद उक्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा पाते हैं। या फिर ऐसे ही संरक्षण प्राप्त लोग भ्रष्टाचार में माहिर रहेंगे।

## दबंगों से परेशान होकर पीड़ित ने दी पुलिस को तहरीर,कार्रवाई की मांग

सीतापुर। जनपद के थाना महोली क्षेत्र के रहने वाले मोनू दीक्षित पुत्र सतीश कुमार दीक्षित निवासी ग्राम नरनी थाना महोली जिला सीतापुर द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि दिनांक 23 जून 2025 को सुबह उनके गांव की बिटोली देवी पत्नी चंद्र प्रकाश दीक्षित अरुणेश दीक्षित पुत्र चंद्र प्रकाश दीक्षित अपनी अपनी दबंगई गुंडागर्दी के बल पर गांव में स्थित पीड़ित के खेत में जबरदस्ती पिलर निर्माण कार्य कर रहे थे।आरोप है कि जब पीड़ित ने उनको पिलर का निर्माण कार्य करने से मना किया तो उपरोक्त लोगों ने मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने के साथ मारपीट गाली गलौज करने लगे और अपमानित किया तथा अमादा फौजदारी होते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।पीड़ित का आरोप है कि उनका मजदूर गुड्डू रैदास निवासी ग्राम नरनी उनके खेत पर जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए तार लगा रहा था जिसको विपक्षी लोगों ने तार लगाने से मना किया और गाली गलौज करने तथा उसे भी जान से मार देने की धमकी देकर खेत से भगा दिया।विपक्षी लोग काफी दबंग हेकड़ किस्म के व्यक्ति हैं और लगातार जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं।

## भ्रष्टाचार को लेकर सीडीओ व उपायुक्त श्रम मनरेगा को लिखा पत्र

**सीतापुर राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी के प्रदेश महाचिव द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त श्रम मनरेगा से योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा, सीतापुर। सीतापुर राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी के प्रदेश महाचिव द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त श्रम मनरेगा पत्र दिया गया। दिये गये पत्र में प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जनपद सीतापुर मनरेगा योजना अन्तर्गत तैनात तकनीकी सहायक मनरेगा के स्थान्तरण के सम्बन्ध में जो अपने ही विकास खण्ड में तैनात है और लगभग बीस वर्षों से एक ही विकास खण्ड में तैनात है जिससे ब्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है इसलिये काफी वर्षों से तैनात तकनीकी सहायक का स्थान्तरण किया जाये उन्होने कहा कि जनपद के विकास खण्डों में तैनात तकनीकी सहायक मनरेगा की तरफ आकर्षित कराना चाहते हैं कि प्रथम तैनाती से आज तक एक ही विकास खण्ड में तैनात है वही उनका मूल विकास खण्ड है जिस कारण काफी वर्षों से तैनात तकनीकी सहायक मनरेगा द्धारा अपनी भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी मजबूत हो गई है कि अगर कभी किसी तकनीकी सहायक मनरेगा का अगर स्थान्तरण किया भी गया तो अपना स्थान्तरण रूकवा लिया या कुछ समय बाद उसी विकास खण्ड में पुनः वापसी करा लिया गया है जिस कारण मनरेगा के कच्चे और पक्के कार्यों में ब्यापक भ्रष्टाचार किया गया है और जबकि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में व्यापक भ्रष्टाचार ब्यात है जिसको रोकने में तैनात विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी नाकाम साबित हो रहें हैं उसका कारण वह उसी विकास खण्ड के मूल निवासी होने के कारण काफी राजनीति में मज़बूत रहते हैं जिस कारण खण्ड विकास अधिकारी के आदेश को नहीं मानते हैं और जिस कारण मनमर्जी से भ्रष्टाचार करने में लगे रहते हैं और इसके द्धारा स्टीमेट भी बढाकर बनाते और एम ,बी भी बढाकर करते हैं कच्चे कार्य में बहुत से ऐसे कार्य हुऐ है जो केवल कागजो पर हुऐ लेकिन धरातल पर है कुछ भी नहीं ऐसी स्थिति में जिन तकनीकी सहायक मूल विकास खण्ड के निवासी हो और प्रथम तैनाती से उसी विकास खण्ड में तैनात है उनका स्थान्तरण किया जाना अति आवश्यक है पत्र देते समय शोभित मिश्रा जिला महासंचिव, अमन, नसीम जिला सचिव, अभय प्रताप, मेराज अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## स्वास्थ्य सुरक्षा पर डीएम का फोकस: सुदूर क्षेत्र तक सिजेरियन सुविधा, संचारी रोग नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश

**निघासन सीएचसी पर सिजेरियन की सुविधा शुरू, अब जिले में छह केंद्रों पर उपलब्ध**

**1 जुलाई से खीरी में चलेगा रोगों पर वार, दस्तक अभियान से होगा घर-घर सतर्कता का संचार : डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने दोहरी रणनीति के साथ मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार की देर शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में जहां एक ओर विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की रणनीति तय की गई, वहीं दूसरी ओर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में व्यापक समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए।

**1 से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण, 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान**

डीएम ने अटल सभागार में अंतरविभागीय समन्वय बैठक में स्पष्ट किया कि वेक्टर जनित, संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर नियंत्रण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा, जो नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, शिक्षा, पशुपालन, बाल विकास, कृषि व सिंचाई जैसे विभागों के सहयोग से जनपद से लेकर गांव तक अभियान को संचालित करेगा।उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर दस्तक देकर संभावित रोगियों की पहचान करने व आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। डीएम ने लोगों से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी कर अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

**स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा: रिक्त पद भरने, सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में पूरी सक्रियता के साथ उतरने का निर्देश दिया। उन्होंने 205 आशा व 16 संगिनी पदों को शीघ्र भरने, पोर्टल फीडिंग अद्यतन रखने, चिकित्सकों के बेहतर व्यवहार सुनिश्चित कराने, संस्थागत प्रसव की नियमित रिपोर्टिंग तथा भुगतान की समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने आरसीएच, जन्म-मृत्यु पंजीकरण व आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वयित कार्य करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक में ओपीडी की स्थिति, आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा, पीएम मातृत्व वंदना योजना, स्टिलबर्थ रेश्यो, कुष्ठ व क्षय उन्मूलन, दृष्टिहीनता निवारण, ई-संजीवनी, परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा हुई।

**उपलब्धि : पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर गडङ्क्ट से प्रमाणन, डीएम ने की सराहना**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार की नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (गडङ्क्ट) प्रमाणन प्राप्त होने पर बधाई दी। इनमें अंबुपुर, खरवाहिया, संसारपुर, अदलीशपुर व भौवापुर शामिल हैं। डीएम ने अन्य केंद्रों को इनसे प्रेरणा लेने को कहा।

**निघासन सीएचसी पर सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू, धौरहरा में भी प्रयास जारी**

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अवगत कराया कि कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में अब संस्थागत प्रसव के लिए इलेक्टिव सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। इससे क्षेत्रीय गर्भवती महिलाओं को अब ज़िला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब जिले में सिजेरियन सेवा उपलब्ध सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पलिया, गोला, मितौली, मोहम्मदी और निघासन। वहीं धौरहरा सीएचसी में भी इस सुविधा को शुरू करने के लिए प्रयास तेज़ी से जारी हैं। इस सुविधा से मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बैठक में सीएमएस डॉ आरके कोली, डॉ ज्योति मेहरोत्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, एसीएमओ डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डॉ धनीराम, डॉ प्रमोद वर्मा, डीपीएम अनिल यादव, डीपीओ भारत प्रसाद, सभी बीडीओ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाले के अभाव में बारिश में डूबते हैं घर, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खीरी। एक ओर जहाँ मानसून की दस्तक से आमजन को गर्मी से राहत की उम्मीद होती है, वहीं अपनी मिठास के लिए देश विदेश मे प्रशिद्ध मैगलगंज कस्बा के लिए बरसात हर साल परेशानी और तबाही का पैगाम बनकर आती है। कस्बे में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के दौरान गलियों और घरों में पानी भर जाता है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। *औरंगाबाद रोड पर नहीं है नाले का निर्माण, हालात गंभीर*कस्बा मैगलगंज स्थित औरंगाबाद रोड पर वर्षो से नाले का निर्माण कार्य नहीं हुआ है, जिसके चलते बरसात में सड़कों पर पानी जमा हो जाता है और आस-पास के घरों में भी पानी घुस जाता है। यह समस्या हर साल दोहराई जाती है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।*मानसून आने को तैयार, जिम्मेदार अभी भी सो रहे हैं*बरसात अब सिर पर है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर जलनिकासी की कोई ठोस तैयारी नहीं दिख रही है।*◦जनता की मांग ऽ हो स्थायी नाला निर्माण कार्य*◦आम जनता प्रशासन से नाला निर्माण कि मांग कर रही हैं◦औरंगाबाद रोड सहित पूरे कस्बे में स्थायी नालों का निर्माण तत्काल कराया जाए।◦बरसात शुरू होने से पहले जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए।हर वर्ष बरसात के मौसम मे यही हाल होता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बीमारियाँ फैलती हैं, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं. | 1174–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 23.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत हरचन्दपुर, ऊँचाहार और दरियापुर गुड्स शेड के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 81,38,662.12/– (इक्यासी लाख अड़तीस हजार छः सौ बासठ रुपये एवं बारह पैसा) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,62,800/– (एक लाख बासठ हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 22.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1174–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 23.06.2025 1895/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बाघ के हमले से घायल किशोर की इलाज के दौरान हुई मौत

**सोमवार की शाम घास काटते समय बाघ के हमले से घायल हुआ था किशोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। गोला पश्चिमी बीट वन क्षेत्र के रत्नापुर में सोमवार की शाम बाघ के हमले से घायल कुकरा निवासी बारह वर्षीय किशोर प्रमोद कुमार की मौत लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हो गई। किशोर की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई सोमवार की शाम कुकरा निवासी 12 वर्षीय प्रमोद कुमार गौतम अपने छोटे भाई बादल के साथ रत्नापुर के पास सड़क किनारे ही घास काट रहा था। अचानक गन्ने के खेत से निकलकर बाघ ने उस पर हमला कर दिया था। 10 वर्षीय छोटा भाई बादल चीखने चिल्लाने लगा था। प्रमोद कुमार किसी तरह बाघ से संघर्ष करके छूट कर धान के खेत की ओर भागा था परंतु धान के खेत में ही गिर पड़ा था आसपास के कृषकों ने मौके पर पहुंचकर उसकी जान बचाई थी तथा उसे बाइक से लेकर बांकेगंज सीएचसी पहुंचे थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया था मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

### वृद्ध आश्रम में अनियमितता का आरोप

लखीमपुर। शहर के सलेमपुर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों के नाम पर की जा रही भारी अनियमित। वृद्धजनों ने सोमवार को डीएम से की थी शिकायत। बोले वृद्ध जन साहब खाना चाय नाश्ता समय से नहीं मिलता। दूध में ज्यादा पानी मिलाकर दिया जाता है। फल वितरण नहीं होते। वृद्ध जनों को डीएम से शिकायत करना पड़ा भारी। आश्रम संचालक शिकायतकर्ता वृद्ध को आश्रम से निकालने की तैयारी में। उच्चाधिकारियों को अच्छा अच्छा दिखाने के लिए कराया जा रहा बेहतर कवरेज।

## कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग मतदाताओं से सम्बन्धित गठित जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग मतदाताओं से सम्बन्धित गठित जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण कार्यालय सहित अन्य सम्बंधित विभागों से दिव्यांगों की सूची प्राप्त कर ली जाय। दिव्यांगजनों की सूचना को बूथ वार संकलित कराते हुए इसकी मैपिंग भी कराई जाय।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जो दिव्यांगजन नामांकित नहीं है, उनकी पहचान कर मतदाता सूची में उनके नामांकन में सहायता की जाए। सुगम मतदान केन्द्र और सुगम मतदाता जागरूकता अभियान सहित बाधा मुक्त वातावरण तैयार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी अपर जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की कुशल एवं प्रभावी भागीदारी के संबंध में आयोग द्वारा जारी विभिन्न निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए जिले में सभी प्रशिक्षणों में दिव्यांगजनों की विशेष आवश्यकताओं के बारे में संवेदनशीलता का एक घटक भी शामिल किया जाय। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के नामांकन और संवेदीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन भी कराया जाय। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों की चुनावी भागीदारी बढ़ाने तथा दिव्यांगजनों में से मतदान बूथ स्तर, मतदान केंद्र स्तर तथा जिला स्तर पर आइकन की नियुक्ति की जाय। बैठक के दौरान जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग समेत अन्य लोग मौजू रहे।

## उप जिलाधिकारी मिश्रिख द्वारा शोभा यात्रा के लिए दी गई अनुमति



सीतापुर। मिश्रिख क्षेत्र में आगामी 29 जून को सवर्ण आर्मी के द्वारा एक भव्य जागरूकता शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए उप जिलाधिकारी मिश्रिख द्वारा विधिवत अनुमति प्रदान की गई है। यह यात्रा सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक समरसता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।जिला संयोजक शिवम तिवारी , अधिवक्ता भास्कर पांडेय , जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर पाण्डेय , जिला उपाध्यक्ष दीपांशू दीक्षित , तहसील अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव , तहसील संयोजक अजय चौबे , मदन मोहन मिश्रा , सुधीर तिवारी के अनुसार शोभा यात्रा का उद्देश्य धार्मिक संदेश युवाओं की भागीदारी और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी झलकियां देखने को मिलेंगी। यात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए लोगों को जागरूकता का संदेश देगी।

### सूचना

मै कलीम खां पुत्र मो0 अमीनुद्दीन खां निवासी प्रेमनगर दक्षिणी, नगर पं0. सिधौली जिलाः सीतापुर का निवासी हूॅ जो कि शपथ पूर्वक बयान करता हूॅ कि इस शपथ पत्र में जो कुछ लिखा गया है। वह सब सत्य' व सही है श्रीमान जी से कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है। ईश्वर मेरी मदद करे। 1. यह कि शपथी उपरोक्त पते का मूल निवासी है। 2.यह कि शपथी के पुत्र व दो पुत्री का जन्म बी.सी.एम. हॉस्पिटल खैराबाद सीतापुर में हुआ था जिनका जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद खैराबाद से बनवाया गया था । 3. यह कि शपथी के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में शपथी का नाम मो0 कलीम खान व शपथी की पत्नी का नाम रूमाना खान व पता मो0 प्रेम नगर सीतापुर दर्ज है जबकि सही नाम कलीम खां व शपथी की पत्नी का नाम रूमाना खातून व पता मो0 प्रेम नगर सिधौली, सीतापुर सही है। 4. यह कि शपथी की पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में AYESHA KALEEM KHAN दर्ज है जबकि सही सही नाम AYESHA KALIM KHAN है ।5. यह कि शपथी की पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में AAMINA KALIM KHAN दर्ज है जबकी सही नाम AMINA KALIM KHAN है तथा पुत्री की जगह पुत्र दर्ज है जबकी शपथी की पुत्री है। यह कि शपथी द्वारा 6. यह कि शपथी द्वारा दी गयी जानकारी सत्य व सही है। सत्यापन--मैं शपथी किसी उपरोक्त शपथ-पत्र की धारा 1. ता 2 को अपने निजी ज्ञान से सत्य व सही होना प्रमाणित करती हूँ।

# कलयुगी बेटे ने मां का दुपट्टे से गला कस बेड में किया बंद, मौत

## शहर के रावतपुर इलाके की घटना, बड़े बेटे ने घटना की दिया अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । रावतपुर थाना क्षेत्र में 12वीं के छात्र ने मामूली विवाद के बाद मां का दुपट्टे से गला कसकर निर्मम हत्या कर दी। मां को मृत समझ कर कलयुगी बेटे ने उसे बेड में बंद कर दिया। कुछ देर बाद घर पहुंचे छोटे भाई ने बेड के बाहर दुपट्टा लटका देखा तो घटना की जनकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेड खोलकर देखा तो महिला की सांसे चल रही थी। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लेकर जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रावतपुर इलाके में रहने वाले सुभाष सचान मार्केटिंग का काम करते हैं। ऐसे में वह अक्सर घर के बाहर ही रहते है। अभी भी काम के सिलसिले से शहर के बाहर हैं। परिवार में पत्नी उर्मिला और ग्याहरवीं में पढ़ने वाला अमन और बाहरवीं में पढ़ने वाला सत्यम (आरोपित) दोनों ही अर्मापुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में पढ़ते हैं। छोटे बेटे अमन ने बताया कि मुझे स्कूल जाने में देरी हो रही थी इसलिए मम्मी ने भइया को झाड़ू लगाने के साथ-साथ बर्तन धोने को भी बोल दिया। इस बात पर गुस्साया बड़ा भाई मम्मी से झगड़ा करने लगा। मैं स्कूल चला गया जब घर वापस लौटा तो मम्मी कहीं दिखाई नहीं दीं। इसी बीच जब मैंने बेड की तरफ ध्यान दिया तो मम्मी का दुपट्टा बेड के बाहर लटक रहा था। जैसे-तैसे मैंने बेड खोला तो उनके गले में दुपट्टा कसा था और उनकी सांसे चल रहीं थीं। इसके बाद मैंने मां को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस महिला को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। एसीपी कल्याणपुर रंजीत कुमार ने मंगलवार को बताया कि घर के छोटे बेटे ने ही घटना की सूचना पुलिस को दी थी। जब पुलिस पहुंची तो महिला जिंदा थी लेकिन इलाज के दौरान उनकी सांसे थम गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपित बेटे को भी हिरासत में ले लिया है।

## अवैध असलहों के दम पर सीमेंट फैक्ट्री से ले गए ट्रक

हमीरपुर । फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सीमेंट लदाने आए ट्रक को सुमेरपुर फैक्ट्री कर्मियों ने संदेह होने पर अंदर यार्ड में खड़ा करा लिया। घटना से बौखलाए ट्रक मालिक ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ अवैध असलहों की दम पर फैक्ट्री आ धमका और सुरक्षा कर्मियों के सीने में तमंचा लगाकर फैक्ट्री का गेट तोड़कर ट्रक को लेकर फरार हो गया। मंगलवार को प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।जेके सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि गत 22 जून को रात 10 बजे ट्रक संख्या यूपी 95टी 4261 सीमेंट लादने के लिए फैक्ट्री में दाखिल हुआ था। संदेह होने पर ट्रक के चेचिस नंबर के साथ नंबर प्लेट की जांच की गई तो फर्जी पाया गया। इसके बाद कर्मियों ने ट्रक को जब्त करके फैक्ट्री के यार्ड में खड़ा करा दिया। इसकी सूचना पाकर ट्रक मालिक सुमित गुप्ता ने कर्मियों को फोन पर धमकी दी। लेकिन ट्रक नहीं छोड़ा गया। इससे बौखला कर सुमित गुप्ता 23 जून को रात 10 बजे आधा दर्जन अज्ञात लोगों के साथ जेके सीमेंट फैक्ट्री आ धमका और मुख्य गेट पर मौजूद सुरक्षा गार्ड के सीने पर अवैध तमंचे लगाकर अंदर दाखिल हो गए और फैक्ट्री का गेट तोड़कर जबरिया ट्रक लेकर फरार हो गये।

## एम्प्लाई ऑफ द मंथ'' सम्मान से नवाजे गए लोको पायलट अमित कुमार

झांसी । मंडल के अंतर्गत कानपुर-बांदा रेलखंड पर कार्यरत गाड़ी संख्या 64602 के लोको पायलट अमित कुमार ने अपनी ड्यूटी के दौरान अत्यंत सतर्कता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक संभावित दुर्घटना को समय रहते टाल दिया। इसके लिए उन्हें आज एम्प्लाई ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया।आठ मई 2025 को जब गाड़ी पतारा-घाटमपुर खण्ड में संचालित हो रही थी। उस दौरान ट्रैक पर कार्यरत की-मैन द्वारा लाल झंडी दिखाए जाने पर अमित कुमार ने तुरंत आपात ब्रेक लगाकर गाड़ी को किलोमीटर संख्या 1397/14-12 पर सुरक्षित रूप से रोक दिया। निरीक्षण के दौरान किलोमीटर संख्या 1397/03-02 पर रेल पथ में नेल फ्रैक्चर पाया गया। उन्होंने तत्क्षण इस स्थिति की सूचना सभी संबंधित अधिकारियों को दी। इसके उपरांत 20 किमी प्रति घंटे की गति से सावधानीपूर्वक उक्त स्थान को पार किया। बाद में एसएसई/पी-वे द्वारा स्थल का निरीक्षण कर 30 किमी प्रति घंटे का सतर्कता आदेश लागू किया गया।इस कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा आज अमित कुमार को दो हजार रुपये के नकद पुरस्कार के साथ ''एम्प्लाई ऑफ द मंथ'' सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेल प्रशासन अमित कुमार जैसे सतर्क, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों पर गर्व करता है और अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित करता है।

## एआरएम ने चलती बस में खर्राटा मारने वाले परिचालक को थमाया नोटिस

हमीरपुर । झांसी से राठ आ रही रोडवेज बस में डयूटी के दौरान परिचालक का बस संचालन के दौरान दो सीटों पर सोने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियों में बस चालक बस को चलाता जा रहा है जबकि डयूटी के दौरान परिचालक सीट पर लेट कर सोते हुए जा रहा है। मंगलवार को रोडवेज के एआरएम संतोष कुमार ने बताया कि परिचालक को नोटिस देकर जवाब तलब किया जा रहा है। इसके बाद परिचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब है कि सोमवार की रात करीब 2.30 बजे राठ रोडवेज की बस संख्या यूपी 78केटी 2837 झांसी से राठ के लिए एक दर्जन से अधिक सवारियों को बैठाकर चली। बस के परिचालक सलीम ने सवारियों का टिकट बनाकर डयूटी के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए गेट खुला छोड़ आगे की दो सीटों पर पैर फैलाकर सो गया। इस दौरान बस में मौजूद सवारियों ने जब आगे की सीटों पर बैठने की बात कही तो उन्हें झिल्लाते हुए पीछे बैठा दिया। आगे बैठी सवारियों ने परिचालक सलीम का सोते हुए वीडियो बना लिया। वीडियो के वायरल होने एआरएम संतोष कुमार ने मंगलवार को परिचालक को नोटिस देकर जवाब तलब करने की बात कही। बताया कि इसके बाद परिचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## देवरिया में एआरएम के बेटे की सड़क हादसे में मौत

देवरिया । सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को हुए मार्ग दुर्घटना में रोडवेज एआरएम के बेटे की मौत हो गई है। उसका साथी घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई कर रही है।आजमगढ़ जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र के रामपुर के रहने वाले कपिल देव प्रसाद देवरिया रोडवेज में एआरएम है। उनका बेटा इन्द्रेश कुमार पाटिल (33) ओपो कंपनी में टीएसएम के पद पर कार्य करते थे। आज इंद्रेश सिद्धार्थ नगर जिला के जोगिया थाना क्षेत्र पारानागा निवासी अमन श्रीवास्तव (30) के साथ बाइक से कंपनी के काम से बरहज गए थे।वापस लौटते समय सोनूघाट बरहज मार्ग पर गड़ेर गांव के पास सामने से एक ट्रक आया, जो गड्ढे से होते हुए निकला। इस ट्रक के पहिये से छिटककर एक पत्थर उनकी बाइक के नीचे आ गया। बाइक बेकाबू होकर पलट गयी, जिसमें पीछे बैठे इंद्रेश और बाइक चला रहे अमर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने इंद्रेश को मृत मृत्यु घोषित कर दिया।बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिता अपने अन्य कर्मियों के साथ अस्पताल पहुंचे। सूचना पर एडीएम प्रशासन और सीओ सिटी भी इमरजेंसी पहुंचे। अधिकारियों ने ?पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए शांत कराया। वहीं सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम भेज दिया(

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

मीरजापुर, । हलिया थाना क्षेत्र के पथरहवा करनपुर गांव में मंगलवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान 27 वर्षीय किरन पत्नी संतलाल कोल के रूप में हुई है।घटना उस समय सामने आई जब मृतका के बच्चों ने मां को फांसी पर लटका देखा और जोर-जोर से रोने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर जुटे ग्रामीणों ने महिला को फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पति रोजगार के सिलसिले में ओडिशा गया हुआ है। सास-ससुर की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जिससे वह घर में अकेली बच्चों के साथ रह रही थी।

# अजय प्रताप सिंह और यशपाल सिंह बने राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन ने अपने संगठन के लिए प्रदेश मीडिया प्रभारी के चयन की घोषणा की है। यह चयन संगठन के मानवाधिकार संरक्षण और जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।चयन प्रक्रिया में कई योग्य उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया, जिसमें उनके अनुभव, मीडिया प्रबंधन कौशल और मानवाधिकार के प्रति समर्पण को आधार बनाया गया। अंतिम चयन के बाद लालगंज निवासी अजय प्रताप सिंह और यशपाल सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश के रूप में नियुक्त किया गया है। अजय प्रताप सिंह को उनके उत्कृष्ट संचार कौशल और सामाजिक मुद्दों पर गहरी समझ के लिए जाना जाता है। संस्था के संरक्षक आई पी एस अधिकारी रहे उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डी.आई.जी. डॉ. तहसीलदार सिंह ने दोनों पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर संस्था व जनहित के कार्यों को निष्ठा पूर्वक करने का आवाहन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि मीडिया प्रभारी का चयन हमारी संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व में हमारा संदेश अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचेगा। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ''मुझे इस जिम्मेदारी को निभाने का अवसर मिलने पर गर्व है। मेरा उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज के कमजोर वर्गों एवं शोषितों व वंचितों की आवाज को बुलंद करना होगा। इस अवसर संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे डॉ. ओम प्रकाश सिंह एवं सदस्य अभिषेक सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# साइकिल सवार एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बरियारपुर के पास भयानक रोड हादसे में साइकिल सवार एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस पर लादकर सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित करते हुए दूसरे घायल का प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आपको बता दे कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना 23 जून 2025 सोमवार रात लगभग 10:30 बजे की है। मोटरसाइकिल सवार अजय कुमार (40) पुत्र राम पलटन निवासी माधव खेड़ा अपने साले के साथ रिश्तेदारी से वापस लौट रहा था, तभी बरियारपुर के पास सामने से आ रही अज्ञात चार पहिया गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, तेज रफ्तार चार पहिया की टक्कर इतनी भयानक थी कि, मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए, और दोनों मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरे, जिससे अजय कुमार के साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया, गाड़ियों के लड़ने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तत्काल सूचना 108 एंबुलेंस को दी, मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर दोनों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजय कुमार के साले को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं अजय कुमार का प्राथमिक उपचार कर चोट गंभीर होने की वजह से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उसकी भी स्थिति नाजुक बनी हुई। बताते हैं कि, बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। उधर टक्कर मारने के बाद चार पहिया वाहन चालक, वाहन समेत अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला।

# दो घंटे की झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मुरादाबाद । महानगर के कुछ इलाकों में झमाझम बारिश ने मंगलवार को लोगों को गर्मी से राहत दी है। अपराह्न 2 बजे से हुई दो घंटे की बारिश ने बिजली घरों की ओवरलोडिंग भी घटा दी। इसके बाद कई मोहल्लों को बिजली कटौती की समस्या से राहत मिल गई। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि यह बारिश मानसून से ठीक पहले की दस्तक है। आने वाले चार दिन अर्थात शनिवार तक इसी तरह की बरसात मुरादाबाद में देखने को मिलेगी।राजकीय इंटर कॉलेज में बनी मौसम प्रयोगशाला के अनुसार मंगलवार को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे में 10 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। हवा में आद्रता 95 प्रतिशत रही। बारिश से पहले धूप व उमस ने लोगों का बाहर निकलना मुश्किल कर दिया लेकिन बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया।मौसम विशेषज्ञ के अनुसार आने वाले दिनों में मुरादाबाद का अधिकतम व न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। इससे जिले के लोगों को और सुकून मिलेगा। दूसरी ओर बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है। गर्मी के कारण एसी, फ्रिज व अन्य भारी उपकरणों के चलने से ट्रांसफार्मरों पर लोड बहुत बढ़ गया था। बारिश से लोड सामान्य रहता है और ट्रांसफार्मरों के फुंकने का खतरा भी कम हो जाता है।

# गैंगस्टर अधिनियम के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। रायबरेली पुलिस को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जबकि जनपद के अलग-अलग थानों में आधा दर्जन से अधिक दर्ज अपराधिक मामलों का वांछित आरोपी कहीं भागने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया, हालांकि आरोपी ने भागने की कोशिश भी करी, किंतु पुलिस के चंगुल से बच नहीं पाया। आपको बता दें कि, कोतवाली महराजगंज से प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना महराजगंज में दर्ज मुकदमों के वांछित आरोपी राहुल पुत्र रामदयाल निवासी मोहनगंज थाना शिवगढ़ की पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। आरोपी के खिलाफ जनपद के गुरबक्शगंज, महराजगंज और मिल एरिया समेत शिवगढ़ थाने में आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी राहुल काफी दिनों से पुलिस के साथ आंख मिचोली खेल रहा था। मुखबिर खास की सूचना पर आज मंगलवार सुबह महराजगंज पुलिस को जैसे ही आरोपी के कहीं भागने का पता चला, वैसे ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और उसे चारों तरफ से घेर लिया, पुलिस को अपनी तरफ आता देख आरोपी ने भागने का भी प्रयास किया, किंतु पुलिस के चंगुल से बच नहीं पाया। उसे थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, कोतवाली महराजगंज समेत जनपद के अलग-अलग थानों में आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। काफी दिनों से आरोपी पुलिस से आंख मिचोली खेल रहा था और गिरफ्त में नहीं आ रहा था। आज जैसे ही पता चला कि, वह कहीं भागने की फिराक में है, पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेर कर उसे अरेस्ट कर लिया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व मंत्री ने फीता काटकर किया राम प्रकाश त्रिपाठी उद्यान का उद्घाटन

कन्नौज । गुरसहायगंज नगर के तिर्वारोड(सर्विस रोड) स्थित नवनिर्मित अमाया रेजीडेंसी में पूर्व राज्य मंत्री एवं छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी उनके पिता ही नहीं बल्कि राजनीतिक प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चौमुखी विकास के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भी हमेशा सम्मान दिया है। भारतीय जनता पार्टी में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले पुरोधाओं को भी सम्मानित करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है।पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को मिशन 2027 की तैयारी में भी जुटने की बात कही। इस मौक़े पर पूर्व सहकारिता मंत्री स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी के साथी रहे प्रमुख समाजसेवी/वरिष्ठ भाजपा शम्भूदयाल गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूपी कैटेट 2025 प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कुशीनगर के कौशल सिंह रहे स्नातक में अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । यूपी कैटेट 2025 में इस बार छात्रों की सफलता का प्रतिशत पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक रहा है। इससे ये पता चलता है कि युवाओं में कृषि शिक्षा के क्षेत्र में रुझान बढ़ रहा है। यह बातें मंगलवार को सीएसए कुलपति डॉ. आनंद सिंह ने कहीद्यकुलपति डॉ सिंह ने बताया कि यूपी संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा ( यूपीकैटेट-2025) का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। स्नातक में कुशीनगर के कौशल सिंह,मास्टर्स में मैनपुरी जनपद के आशुतोष शर्मा एवं पीएचडी पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान बांदा के आलोक साहू ने प्राप्त किया है। परिणाम की घोषणा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उच्च अधिकारियों की मौजदूगी में कृषि निदेशालय लखनऊ में की।कुलपति ने बताया कि परिणाम की घोषणा पूर्व निर्धारित समय के अनुसार किया गया है। अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में कुल 18 हजार 560 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें स्नातक स्तर पर 13 हजार 954, मास्टर्स स्तर के 3236, एमबीए में 524 और पीएचडी कुल 1304 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। कुल 17 हजार 71 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें स्नातक पाठ्यक्रमों में 12 हजार 360,मास्टर्स पाठ्यक्रमों में 3054 एमबीए पाठ्यकम में 482 और पीएचडी पाठ्यक्रमों में 1205 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।काउंसिलिंग 27 जून से शुरू होगीचंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों को पांचों कृषि विश्वविद्यालय जिसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर,आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या ,सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ,बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा एवं गौतम बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय कुशीनगर के स्नातक, मास्टर्स एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटें आवंटित होंगी।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने छात्र छात्राओं को सलाह दी है कि वे अधिक जानकारी के लिए यूपीकैटेट एवं विश्वविद्यालय की निर्धारित वेबसाइट द्धण्ध्ः//फ्ध्दथप्द्ग.द्धद्गप्‍ एवं बबब.दपथफ्ध्.थद.द्धद्ध का अवलोकन करते रहे।बताते चलें कि इस वर्ष यूपीकैटेट-2025 का आयोजन सीएसए कानपुर ने किया है।

# डोडा छिलका तस्करी में तीन तस्कर गिरफ्तार

## 63 किलो से अधिक नशीला माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बरेली । नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बारादरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने देर रात दबिश देकर 63.030 किलोग्राम डोडा छिलका के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15.75 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर मंगलवार को जेल भेज दिया, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।टीन शेड में छिपा रखा था डोडा छिलकाप्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय के अनुसार सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने सोमवार रात बरेली कॉलेज गेट के पास गश्त के दौरान भरतौल-हरूनगला रोड स्थित एक टीन शेड में दबिश दी। वहां तीन संदिग्ध युवक बोरियों में कुछ भरकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने बोरियों में डोडा छिलका होने की बात कबूल की।ये हैं गिरफ्तार तस्कर॰ रघुनाथ पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम बझेड़ा, थाना आंवला, जिला बरेली॰ बबलू पुत्र फूल सिंह निवासी दसौली, थाना बिसोली, जिला बदायूं॰ छत्रपाल पुत्र गंगाराम निवासी रहमानपुर, थाना विशारतगंज, जिला बरेलीतीनों के कब्जे से छह बोरियों में कुल 63.030 किलोग्राम डोडा छिलका, दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने खुलासा किया कि रहमानपुर निवासी बाबूराम और श्यामसुंदर ने आसपास के किसानों से डोडा छिलका खरीदकर इसे जमा किया था। दोनों चार पहिया वाहन की तलाश में निकले थे, ताकि इस माल को अमरोहा के पास पंजाबी ढाबे तक पहुंचाया जा सके, जहां इसे बेचा जाना था।मेडिकल स्टोर की आड़ में जुड़ा नशे के कारोबार सेमुख्य आरोपी रघुनाथ गांव में मेडिकल स्टोर चलाता है। पुलिस जांच में सामने आया कि ज्यादा मुनाफ़े के चक्कर में वह इस नशे के नेटवर्क से जुड़ गया। तस्करी के जरिए होने वाली मोटी कमाई ने उसे अपराध की राह पर ला दिया।इस पूरे अभियान में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अखिलेश उपाध्याय, गौरव अत्री, कुशलपाल सिंह, धर्मेंद्र बिश्नोई, सनी चौधरी, हेड कांस्टेबल अनूप तोमर, कांस्टेबल सतपाल और पंकज कुमार शामिल रहे। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की हर तरफ सराहना हो रही है।

# वीडियो साहब ! मनरेगा में भ्रष्टाचार पर अंकुश कब लगेगा पूछ रही है जनता

**बेलसर ब्लॉक के निहालपुरवा, पकड़ी नियावा, तारा डीह,डिडिसिया कला, खमरौनी के गाँवो में मनरेगा में डबल रोल का खेल जारी**





कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनरेगा योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन काफी सख्त हैं।इसके बाव जूद सिस्टम बेपटरी है और केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का खेल लगातार राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा है।मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर जिले का बेलसर ब्लॉक इन दिनों सुर्खि यों में है।आरोप है कि यहां ब्लॉक प्रमुख व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता ल गाने का खेल खेला जा रहा है बेलसंर ब्लॉक की ग्राम पंचायत निहालपुरवा,पकड़ी नियावा,ताराडीह डिडिसिया कला और खमरौनी में जिस तरह मनरे गा योजना को पलीता लगाने का खेल ब्लॉक प्रमु ख व विधायक के कुछ अन्य करीबियों के संरक्षण में चल रहा है।बेलसंर ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में न सिर्फ वित्तीय अनियमितता की पटकथा लिखी जा रही है बल्कि विधायक के नाम को भी बदनाम कि या जा रहा है।स्थिति यह है कि गांवों में दबी जुबान लोग कहने लगे हैं।ऐसे में चाहे जो करें।सैंया भए कोतवा ल अब डर काहे का।वही ग्राम पंचायतो मेंढीठ और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधानो नेबारिश के दौरान भी कागजों में मनरेगा श्रमिकों से काम करा रहे थे।पकड़ी,ताराडीह,नियावा,डिडिसि या कला,खमरौनी और थड़क्की पट्टी में फर्जी तरी के से मस्टर रोल चल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरेगा योजना में भ्रष्ठचार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि बेलसर विकास खंड की ग्राम पंचा यत डिडिसिया कला में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जा री मिला है।ग्राम पंचायत डि डिसिया कला में दो का र्य पर 17 मस्टर रोल 150 श्रमिक भेदौरा तालाब खुदाई पर मनरेगा के एमए नएसएप में अपलोड किया गया है जो फोटो अप लोड की गई है वह एक ही व्यक्तियों का डबल रोल दिखाया गया है जो फोटो अपलोड की गई है उसमें से बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई पर्दा उठ गया है।

इसी तरह ग्राम पंचायत ताराडीह में तीन कार्य के लिए 14 मस्टर रोल जारी किया गया है 126 श्र मिकों को शुक्ल पुरवा गांव में उत्तर पुलिया के पा स तालाब निर्माण कार्य के लिए लगाया गया है उस गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा है।मनरेगा पोर्टल पर जी फोटो अपलोड की गई है, उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं। ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल ब्लॉक बेलसंर में बेखौफ जारी है।वही बड़ी हैरत कि बात यह है कि क्या कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मे दार अधिकारी डीसी मनरेगा एपीओ भी आंख बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

# तीसरे दिन नाबालिग राजाबाबू का शव घाघरा नदी से बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में सोनौ ली मोहम्मदपुर गांव से बीते रविवार को एक दर्दना क घटना सामने आई थी।जहां आज सोनौली मोह म्मदपुर गांव के एक तेरह वर्षीय राजा बाबू उर्फ का शव तीसरे दिन एसडीआरएफ कि टीम ने खोजकर घाघरा नदी से बरामद किया है।रविवार कि सुबह 11,बजे राजा बाबू अपने घर से दो सौ मीटर दूरी प र घाघरा नदी में भैंस को नहला रहा था।इसी दौरा न एक जानवर ने उसे पकड़कर नदी में खींच लियास्थानीय लोगों का कहना है कि यह मगरमच्छ था, जबकि जिला प्रशासन ने इसे घड़ियाल बताया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कौन सा जानवर था।एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बरामद किया है।जानवर ने मृतक के एक पैर का हिस्सा और शरीर के कुछ अन्य हि स्सों को खा लिया था शव को देखकर परिजनों की हालत बेहद खराब है।वही उमरीबेगमगंज थाने की पुलिस ने पंचायतनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।अपर जिलाधिकारी आलोक कु मार ने घाघरा नदी के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।लोगों को नदी में न जाने की हिदा यत दी गई है।थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय के अनुसा र मामले की जांच जारी है।

# केंद्रीय मंत्री के संसदीय क्षेत्र में लेंस लेकर सड़क खोजते दिखे छात्र पंचायत के कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बाबागंज-इटियाथोक सड़क मार्ग खोजने के बावजूद भी नहीं मिली सफलता**

गोंडा। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र व मेहनौन विधानसभा क्षेत्र में इटियाथोक-बाबागंज रोड पिछले 11,वर्षो से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है।सड़क की जगह अब सिर्फ गड्डे,कीचड़ औ र गंदा पानी दिखाई दे रहा है।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने मोहनपुर असिधा गांव के पास आवर्धक लेंस लेकर सड़क को खोजने का अनोखा प्रयास किया इस अभियान में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे लेकिन उन्हें घंटे तक खोजने के बावजूद 11 वर्षों से गायब बीस किलोमीटर सड़क का कोई निशान नहीं मिला।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने बताया कि लगभग बीस किलोमीटर लंबी यह सड़क पूरी तरह से गायब हो चुकी है।उन्होंने घोषणा की है कि अगर कोई आम व्यक्ति इस सड़क का पता लगा ले तो छात्र पंचायत उसे 11 सौ रुपये का इनाम देगी।बरसात के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है।सड़क पर जगह-जगह बने गड्डों में कीचड़ और गंदा पानी भर गया है।यह सड़क अब तालाब में तब्दील हो चुकी है।स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।छात्र पंचायत ने स ड़क की दुर्दशा के विरोध में प्रदर्शन किया और मु ख्यमंत्री से सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है।रोज हजारों लोगो का आना जाना रहता है शिवम पांडेय ने कहा की यह काफी व्यस्त सड़क है और रोज हजारों लोगो का आना जाना रहता है। इधर से अनेक विद्यालयों व कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों सहित स्कूल के वाहनो का आना-जाना रहता है।क्षेत्र के तमाम दूकानदार व आम जनमान स भी हर दिन इस टूटी फूटी सड़क का उपयोग क रते है।पूरी तरह से क्षतिग्रस्त रोड की वजह से वाह नों को भारी नुकसान हो रहा है और बाइक व साइ किल सवार राहगीर अक्सर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं।सडक पिछले कई वर्षों से खराब यह सड़क पिछले कई वर्षों से खराब है और इसका टेंडर भी कई बार निकला व रद्द हो चूका है। हम सबकी सूबे के मुख्यमंत्री से जनहित मे मांग है की इस रोड को जल्द से जल्द बनवाया जाए।उन्होंने कहा की अग र हमारी यह मांग नहीं मानी गई तो हम लोग जल्द बनवाया जाए।उन्होंने कहा की अगर हमारी यह मां ग नहीं मानी गई तो हम लोग दिन प्रतिदिन इस रो ड पर विभिन्न कार्यक्रम करते रहेंगे,जिसकी पूरी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों और गोंडा जिला प्रशा सन की होगी।

# बारह सूत्रीय मांगों के समाधान कराए जाने के लिये एक दिवसीय भूख हड़ताल तथा सत्याग्रह आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा, उत्तर प्रदेश एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर पुरानी पेंशन बहाली, 50 से कम छात्र संख्या के नाम पर परिषदीय विद्यालयों को मर्जर करने संबंधी षड्यंत्र का विरोध करने हेतु, संविदा तथा ठेकेदारी भर्ती प्रथा को बंद कराये जाने आदि 12 सूत्रीय मांगों के समाधान कराए जाने हेतु स्थानीय शाखा कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा, जनपद शाखा-उन्नाव के सभी घटक संघों एवं परिसंघों के अधिकारियों, पदाधिकारियों, शिक्षकों कर्मचारियों द्वारा झाड़ी शाह बाबा मजार निकट कलेक्ट्रेट कार्यालय, उन्नाव में सरकार का ध्यानाकर्षण किए जाने हेतु एकदिवसीय भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह आंदोलन किया गया, एवं अपराहन 2:00 बजे मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन आदरणीय जिला अधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एस पी सिंह, सचिव महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष रमेश चंद्र उपाध्याय, संरक्षक अशोक सिंह, अर्पित मिश्रा, कृष्ण शंकर मिश्रा,संजय कुमार कनौजिया,रिजवान साकिब, संत कुमार सुमन, जे पी दीक्षित, राजकरन यादव, सांई बाबा उर्फ उमेश चंद्र श्रीवास्तव, विवेक तिवारी, अतुल बाजपेई, हरिकिशोर गौतम, कृष्णा महतो , शैलेंद्र प्रताप, इं0अभिषेक गौतम,प्रवीण पटेल, अनिल शुक्ला, रामनरेश वर्मा, अशोक त्रिवेदी, दिवाकर त्रिपाठी, आशुतोष कुमार , शिव शंकर, ममता यादव, पूजा यादव, अमित, शिवराम सिंह,नदीम अहमद,सुनील सिंह कुशवाहा,अमिता देवी, शालिनी कुमारी, सुलेखा, गुलनाज बानो, आरती देवी, लक्ष्मी, बृजेश मिश्रा, संजय बहादुर सिंह,कमर आफताब, सौरभ राज भारती,पीयूष गुप्ता, रमेश चंद त्रिवेदी, हरिओम सिंह, अजय प्रताप सिंह, सुनील भारती, दिनेश पटेल,विकास कुशवाहा,कृपा शंकर, देश दीपक द्विवेदी, विनोद दीक्षित ,सर्वेश कुमार, अवधेश कुमार ,मनीष कुमार, श्याम सुंदर ,कृष्ण कुमार रावत, वीरेंद्र गौतम, मनोज कुमार गुप्ता, प्रवीण नाथ, आशीष सिंह, संजीव संखवार, प्रदीप वर्मा, सुरेंद्र प्रकाश आदि शिक्षक कर्मचरी मौजूद रहे।

# 50 से कम संख्या वाले विद्यालयों को मर्जर करने पर शिक्षकों ने किया विरोध

**2004 शिक्षक भर्ती वाले शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हमीरपुर । मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले विद्यालय के मर्जर घोषित करने के आदेश को निरस्त करने और 2004 के शिक्षक शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की मांग को लेकर यूटा ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद एवं सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति को सौंपा है।यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति और महामंत्री विवेक कुमार दीक्षित के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा शासन ने परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले छात्र/छात्राओं वाले विद्यालयों को युग्मन का नाम देते हुए मर्जर प्रक्रिया अपनाएं जाने का निर्देश जारी किया है। जो देश के भविष्य, ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नौनिहालों के भविष्य पर कुठाराघात साबित होगा। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों का नजदीकी विद्यालय में मर्जर करने से बच्चों को प्रतिदिन 4-5 किमी दूरी करना होगा। जिसमें न केवल शिक्षा की निरंतरता बाधित होगी, बल्कि दूर विद्यालय होने से छात्र संख्या में गिरावट भी संभव होगी। उन्होंने प्रदेश के लाखों बेसिक शिक्षकों की भावनाओं तथा गरीब बच्चों की शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने एवं विशिष्ट बीटीसी 2004 के चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने की मांग की है। इस दौरान रमाकांत शुक्ला, सुरेन्द्र सोनी, हिमांशू, रवीन्द्र शुक्ला, दीपक त्रिपाठी, नरेन्द्र कुमार, विवेक दीक्षित, अमित प्रजापति, राजबहादुर निषाद, असीम खरे, संदीप गुप्ता, गोपाल तिवारी, बाबूलाल गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## फेस ऑथेंटिकेशन कार्य की कच्छप गति पर डीएम का कड़ा रूख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । पोषण टैकर एप के माध्यम से फ़ेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश में 72वीं रैंक होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने कहा कि फ़ेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन ग्राम्य विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, शिक्षा, कृषि इत्यादि विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त किया जाय। नियमित रूप से समीक्षा करने के बावजूद ब्लाक नवाबगंज, शिवपुर व चित्तौरा में अपेक्षित प्रगति न होने पर निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमण कर फ़ेस ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने डीपीओ को निर्देश दिया कि शून्य प्रगति वाले केन्द्रों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पत्रावली प्रस्तुत करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईज़र व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा ठेकेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शहर में पंद्रहवे वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरूनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक कराए जा रहे इण्टरलॉकिंग व सौंदर्यीकरण कार्य में बड़े पैमा ने पर अनियमितता उजागर होने के बाद जिलाधि कारी नेहा शर्मा ने न सिर्फ उसका संज्ञान लिया, बल्कि जांच कराई जिसमें कराए जा रहे कार्य की गुणवत्ता में गंभीर खामियां उजागर हुईं,जिसके आ धार पर सोमवार को उन्होंने इंटरलॉकिंग उखाड़ कर दोबारा कराए जाने के साथ ही भुगतान में निय मानुसार कटौती करने के भी निर्देश दिए।इस प्रकर ण में अपर उप जिलाधिकारी द्वितीय विशाल कुमा र द्वारा प्रस्तुत संयुक्त जांच आख्या में यह सामने आया कि लगभग 255 मीटर लंबे इस कार्य में बेस कोर्स में प्रयुक्त ब्रिक बैसाल्ट में अत्यधिक मात्रा में बालू की मिलावट पाई गई,जबकि ब्रिक बैसाल्ट की मात्रा अत्यंत कम थी।इसके साथ ही, इंटरलॉ किंग में प्रयुक्त ईंटों की औसत संपीड़न क्षमता 31.10 न्यूटन/वर्ग मिमी रही, जो कि मानक 35 न्यूटन/वर्ग मिमी से कम है।जांच रिपोर्ट में कार्य को अधोमानक व अस्वीकार्य माना गया।इसके मद्देन जर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने न सिर्फ सम्पूर्ण कार्य को तत्काल उखाड़ने और मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने के आदेश दिए,बल्कि भुगता न में कटौती कर दोषियों की जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश जारी किए। इस पूरे मामले में संबंधित नगर निकाय अधिकारि यों को भी कड़ी चेतावनी दी गई और उनके विरूद्ध लिखित चेतावनी पत्र जारी किया गया है।सोमवार को डीएम नेहा शर्मा द्वारा जारी आदेश की मंगल वार को ही धज्जियां उड़ते हुए देखी गयीं।जिला महिला अस्पताल के सामने मजदूर इंटरलॉकिंग उखाड़कर उस स्थान पर गिट्टी (बोल्डर) अथवा ईंट के टुकड़ों को डालने के बाद उस पर बालू डाल रहे थे, जबकि जानकारों का कहना है कि कम से कम चार इंच गिट्टी (बोल्डर) डाला जाना चाहिए।उसके बाद रोड रोलर चलाकर जमीन तैयार की जाती है, फिर इंटरलॉकिंग बिछाई जानी चाहिए।लेकिन यहां नियम दरकिनार करके काम किया जा रहा है।गिट्टी (बोल्डर) डालने के बाद न तो कुटाई हो रही है और न ही रोड रोलर चलाया जा रहा है। लोगों का कह ना है कि इंटरलॉकिंग ईंट भी मानक के अनुसार नहीं है।ऐसे में बनते ही इंटरलॉकिंग के टूट जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## चर्चा है कि पूर्व सांसद के सम्पर्क में है कार्यदायी संस्था

बताते चलें कि एक करोड़ तीस लाख रूपए की लागत से बनने वाले करीब 255 मीटर लम्बे इस इंटरलॉकिंग कार्य का ठेका मेसर्स शशि इंडस्ट्रीज को मिला है,जिसकी प्रोपराइटर शशि बाला श्रीवा स्तव हैं।सूत्र बताते हैं कि इस कार्यदाई संस्था का नेटवर्क जिले के एक पूर्व सांसद से जुड़ा हुआ है। यही वजह है कि डीएम नेहा शर्मा की सख्ती, चेता वनी और कार्रवाई का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

## जिलाधिकारी का आदेश भी बेअसर

दिनांक 08.05.2025 को नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा मेसर्स शशि इंडस्ट्रीज,प्रो.शशि बाला श्रीवास्तव,निवासी जानकी नगर, बहराइच रोड, गोण्डा को नोटिस जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि कार्यालय जिलाधिकारी, गोण्डा के पत्रांक संख्या 1140/ओएसडी दिनांक 06 मई 2025 के संबंध में आपको अवगत कराना है कि मोहल्ला पटेल नगर में गुड्डूमल चौराहा पर स्थित डॉक्टर लेले क्लीनिक से गुरूनानक चौक तक दोनों पटरी पर सौंदर्यीकरण कार्य अवरूद्ध होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई है, जिसका कार्यादेश 03.04.2025 को आप के द्वारा प्राप्त किया गया है।निविदा में दी गयी अवधि के अनुसार उक्त कार्य तीन माह में पूर्ण किया जाना था,परंतु आपके द्वारा कार्य प्रारंभ करने के बाद उक्त कार्य को बीच में ही रोक दिया गया है जिससे जनता व दुकानदारों को काफी दिक्कतों का साम ना करना पड़ रहा है।कई बार निर्देश देने के बाद भी कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा है और अत्यंत शिथिलता बरती जा रही है,जबकि उक्त कार्य जि लाधिकारी द्वारा प्राथमिकता पर लिया गया है।ऐसे में सूचना प्राप्त होने के तीन दिवस के अंदर उपरो क्त निर्माण कार्य प्रारंभ कराकर सूचित करें, अन्य था की दशा में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ आपदा से बचाव के लिये जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज 26 जून को

**रामघाट सिलौटा, घाघराघाट व ग्राम बौण्डी में आयोजित होगा मॉक एक्सरसाइज एडीएम, एसडीएम मॉक एक्सरसाइज का करेगें नेतृत्व**

बहराइच । सम्भावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो को प्रभावी ढंग से संचालित कराये जाने के उद्देश्य से 26 जून 2025 को पूर्वान्ह 09 बजे तहसील महसी के रामघाट सिलौटा ग्राम बौण्डी, तहसील कैसरगंज के घाघराघाट ग्राम तपेसिपाह तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी में जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज 2025 का आयोजन किया गया है। मॉक एक्सरसाइज में राजस्व, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, एनडीआरएफ, लोक निर्माण, अग्निशमन एवं इमरजेंसी सर्विस, विद्युत, एनसीसी, एनएसएस, पीआरडी, मेरा युवा भारत, आपदा मित्र, जिला आपदा मास्टर ट्रेनर, होमगार्ड, जिला पंचायतराज, जिला कार्यक्रम, मनरेगा, पूर्ति, जल निगम, एसएसबी, पशु पालन, नगर पालिका, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।रामघाट सिलौटा ग्राम बौण्डी तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, घाघराघाट ग्राम तपेसिपाह तहसील कैसरगंज में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल, ग्राम बौण्डी तहसील नानपारा में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा श्री प्रकाश सिंह मॉक एक्सरसाइज में प्रतिभाग करेगें। तथा उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी, ईओसी/दैवीय आपदा कार्यालय में उपस्थित होकर शासन/राहत कार्यालय में बी.सी. के माध्यम से जुड़ेगी। साथ ही मॉकड्रिल के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगी।

# बाढ़ राहत व बचाव कार्यों के संचालन के लिये फुलप्रूफ कार्ययोजना के लिए शासन ने जारी किये दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शासन द्वारा बताया गया कि जनपद की भौगोलिक स्थिति व बाढ़ की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का आंकलन करते हुये नदी तटों, तटबंधों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व तैयारी की जाये**

बहराइच । बाढ़ की पूर्व तैयारी व कुशल प्रबन्धन हेतु चरणबद्ध रुप से बाढ़ के पूर्व, बाढ़ के दौरान तथा बाढ़ के पश्चात की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में शासन स्तर से दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर बाढ़/अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिए पहले से ही तैयारी रखी जाये ताकि बाढ़ की स्थिति में जनधन की हानि कम से कम हो तथा पीड़ित व्यक्तियों को अविलम्ब राहत पहुंचाना सम्भव हो सके। जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि बाढ़ प्रबंधन के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार जनपद में समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित की जाएं। शासन द्वारा सुझाव दिया गया है कि बाढ़ की पूर्व तैयारी, कुशल प्रबन्धन, खोज एवं बचाव व राहत हेतु की जाने वाली कार्यवाहियों में जनपद की भौगोलिक स्थिति व बाढ़ की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का आंकलन करते हुये नदी तटों, तटबंधों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व तैयारी की जाय। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जिम्मेदार सभी विभागों के साथ बैठक कर भौतिक व मानव दोनों प्रकार के संसाधनों/उपकरणों की सूची को अद्यतन कर लिया जाय। संवेदनशील क्षेत्रों के लिए अर्ली वार्निग सिस्टम, आपातकालीन स्थिति में लोगों को बाहर निकालने तथा शरणालय के लिए एक्शन प्लान तैयार रखा जाय। संवेदनशील गांवों की ग्रामस्तरीय कार्ययोजना में स्थानीय जोखिमों, प्राथमिक सम्पर्क, निकासी मार्गों, प्रधान, आशा, एएनएम, कोटेदार, लेखपाल, पंचायत सचिव की सूची सार्वजनिक स्थान पर चस्पा की जाय तथा ग्राम स्तरीय स्वयंसेवकों की पहचान करते हुये उनका प्रशिक्षण भी कराया जाय।यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, खाद्य एवं रसद, पशुपालन, जल निगम, विद्युत व लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया है कि शासन द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर निर्बाध रूप से राहत व बचाव कार्यों का संचालन किया जा सके। डीएम ने बताया कि बाढ़ शरणालयों के सम्बन्ध में लॉजिस्टिक की पूर्णरूपेण व्यवस्था के साथ राहत कैम्प में प्रतिदिन तीन बार स्वच्छ, पोषण युक्त, ताजा भोजन की व्यवस्था की जाय। प्रातः काल नाश्ते में दलिया अथवा उबला चना अथवा पोहा, 01 मौसमी फल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों को 01 गिलास दूध व अन्य को चाय। दोपहर के भोजन में मौसम की सब्ज़ी, दाल, चावल, रोटी/पूड़ी तथा रात्रि के भोजन में मौसम की सब्ज़ी, रोटी/पूड़ी व मिठाई परोसे जाने का सुझाव दिया गया है।क्षमता संवर्द्धन व कौशल विकास के सम्बन्ध में निर्देश प्राप्त हुए हैं कि सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व अन्य राजस्व कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, आपदा मित्र, सिविल डिफेंस, एनसीसी, स्काउट्स, रेड क्रॉस, स्वयंसेवी संगठनों, नाविकों, प्राथमिक स्वास्थ्य कर्मियों, राहत शिविर संचालकों के लिए व्यवहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाय इसके अलावा प्रभावित ग्रामों में भी नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाय तथा बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जिला व तहसील मुख्यालयों पर आवश्यक संसाधन/प्रशिक्षित कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर कन्ट्रोल रूम को राउण्ड-द-क्लाक संचालित किया जाय। बाढ़ के दौरान सूचनाओं के त्वरित संप्रेषण, शिकायत पंजीकरण, समन्वय कार्य का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।शासन द्वारा सुझाव दिया गया है कि खोज व बचाव कार्यों हेतु जनपद में आने वाले एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी एवं अन्य खोज बचाव दल के ठहरने के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें। खोज व बचाव दल तथा नावों व मोटरबोटों की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की जाय। नावों, लाइफ जैकेट्स, प्राथमिक उपचार किट, रस्सी, टार्च व अन्य उपकरणों से युक्त टीमें गठित की जायें। बाढ़ खोज-बचाव एवं राहत कार्यों में आपदा मित्रों का भी सहयोग लिया जाय। बाढ़ के दौरान त्वरित राहत कार्यों हेतु नावें/मोटरबोट की आपूर्ति हेतु पूर्व से ही टेण्डर व अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।

# नेपाल के कैसिनो में फंस रहे युवा, कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नेपाल सीमा से सटे जनपदों, विशेषकर पीलीभीत के युवाओं के भविष्य पर अब गंभीर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सीमापार नेपाल में चल रहे वैध कैसिनो अब उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के युवाओं के लिए विनाश का कारण बनते जा रहे हैं। वहीं सावन माह के शुभ अवसर पर होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर भी जिले में व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त दिख रही हैं। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने इन दोनों ही मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए जल्द हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पिछले कुछ समय से सीमावर्ती जिलों के युवा बड़ी संख्या में रोज़ाना नेपाल की ओर रुख कर रहे हैं। ये युवा नेपाल में स्थित कैसिनो में न केवल जुए और सट्टेबाजी में अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं, बल्कि नशे, मादक पदार्थों और आपराधिक प्रवृत्तियों के दलदल में भी फंसते जा रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पीलीभीत जिले के कई युवाओं के परिवारों ने स्वयं संगठन के सामने यह चिंता प्रकट की है कि उनके बेटे इन कैसिनो में लाखों रुपये गंवा चुके हैं और अब कर्ज के जाल में उलझे हुए हैं। परिवारों की संपत्ति, ज़मीन और गहनों तक को दांव पर लगा दिया गया है। हारने की स्थिति में युवाओं के मोबाइल फोन तक छीन लिए जाते हैं और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जिससे कई मामलों में मानसिक अवसाद और आत्महत्या तक की नौबत आ रही है। इन गतिविधियों को भारत की खुली सीमा और नेपाल में कैसिनो की वैधता का लाभ उठाकर बढ़ावा दिया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इन कैसिनो में प्रवेश के लिए भारतीय आधार कार्ड का प्रयोग कराया जाता है।जबकि नेपाल के अपने नागरिकों को इसमें प्रवेश की अनुमति नहीं होती। ऐसे में न केवल भारतीय युवाओं का आर्थिक और नैतिक पतन हो रहा है।बल्कि देश की सुरक्षा और निजता को भी गहरा खतरा उत्पन्न हो रहा है। सामाजिक दृष्टि से भी यह प्रवृत्ति युवाओं को अपराध की ओर धकेल रही है और राज्य की कानून व्यवस्था को चुनौती दे रही है। सावन माह जैसे पवित्र अवसर को लेकर भी संगठन ने जिले की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे गौरीशंकर मंदिर, दूधिया नाथ महादेव मंदिर और अर्धनारीश्वर मंदिर में जलाभिषेक करने आते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, जिन मार्गों से होकर कांवड़ यात्रा होती है- जैसे ईदगाह तिराहा,रोडवेज, चौक बाजार,आयुर्वेदिक कॉलेज मार्ग और गौरीशंकर मंदिर मार्ग उनमें से कई की स्थिति अत्यंत जर्जर है। कई जगह सड़कें पूरी तरह टूट चुकी हैं, जिनमें बरसात के मौसम में पानी भरकर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। श्रद्धालु इन मार्गों से गुजरते समय असुविधा और जोखिम का सामना करते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आयुर्वेदिक कॉलेज से गौरीशंकर मंदिर तक का मार्ग, जो कि श्रद्धालुओं के आने-जाने का मुख्य रास्ता है। वर्तमान में निर्माणाधीन है। यदि सावन शुरू होने से पूर्व यह मार्ग तैयार नहीं हुआ, तो श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ सकती है और यह जनआक्रोश का कारण भी बन सकता है। इससे पहले भी शिवरात्रि के दौरान निर्माण कार्य के चलते श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं। इसी क्रम में मांग की गई है कि बिजली के खुले खंभों को पन्नी, लकड़ी या फाइबर से सुरक्षित किया जाए और धार्मिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए मांसाहारी दुकानों को कांवड़ यात्रा के दौरान अस्थायी रूप से बंद कराया जाए।संगठन ने प्रशासन से अपील की है. कि युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों में कैसिनो जैसी बर्बादी की राह से बचाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सावन यात्रा से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना,मीडिया प्रभारी प्रेम सागर शर्मा,युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, अर्जुन ठाकुर, नगर मंत्री लखन प्रताप सिंह, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह,महिला जिला मंत्री आरती देवी,महिला जिला सचिव सपना कश्यप,पूजा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## धान की रोपाई करने पहुंची विधवा महिला सहित पांच लोगों की पिटाई

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष की रहने वाली निर्मला देवी पत्नी स्वर्गीय राजकुमार ने मंगलवार सुबह दस बजे बताया कि वह सोमवार को अपने खेत पर धान रोपाई हेतु कंधार करवा रही थी। आरोप है कि राकेश मिश्रा, अमित मिश्रा, कमलेश पत्नी राकेश, सुमन पत्नी अमित मिश्रा, नामित की पत्नी सहित तीन चार अज्ञात दबंग हाथों में लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीड़िता व उसकी पुत्री पल्लवी तथा उसका नाबालिक पुत्र हिमांशु सास रामबेटी पत्नी लालाराम ब ननंद सुनीता मिश्रा तथा सरोज को जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर हो गए। पीड़िता ने बताया कि जान से मारने की नीयत से उन पर हमला किया गया था। जिसमें उसके पुत्री पल्लवी के हाथ में और राकेश ने प्राथमिक के सिर पर बाके से प्रहार कर हमला कर दिया। बीच बचाव को आए नाबालिक पुत्र हिमांशु ब सास रामबेटी तथा नंनद बुरी तरह घायल हो गए। मामले में पुलिस से शिकायत की पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई हैं।

## कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के मौहल्ला करीमगंज की रहने वाली अध्यापिका नसीम पत्नी इकबाल ने मंगलवार सुबह दस बजे बताया कि उसकी जमीन पर कुछ दबंग भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा था। काफी शिकायतों के बाद भी उसको न्याय नहीं मिल सका था। अध्यापिका ने बताया कि उसकी दो एकड़ जमीन अभयपुर जमिमा जगतपुर में है। पीड़िता ने मामले में न्यायालय का सहारा लिया और न्यायालय के आदेश पर पुलिस प्रशासन ने दबंग भू माफियाओं कृषि भूमि को अवैध कब्जा मुक्त करा दिया है।

## कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के मौहल्ला करीमगंज की रहने वाली अध्यापिका नसीम पत्नी इकबाल ने मंगलवार सुबह दस बजे बताया कि उसकी जमीन पर कुछ दबंग भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा था। काफी शिकायतों के बाद भी उसको न्याय नहीं मिल सका था। अध्यापिका ने बताया कि उसकी दो एकड़ जमीन अभयपुर जमिमा जगतपुर में है। पीड़िता ने मामले में न्यायालय का सहारा लिया और न्यायालय के आदेश पर पुलिस प्रशासन ने दबंग भू माफियाओं कृषि भूमि को अवैध कब्जा मुक्त करा दिया है।

## तहसील परिसर में ई स्टाम्प विक्रेता की लाखों की चोरी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर में मंगलवार की दोपहर लगभग तीन बजे ई स्टाम्प विक्रेता शान मोहम्मद के साथ लाखों की चोरी हुई। चोर ने स्टाम्प विक्री के 2,75,000 रुपए, 84 रंगीन स्टाम्प सीट, लगभग 5,000 रुपए के स्टाम्प टिकट और अन्य जरूरी कागज चोरी कर लिए।मामले की सूचना मिलने पर पुलिस जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। ई स्टाम्प विक्रेता शान मोहम्मद ने बताया कि चोरी की घटना से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## किसानों के चकमार्ग पर लगाए जा रहे हाइटेंशन विधुत लाइन के पोल किया विरोध

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी किसानों ने मंगलवार शाम चार बजे जानकारी देते हुए बताया कि उनके खेत पर जाने वाले चकमार्ग पर जबरदस्ती हाइटेंशन विधुत लाइन के पोल लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि एक पोल्ट्री फॉर्म की मिल लग रही हैं। जिसमें मशीनें चलाने के लिए 24 घंटे वाली विधुत हाइटेंशन लाइन डाली जाएगी। चकमार्ग पर विद्युत पोल लगने से कृषि वाहन खेतों में जाने में काफी दिक्कत होगी है। इसको लेकर किसानों ने विरोध जताया है।

## फर्जी दावे से प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश नाकाम, जांच में निकला सच

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे में चल रहे ज़मीन विवाद का मामला निकला फर्जी। तथाकथित सोशल मीडिया ''पत्रकार'' और कुछ स्थानीय लोग प्रशासन व पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे। प्रशासनिक जांच में स्पष्ट हुआ कि विवादित भूखंड मूल रूप से उग्रसेन श्रीवास्तव के नाम दर्ज था, जिसे उन्होंने रामजी और उर्मिला नामक व्यक्तियों को विक्रय किया था। दोनों खाताधारकों ने ज़मीन के बंटवारे के लिए आवेदन दिया था, जिसके तहत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के आदेश पर राजस्व एवं पुलिस टीम की उपस्थिति में बराबर–बराबर ज़मीन बांट दी गई। गौरतलब है कि जिन गौरव श्रीवास्तव द्वारा भूखंड पर दावा किया जा रहा था, उनके नाम से कभी कोई ज़मीन इस क्षेत्र में दर्ज नहीं रही। प्रशासन द्वारा कई बार कागजात की मांग के बावजूद गौरव श्रीवास्तव कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सके। यह मामला बीस वर्ष पुराना है, जिसका निस्तारण प्रशासन द्वारा पूर्व में ही कर दिया गया था। ऐसे में अब इसे हवा देना सिर्फ अफवाह फैलाना और शांति भंग करने की साजिश मानी जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी का तबादला

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लम्भुआ के खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरालाल और कार्यालय कर्मचारी बसंत वर्मा का स्थानांतरण कर दिया गया है। दोनों पर व्यापारियों से अवैध वसूली के आरोप लग रहे थे। व्यापारी नेता रविंद्र त्रिपाठी ने उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र सौंपे थे। उन्होंने अधिकारी हीरालाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सैंपल लेने के नाम पर व्यापारियों से वसूली का आरोप था। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता मनोज शर्मा ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने पंचायती राज मंत्री और पार्टी प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पत्र लिखा था। लगातार शिकायतों के बाद दोनों का स्थानांतरण किया गया। सूत्रों की माने तो दोनों का तबादला शिकायत से ही किया गया है।

## पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सलीम पुत्र सफीक निवासी हिम्मतगढ़ मजरे दौलतपुर निसूरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से बीस ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील अंतर्गत एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग शासन प्रशासन की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ग्रामीणो ने इसकी शिकायत करके तत्काल मार्ग निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

बता दे कि तहसील क्षेत्र के चार नंबर चौराहा ( डोभियारा ) हलियापुर कूरेभार मार्ग से एक संपर्क मार्ग तहसील मुख्यालय को जोड़ता है उक्त मार्ग पर तीन वर्ष पूर्व डामरीकरण करवाया था मार्ग का मरम्मतीकरण न किए जाने से जल भराव हो गया है। ग्रामीणो ने बताया कि यह मार्ग लगभग एक दर्जन गांवो को जोड़ता है और बल्दीराय तहसील मुख्यालय तक आने जाने तक एक मात्र मार्ग है निर्माण न होने से राहगीर प्रायः चोट हिल हो रहे है बरसात में तो यह मार्ग जल भराव के कारण टापू बन जाता है। क्षेत्र के अभिषेक शुक्ला आदर्श तिवारी आषीश मनोज चन्द्रभान आदि दर्जनो ग्रामीणो ने विभाग के उच्चाधिकारियो से अविलंव मार्ग के मरम्मती करण करवाए जाने की मांग की है।

# नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। समाधान विकास समिति के तत्वावधान में बुधवार को स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उनके अनैतिक व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएड के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की है।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने नशे के विरुद्ध प्रभावशाली चित्रों के माध्यम से अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राशिका भारती और अंजलि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य इलियास ने अपने संबोधन में कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग और इनका अनैतिक व्यापार, दोनों ही राष्ट्र की युवा शक्ति को गलत दिशा में धकेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 26 जून को यह दिवस मनाया जाता है ताकि समाज में नशे की समस्या पर व्यापक विमर्श और जनचेतना बढ़ाई जा सके।उन्होंने बताया कि 2025 का विषय है ''बाधाओं को तोड़नाः सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनःप्राप्ति'', जो यह दर्शाता है कि समाज के हर वर्ग को इस समस्या की रोकथाम और समाधान की प्रक्रिया में शामिल करना आवश्यक है।समिति के संसाधित व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से होने वाले खतरों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने कहा कि शराब, ड्रग्स, गांजा, हेरोइन आदि अब केवल बड़ों की नहीं, बल्कि बच्चों और किशोरों की आदत बनती जा रही हैं, जिससे समाज के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी हो रही हैं।लक्ष्मीकांत शर्मा ने यह भी कहा कि यदि किसी को अपने आसपास किसी संदिग्ध गतिविधि का संदेह हो–जहाँ नशीली दवाओं का सेवन या उनका अवैध व्यापार हो रहा हो–तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत सूचित करना चाहिए, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।

# नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षकसंघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में नवागत वित्त एवं लेखा अधिकारी विपिन द्विवेदी से शिष्टाचार मुलाकात किया तथा उनसे विभाग के कार्यों के निष्पादन के विषय में विस्तृत चर्चा किया ।

वित्त एवं लेखाधिकारी ने संगठन को आश्वस्त किया की सभी कार्य समय से त्वरित गति से निस्तारित किए जाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि मेरे पास तीन विभाग के कार्यभार और हैं फिर भी मैं पूरा प्रयास करके शिक्षकों के देयताओं को और वेतन 1तारीख को देने का पूरा प्रयास करूंगा। इसके लिए अपने कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दे दिया गया है । अंतरजनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण से गैर जनपद से आए शिक्षकों के संबंध में वार्ता में उन्होंने बताया कि जिनकी एलपीसी आ गई है और संशोधन खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा भेजे जाएंगे उनके वेतन लगाए जाएंगे। गैर जनपद गए शिक्षकों की एलपीसी भेजने का कार्य किया जा रहा है। बीएसए कार्यालय से अभी हाल में फाइलें एवं निर्देश प्राप्त हुए हैं । प्रतिनिधिमंडल में जिलामंत्री राम आशीष मौर्य जिला उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष दूबेपुर रमेश तिवारी जनपदीय कोषाध्यक्ष एवं मंत्री पीपी कमैचा डॉ0 विनय प्रजापति संयुक्त मंत्री एवं मंत्री कुड़वार देश राज मंत्री दुबेपुर फिरोज अहमद संगठन मंत्री श्रीपाल यादव जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र तिवारी संगठन मंत्री सोहन कुमार संघर्ष समिति के पदाधिकारी दिनेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ को कमजोर करने का काम कर रहे अध्यक्ष : राहुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष को व्हाट्सएप ग्रुप में अपमानजनक टिप्पणी करने पर सहायक अध्यापक अन्वेष उपाध्याय को बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने निलंबित करके बीआरसी कुड़वार से संबद्ध किया हैं। जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह लंभुआ और शिव शंकर मिश्रा जयसिंहपुर की संयुक्त जांच समिति गठित की। सहायक अध्यापक अन्वेष उपाध्याय द्वारा आरोपों की स्वीकारोक्ति से आरोप पुष्टित पाए गए और निलंबित कर दिया।

विभागीय सूत्र बताते हैं कि अन्वेष उपाध्याय का लिखित जवाब प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने लिखा था और आरोप लगाया था कि चुनावी रंजिश के कारण शिकायत की गई हैं किंतु कोई भी साक्ष्य नहीं दे सके। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय द्वारा अन्वेष उपाध्याय के लिखित जवाब में लगाए गए समस्त आरोप बीएसए द्वारा जांच में अपुष्टित एवं बलहीन पाए गए। अन्वेष उपाध्याय उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के दामाद हैं। पूर्व जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने बताया कि शिक्षक संगठन को बांटने का काम अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय कर रहे हैं। जोड़ने से संगठन सशक्त होता हैं और तोड़ने से कमजोर। हम अपने प्रांतीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में शिक्षकों को जोड़ने का काम करते आए हैं पर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष तोड़ने का काम कर रहे हैं। चुनाव में प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों में समर्थन में रहने वाले ब्लॉक अध्यक्ष मंत्री को संगठन विरोधी बताया जाता हैं जबकि बीते चुनाव में 22 लाख के गबन का आरोप लगा हैं जिसकी शिकायत प्रांतीय नेतृत्व से की गई हैं जिसकी जांच में प्रांतीय नेतृत्व से प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्द जनपद में आने वाला हैं।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सफल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

रुपईडीहा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ( आइ ओ सी) के निर्देश के पालन में भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वाधान में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रुपईडीहा लैंड पोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे 2025 के अवसर पर कॉन्फ्रेंस हॉल में ओलंपिक डे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इस क्विज प्रतियोगिता में भारत व नेपाल के कस्टम, इमीग्रेशन, प्लांट क्वॉरेंटाइन, फूड क्वॉरेंटाइन, एस एस बी के महिला व पुरुष अधिकारीयों, कर्मचारीयों, पत्रकारों और समाज सेवियों ने भाग लिया । क्विज प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एव राष्ट्रीय व अतरराष्ट्रीय खेल विदाओ का पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने की होड़ लगी रही ।

इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया रुपईडीहा के अनिकेत पांडे ने पुरुष वर्ग में एवं महिला वर्ग में रेनू वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया । शुभम सिंह व ऋषभ सिंह क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पत्रकार अमित मद्देशिया, मनीराम शर्मा ने भी एक एक प्रश्न का सही उत्तर दिया । नीरज झा, रोहित पाण्डेय, देवांश सिंह आदि ने भी दो-दो अंक प्राप्त कर अंक तालिका में अपना स्थान बनाया । मुख्य अतिथि डॉक्टर उमाशंकर वैश्य चेयरमैन आदर्श नगर पालिका रुपईडीहा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं दी एवं अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर नेपाल की डॉक्टर कृष्णा पांडे ने लैंड पोर्ट रुपईडीहा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की मुक्त कंठ से प्रशंसा की ।

उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव एवं भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ आनंदेश्वर पांडे ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं क्विज मास्टर सुधीर शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का थीम है लेट्स मूव टुगेदर फॉर हेल्थ एंड कम्युनिटी । सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमाण पत्र जिस पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक एवं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा व उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा जो की इस अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित ओलिंपिक डे क्विज प्रतियोगिता के आयोजक थे।

### अमेठी में परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किये जाने में बड़े पैमाने पर की जा रही अनियमितता

# विद्यालयों को मर्ज किये जाने पर बीएसए को ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने विद्यालय मर्जर के विरोध एवं चयन वेतनमान की स्वीकृति में आ रही समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व वित्त एव लेखाधिकारी से मुलाकात की है। परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किये जाने के सम्बंध में वार्ता करने हेतु मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला की अगुवाई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद अमेठी संख्या के आंकड़ों के आधार पर किये जा रहे विद्यालय मर्ज का पूरी तरह से विरोध करता है।संगठन के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि जब शासन स्तर से कोई संख्या निर्धारित नहीं की गई है तो किस आधार पर अधिकारी विद्यालयों के मर्ज करने की सूची बना रहे हैं इसको स्पष्ट करें । विकासखण्ड गौरीगंज में बड़े पैमाने पर लगभग एक सैकड़ा विद्यालयों के मर्ज की सूची पर कड़ी आपत्ति दर्ज की।कई ग्राम पंचायत के पांच पांच चार चार विद्यालयों को समाप्त कर मर्ज करने की बात पर अपना कड़ा विरोध जताया और यह भी कहा कि आंकड़ों के आधार पर आप विद्यालय मर्ज करने की बात कर रहे हैं परंतु एक विद्यालय के सेवित क्षेत्र के बच्चे दूसरे विद्यालय पर पहुंचेंगे इसकी क्या गारंटी है। उन्होंने कहा कि कई ग्राम सभाओ में एस सी,अति पिछड़ों की बस्ती में स्थापित विद्यालयों को भी सुदूर विद्यालयों में मर्ज किया जा रहा है इस पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई कुछ विद्यालय हाईवे क्रास करके मर्ज कराये जा रहे हैं जिसका भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालयों के मर्ज करने,बच्चों से शिक्षा के मूल अधिकार को उनसे छीनने का विरोध करता है और इसकी लड़ाई प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में पूरे जोर शोर के साथ लड़ी जायेगी। उक्त के अतिरिक्त छोटे-छोटे बच्चों को परिवहन के संसाधनों के अभाव में दूर-दराज पैदल भेजना दूर विद्यालय होने से आउट ऑफ स्कूल बच्चों की संख्या में वृद्धि होने व विद्यालय में नामांकन घटना बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में न रखते हुए दूरदराज सूनसान रास्तों पर जाने के लिए बच्चों को मजबूर करने आरटीई एक्ट के अनुसार प्रति किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय होने निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अक्षरस पालन हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालयों के मर्जर का पूर्णतया विरोध करता है विभिन्न स्तरों पर उक्त के संबंध में जनपद से लेकर प्रदेश संगठन ने उक्त संबंध में अपना विरोध जताया है।उक्त के अलावां विकास क्षेत्र सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी ने महीनों से लंबित चयन वेतनमान के आदेश हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एव वित्त लेखाधिकारी महोदय को समस्या से अवगत कराया ,जिस पर उभय महोदयों द्वारा अविलम्ब निराकरण की बात कही गयी।

## पचास छात्रों से कम वाले विद्यालय होंगे बंद, विरोध में सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। मंगलवार को पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राइमरी स्कूलों के संबंध में एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार, जिन प्राइमरी स्कूलों में छात्र संख्या 50 से कम है, उन्हें बंद कर दूसरे विद्यालयों से जोड़ा जाएगा।

पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने इस निर्णय के विरोध में राज्यपाल को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि अकेले सुलतानपुर जिले में 440 प्राइमरी स्कूल इस आदेश से प्रभावित होंगे। उनका कहना है कि यह निर्णय गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। सलूजा ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में गरीब परिवार अपने बच्चों को नजदीकी स्कूलों में भेज पाते हैं। स्कूलों के बंद होने से दूरी बढ़ेगी और कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाएंगे।

# ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक श्शानदार सफलताश बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी। अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता की हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है। विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा। दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे है। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फैसले से संघर्ष बढ़ने पर श्अराजकता का सिलसिलाश शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही तनाव की स्थिति में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फोर्डो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाकेंष् में रेडिएशन बढ़ने की कोई खबर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है। ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज पर ज्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं कि अब ईरान अमेरिका से बातचीत को तैयार होगा।

# कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

**25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे ख़ासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ‘तानाशाही’ के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, ‘‘कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, ‘‘आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही। माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है।’’ पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दर्शाता है।**

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ‘तानाशाही‘ के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, ‘‘कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, ‘‘आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही। माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। ‘‘ पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दर्शाता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मर्यादाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा, ‘‘हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें?‘‘ मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ‘‘मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था। मई 2004 में इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ''ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को ‘प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला‘ बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं कि कांग्रेस ही संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक संरक्षक है, जबकि सच्चाई यही है कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान के आत्मा को क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिसंबर 2024 को लोकसभा में संविधान पर विशेष बहस के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ''उन्होंने (राजनाथ सिंह) 1975 (आपातकाल) के बारे में बात की तो सीख लीजिए न आप भी... आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगिए... आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए... दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।'' यानी अपनी गलती के लिए माफी मांगने की बजाय सामने वाले को नसीहत देना कांग्रेस की पुरानी फितरत है। प्रियंका ने भी वही किया जो उनकी पार्टी के नेता करते आए हैं। नैयर लिखते हैं कि, ‘‘युद्ध के बाद के जर्मनी ने हिटलर के अत्याचारों के लिए माफी मांगी थी। यहां तक कि जर्मनी ने इसके लिए हर्ज़ाना भी भरा था। ऐसे अत्याचारों के लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती, लेकिन लोगों को सामान्य तौर पर लगता है कि बच्चों को एहसास होगा कि उनके पूर्वजों ने गलती सुधारने की कोशिश की थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमृतसर स्वर्ण मंदिर गए थे और उन्होंने ब्लू स्टार ऑपरेशन के लिए माफी मांगी थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जून, 2024 को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जो शब्द कहे थे, उससे कांग्रेस के मूल स्वरूप और चरित्र को जानना और समझना सरल हो जाता है। योगी ने कहा था कि, उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था और आज भी कांग्रेस में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है। आपातकाल के 45 साल बाद विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि इमरजेंसी का निर्णय गलत था। लेकिन देशवासियों से उन्होंने या कांग्रेस के किसी नेता ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी। कांग्रेस नेता गाहे-बगाहे आपातकाल पर गुमराह करने और बेशर्मी से इस अमानवीय फैसले को सही साबित करते रहते हैं। लेकिन वे अपनी पार्टी के नेता द्वारा लिए गए एक घोर अलोकतांत्रिक और संविधान का गला घोंटने वाले निर्णय, अमानुषिक और तानाशाही रवैये के लिए माफ़ी मांगने का नैतिक और राजनीतिक साहस जुटा नहीं पाते हैं। **-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

# रेअर अर्थ पर आत्मनिर्भरता जरूरी

**हरीश शिवनानी**

आज रेयर अर्थ पर चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेअर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्रेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये ‘अनिवार्य तत्व’ हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए ज़रूरी है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेअर माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है-करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज़्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की ज़रूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# सात रोगों की एक स्वादिष्ट दवा है जामुन का रस

खट्टे-मीठे जामुन खाने में जितने स्वादिष्ट लगते है, इसके फायदे भी उतने ही बेहतरीन है। जामुन को कई तरीकों से खाया जाता है कभी ऊपर से काला नमक लगाकर तो कभी उसका रस बनाकर भी कई लोग पीना पसंद करते हैं। आइए, आपको बताते हैं जामुन का रस पीने से मिलने वाले बेहतरीन लाभ -

भूख न लगना - अगर आपको भूख कम लगती है या आजकल भूख लग ही नहीं रही, तो एक बार जरूर इस स्वादिष्ट उपाय को आजमा लीजिए। कुछ दिनों तक इस का सेवन कीजिए और जादुई लाभ खुद देखिए।

कब्ज - कब्ज के अलावा पेट के अन्य रोगों में भी जामुन का रस बेहद फायदेमंद है। खास तौर से जामुन का सिरका इन रोगों के लिए अमृत के समान असर करता है।

मधुमेह - मधुमेह यानि डायबिटीज के रोगियों के लिए जामुन का रस काफी लाभदायक है। जामुन और आम का रस बराबर मात्रा में मिलाकर पीने से भी मधुमेह में लाभ होता है।

उल्टी दस्त - जामुन के एक किलोग्राम ताजे फलों का रस निकालकर ढाई किलोग्राम चीनी मिलाकर शरबत जैसी चाशनी बना लें। इसे एक ढक्कनदार साफ बोतल में भरकर रख लें। जब कभी उल्टी-दस्त या हैजा जैसी बीमारी की शिकायत हो, तब दो चम्मच शरबत और एक चम्मच अमृतधारा मिलाकर पिलाने से तुरंत राहत मिल जाती है।

शारीरिक दुर्बलता - जामुन का रस, शहद, आंवले या गुलाब के फूल का रस बराबर मात्रा में मिलाकर एक-दो माह तक प्रतिदिन सुबह के वक्त सेवन करने से रक्त की कमी एवं शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। यौन तथा स्मरण शक्ति भी बढ़ जाती है।

यह त्वचा का रंग बनाने वाली रंजक द्रव्य मेलानिन कोशिका को सक्रिय करता है, अतः यह रक्तहीनता तथा ल्यूकोडर्मा की उत्तम औषधि है। इसके अलावा जामुन यकृत को शक्ति प्रदान करता है और मूत्राशय में आई असामान्यता को सामान्य बनाने में सहायक होता है।

मुंह में छाले होने पर जामुन का रस लगाएं, जामुन का रस तिल्ली के रोग में हितकारी है। वहीं विषैले जंतुओं के काटने पर जामुन के रस के साथ जामुन की पत्तियों का रस भी पिलाना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# घर की शुद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के लिए कराएं हवन, होंगे ये फायदे

कई शोध ये बात साबित कर चुके है कि हवन न केवल वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हैं, बल्कि अच्छी सेहत के लिए भी जरूरी है। हवन के धुएं से प्राण में संजीवनी शक्ति का संचार होता है। हवन के माध्यम से बीमारियों से छुटकारा पाने का जिक्र ऋग्वेद में भी है। हवन के लिए पवित्रता की जरूरत होती है ताकि सेहत के साथ उसकी आध्यात्मिक शुद्धता भी बनी रहे। हवन करने से पूर्व स्वच्छता का ख्याल रखें। हवन के लिए आम की लकड़ी, बेल, नीम, पलाश का पौधा, कलीगंज, देवदार की जड़, गूलर की छाल और पत्ती, पीपल की छाल और तना, बेर, आम की पत्ती और तना, चंदन की लकड़ी, तिल, जामुन की कोमल पत्ती, अश्वगंधा की जड़, तमाल यानि कपूर, लौंग, चावल, ब्राम्ही, मुलैठी की जड़, बहेड़ा का फल और हर्रे तथा घी, शकर जौ, तिल, गुगल, लोभान, इलायची एवं अन्य वनस्पतियों का बूरा उपयोगी होता है। हवन के लिए गाय के गोबर से बनी छोटी-छोटी कटोरियां या उपले घी में डूबो कर डाले जाते हैं। हवन से हर प्रकार के 94 प्रतिशत जीवाणुओं का नाश होता है, अतः घर की शुद्धि तथा सेहत के लिए प्रत्येक घर में हवन करना चाहिए। हवन के साथ कोई मंत्र का जाप करने से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है, शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, अतः कोई भी मंत्र सुविधानुसार बोला जा सकता है।

## पर्यटन



# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर के लिए जाएं अंडमान-निकोबार

छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबर बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। बेस्ट टाइम- 572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सितबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे। साफ-सुंदर बीच- पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनान बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूब डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफ़ेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें। एलीफेंट बीच- यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। राधानगर बीच- हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगज़ीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफ़ेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

# मेला सम्पन्न कराने वाले अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें : डीएम

### महादेवा में लगने वाले श्रावण मास मेले की तैयारियों से संबंधित बैठक आयोजित

### डीएम ने बिजली पानी व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था के दिये निर्देश

### चाक चौबंद रहेगी मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों से भी होगी निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी राम नगर श्री विवेक शील यादव सहित जिले के अधिकारियों सहित पूर्व विधायक मा0 श्री शरद अवस्थी, मेला कमेटी के सम्मानित सदस्यगण व सम्भ्रांतजन के साथ श्री लोधेश्वर धाम महादेवा में लगने वाले श्रावण मास मेला 2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने मेला व्यवस्था को सम्पन्न कराने वाले अधिकारियों, कमर्चारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बैरिकेडिंग के कार्यों की व्यवस्था सुरक्षा मानकों को दृष्टिगत रखते हुए की जाए। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग की बल्लियों के बीच में लोहे की मजबूत जाली का प्रयोग अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग पूर्व की भांति चयनित स्थलों पर की जाए। इसके साथ ही पार्किंग स्थल की बैरिकेडिंग व प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी रामनगर को आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावण मास मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु सभी व्यवस्थाओं को नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया।




जिलाधिकारी ने कहा कि बोहनिया तालाब और अभरन तालाब पर व उसके आसपास प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा रात्रि में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। इसके साथ ही जनरेटर की भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभरन तालाब के चारों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में जिन नालियों पर ढकें पत्थर टूट गए हैं, उन नालियों को पत्थर से ढकने की कार्रवाई की जाए। जो नल खराब हो चुके हैं, उनको दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रामनगर को आगामी महादेवा मेला के दौरान होने वाली सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की एक कार्ययोजना बनाकर डायग्राम के रूप में तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे इन सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को महादेवा कॉरिडोर के प्रोजेक्ट में समाहित किया जा सके। बैठक के दौरान खाद्य पदार्थ की जांच, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व प्रकाश की व्यवस्था, मेला में विक्रय सामग्री के रेट का निर्धारण, मेला परिसर में सांड एवं छुट्टा जानवरों को हटवाया जाना, दुकानों को सुव्यवस्थित ढंग से लगवाने, अवैध अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई आदि विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने संबन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले परिसर में जो भी दुकान लगाई जाए, उन समस्त दुकानों पर दुकानदार का नाम व पता पहचान पत्र सहित रेट बोर्ड लगवाने की कार्रवाई की जाए।

# विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक सम्पन्न, सेवा-संस्कार और संगठन विस्तार पर हुआ विस्तृत मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड स्तरीय बैठक आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए बुढ़वल चौराहा स्थित कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा ने की, जबकि संचालन जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के जिला उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रताप सिंह 'मुन्ना' ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा 'बजरंग दल' राष्ट्र सेवा, सुरक्षा और संस्कृति के संरक्षण हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का मूल आधार सत्संग और संस्कार है, और यही तत्व समाज को दिशा प्रदान करते हैं। आज समय की मांग है कि संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ युवाओं को संस्कारित कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय किया जाए।



विहिप के जिला मंत्री राहुल कुमार ने आगामी 14 अगस्त को मनाए जाने वाले अखंड भारत संकल्प दिवस की जानकारी देते हुए कहा कि यह दिवस राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे इस अवसर पर वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संतुलन हेतु संगठन वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से निम्न विषयों पर विचार-विमर्श एवं निर्णय लिए गए–

संगठनात्मक विस्तार : सत्संग एवं बलोपासना केंद्रों की सक्रियता संस्कारशाला एवं शक्ति साधना केंद्रों का नियमित संचालन साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों की सुदृढ़ व्यवस्था

मातृशक्ति एवं गौ रक्षा प्रकोष्ठों की सक्रिय सहभागिता : बैठक में संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से पूर्व जिला सेवा प्रमुख निर्मल मिश्रा, प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत वर्मा, जिला सह-संयोजक विनय वर्मा, प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका सुमन अवस्थी, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दिलीप दीक्षित, श्रीकांत, कृष्ण कुमार निगम, प्रखंड संयोजक अंशु शुक्ला, अजय विश्वकर्मा, मनोज पाल एवं इंद्रजीत द्विवेदी आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

बैठक का समापन वंदेमातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# बाघ, तेंदुओं और अन्य हिंसक पशुओं से बचाव के लिए प्रदेश में बन रहे हैं रेस्क्यू सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने मानव एवं वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में एक जरूरी कदम उठाया है। वन विभाग प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बाघ, तेंदुओं, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आये दिन होने वाले संघर्ष को कम करने के लिए रेस्क्यू सेंटर बना रहा है। ये रेस्क्यू सेंटर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में बनाये जा रहे हैं। जो क्रमशः पश्चिमी यूपी, तराई एवं अवध क्षेत्र और बुंदेलखण्ड में जंगलों से रिहाइश की ओर भागे हिंसक जानवरों को सेल्टर प्रदान करेगा। जिससे एक ओर इन वन्य जीवों को संरक्षण प्राप्त होगा तो वहीं दूसरी ओर वन क्षेत्रों के बफर एरिया और आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को भी सुरक्षा मिलेगी।

वन एवं वन्य जीव विभाग बाघ, तेंदुओं और सियार जैसे बड़े हिंसक पशुओं से संरक्षण और उनके मानवों से संघर्ष को कम के उद्देश्य से अत्याधुनिक 4 रेस्क्यू सेंटर स्थापित कर रहा है। ये रेस्क्यू सेंटर प्रदेश के 4 जिलों मेरठ के हस्तिनापुर वन्यजीव अभ्यारण्य, पीलीभीत के राष्ट्रीय उद्यान, महराजगंज के सोहागीबरवा वन्यजीव अभ्यारण्य और चित्रकूट के रानीपुर वन्य जीव अभ्यारण्य में बनाये जा रहे हैं। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर की स्थापना का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है। ये रेस्क्यू सेंटर विशेष रूप से पश्चिमी यूपी, तराई क्षेत्र, अवध और बुंदेलखण्ड के क्षेत्र को कवर करने के लिए मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट जिलों में बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज़ (सीएनडीएस) कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 57 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जल्द ही उनमें जरूरी मैन पावर और इक्युपमेंट की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा।

रेस्क्यू सेंटर के संचालन में वन विभाग का सहयोग करेगी एसडीआरएफ मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर में आधुनिक सुविधाओं युक्त आवास, उपचार केंद्र, क्वारंटीन क्षेत्र, वॉच टावर और प्रशिक्षण हॉल भी बनाये गये हैं। इन रेस्क्यू सेंटरों में बाघ, तेंदुओं, सियार जैसे हिंसक पशुओं को त्वरित राहत व पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू सेंटर के लिए जरूरी मैन पावर और इक्युपमेंट की पूर्ति राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के सहयोग से की जाएगी। उन्होंने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं आपदा के अंतर्गत आती हैं।

## सांझ होते ही सनसनीः खेत से लौटते ही युवक की रहस्यमयी मौत, पूरे गांव में दहशत का माहौल

हैदरगढ़, बाराबंकी। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के मंगलपुर गांव में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब खेत से लौटते एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान ननकऊ पुत्र मैकू के रूप में हुई है, जो सुबह गांव निवासी गया सिंह के खेत में दवा डालने गया था। सूत्रों के अनुसार, खेत में दवा छिड़कने के बाद ननकऊ सीधे गया सिंह के घर पहुंचा, लेकिन वहां से बाहर निकलते ही वह अचानक बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर मनोज कुमार तिवारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी अधीक्षक डॉ. हरप्रीत सिंह ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने बताया कि, ''फिलहाल किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, शिकायत मिलने पर मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही मौत के असली कारण से पर्दा उठा सकेगी।

## लविवि के प्रोफ़ेसर रविकांत से मिले अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के अम्बेडकरवादी दलित प्रोफ़ेसर रविकांत समाज में फैल रही नफरत और हिंसा एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर लगातार आवाज उठाते और लिखते रहते हैं। इस बात से नाराज भाजपा सरकार ने उन पर मुकदमा कर उनको जेल भेजने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रोफ़ेसर रविकांत से मिलने के बाद एक एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राजनीति और जातिगत विद्वेष के कारण भाजपा सरकार योजनाबद्ध तरीके से एक दलित शिक्षक की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रोफ़ेसर रविकांत के आवास पर मिलकर उक्त प्रकरण पर उनसे बातचीत की और आश्वासन दिया कि उनके साथ कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई के साथ-साथ सरकार का घेराव भी किया जायेगा।

नगर पंचायत दरियाबाद में खड़ी सरकारी मशीनें बनीं उपेक्षा का शिकार

# आमजन के धन की हो रही बर्बादी

### जेसीबी, ट्रॉली, टैंकर और ऑटो रिक्शा वर्षों से खड़ी होकर हो रहीं कबाड़ में तब्दील, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। आमजन के टैक्स से खरीदी गई सरकारी मशीनें यदि निष्क्रियता और उपेक्षा के चलते कबाड़ बन जाएं, तो इसे प्रशासनिक लापरवाही न कहा जाए तो और क्या? कुछ ऐसी ही तस्वीर नगर पंचायत दरियाबाद में देखने को मिल रही है, जहां लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई जेसीबी मशीन, ट्रॉली, टैंकर, ऑटो रिक्शा सहित अन्य उपकरण लावारिस हालत में वर्षों से धूल फांक रहे हैं।

स्थानीय लोगों की मानें तो ये मशीनें बीते कई वर्षों से कभी कभार ही इस्तेमाल में लाई गई हैं, और अब तो इन्हें कब-कब देखा था, इसकी स्मृति भी धुंधली हो गई है।



नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों की योजनाएं और सुविधाएं जनता के नाम पर आती हैं, लेकिन धरातल पर उनका समुचित उपयोग नहीं हो रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में जेसीबी मशीन, जबकि 2022 में ऑटो रिक्शा समेत कुछ अन्य वाहन नगर पंचायत द्वारा खरीदे गए थे। शुरुआत में इनका इस्तेमाल नगण्य रूप से हुआ, फिर धीरे-धीरे इनकी स्थिति इतनी उपेक्षित हो गई कि अब ये मशीनें गोदाम में खड़ी-खड़ी जंग खा रही हैं। हालांकि इस विषय में नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी शीलू अवस्थी ने बताया कि जेसीबी मशीन का उपयोग किया जाता है, लेकिन लोडर में तकनीकी समस्या आने के कारण उसका उपयोग सीमित हो गया था, जिसे शीघ्र ही दुरुस्त कराया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर की सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु मशीनों के समुचित उपयोग की व्यवस्था की जाएगी। बावजूद इसके, नगर के जागरूक नागरिकों ने इस मामले पर गहरी चिंता जताते हुए उच्चाधिकारियों से जांच कराए जाने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि इन मशीनों का समुचित उपयोग किया जाए, तो नगर में सफाई व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, जल निकासी समेत कई कार्यों में सुविधा मिल सकती है। लेकिन जब करोड़ों की मशीनें यूं ही निष्क्रिय खड़ी रहेंगी, तो नगर की तरक्की कैसे होगी? यह पूरा मामला एक बार फिर सरकारी संसाधनों की देखरेख और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। समय रहते यदि सजगता न दिखाई गई, तो न केवल संसाधनों की बर्बादी होगी बल्कि आमजन का भरोसा भी तंत्र से उठ जाएगा।

# महिला शिक्षक संघ ने बीईओ का किया भव्य स्वागत

## शिक्षा गुणवत्ता को लेकर मिला सकारात्मक संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) धर्मेंद्र प्रसाद के हैदरगढ़ में पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। इस मौके पर बीईओ धर्मेंद्र प्रसाद ने कहा, ''शिक्षकगण विद्यालयों को निपुण बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएं। हम सब मिलकर शैक्षिक वातावरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। स्वागत समारोह में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में श्रीमती रीता राना, मंजू रावत, बाला जायसवाल, प्रतिभा सिंह,



प्रियंका यादव, रूबी वर्मा, विनीता विश्वकर्मा, अंशु उपाध्याय, भावना मिश्रा व निरुपमा मिश्रा आदि शामिल रहीं।

खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने वक्तव्य में ब्लॉक में शैक्षिक स्तर को सुदृढ़ करने हेतु दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। ब्लॉक अध्यक्ष प्रियंका सिंह ने विश्वास जताया कि ''बीईओ के नेतृत्व में निश्चित ही ब्लॉक हैदरगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा और उन्नति की ओर अग्रसर होगा।''

# देश में पूंजीगत निवेश के मामले में तेजी से उभर रहा है उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पूंजीगत निवेश के मामले में देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडीचर) में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है। उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना।

बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्रस्तुत की गई हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3 प्रतिशत), गुजरात (9.4 प्रतिशत), महाराष्ट्र (8.3 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.1 प्रतिशत) और कर्नाटक (7.6 प्रतिशत) मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। इन आंकड़ों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश का नाम आना इस बात का संकेत है कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9 प्रतिशत पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9 प्रतिशत), गुजरात (8.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (7.5 प्रतिशत) और ओडिशा (6.4 प्रतिशत) थे।

पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश में लोकप्रिय बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे मेगाप्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है।

अधिकारियों की माने तो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे राज्य का कैपिटल एक्सपेंडिचर भी बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। यही नहीं, केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त कोशिशों से यूपी को बजट आवंटन, परियोजनाओं की मंज़ूरी और वित्तीय सहायता में बड़ी बढ़त मिली है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और नगरीय विकास जैसे क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10.6 प्रतिशत बढ़कर 69.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12.3 प्रतिशत और पूंजीगत प्राप्तियां 6.6 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13.3 प्रतिशत राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11.3 प्रतिशत), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5.9 प्रतिशत प्रत्येक) रहेंगे।

# भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का निधन, 77 साल की उम्र में ली आखरी सांस



एजेंसी

लंदन। भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोषी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। क्रिकेट करियर के बाद दोशी हिंदी कॉमेंटेटर के तौर बेहद लोकप्रिय रहे। दोशी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैचों में 114 विकेट लिये। उन्होंने छह बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया। इसके अलावा उन्होंने 15 एकदिवसीय मैचों में महज 3.96 की इकॉनमी के साथ 22 विकेट लिए। 238 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में उन्होंने 898 विकेट झटके। प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए तथा छह बार एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1979 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में पदार्पण किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दिलीप दोशी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। लंदन में उनका निधन हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### भारतीय क्रिकेट समुदाय ने दिलीप दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ''मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा, ''उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।'' बिशन सिंह बेदी के संन्यास के बाद 1979 में दोशी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 1983 तक कुल 33 मैच खेले और 114 विकेट हासिल किये। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता सुनील जोशी ने ट्वीट किया, ''अब भी यकीन नहीं हो रहा है, हमने पिछले बुधवार को ही बात की थी और वह ठीक लग रहे थे। दिलीप दोशी सर के निधन से दिल टूट गया है। वह मैदान पर महान खिलाड़ी थे और मैदान के बाहर सच्चे सज्जन व्यक्ति थे।

# अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर पंत को फटकार लगाई

एजेंसी



लीड्स। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा, ''पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफ़ेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल।** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2–0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1–0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4–0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2–2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार–चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2–0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा। लेकिन ब्राज़ील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

### दुर्लभ खनिज के उत्पादन के लिए सब्सिडी योजना पर निर्णय 15–20 दिन में होगा: कुमारस्वामी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा है दुर्लभ खनिज (पृथ्वी चुंबक) के घरेलू उत्पादन पर सब्सिडी योजना शुरू करने के बारे में 15 से 20 दिन में निर्णय लिया जाएगा। इस योजना के तहत सब्सिडी की मात्रा निर्धारित करने के लिए हितधारकों के साथ विचार–विमर्श जारी है। भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने कहा कि यदि कुल प्रोत्साहन 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होता है, तो योजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हैदराबाद की एक कंपनी है३ वह इसमें रुचि दिखा रही है। उन्होंने वादा किया है कि वे इस साल के अंत यानी दिसंबर तक 500 टन की आपूर्ति करेंगे। हमने खान मंत्री के साथ चर्चा की है। हमारे सचिव और हमारा मंत्रालय इस पर काम कर रहे हैं, अंततः, मुझे लगता है कि 15 से 20 दिन के भीतर निर्णय लिया जाएगा। चीन द्वारा प्रमुख धातुओं के निर्यात पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत सहित कई देशों में वाहन और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। सचिव ने कहा कि दुर्लभ खनिज के वास्तविक उत्पादन में करीब दो वर्ष लगेंगे। इस दौरान सरकार, उद्योग के साथ मिलकर जापान और वियतनाम सहित अन्य वैकल्पिक स्रोतों से खरीद की संभावना तलाशेगी। रिजवी ने कहा, ''आप जानते हैं कि जापान और वियतनाम में दुर्लभ खनिज उपलब्ध हैं। हम वहां से इसे लेने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्लभ पृथ्वी चुंबक में नियोडिमियम–आयरन–बोरॉन (एनडीएफईबी) शामिल है। इसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन (दोपहिया व यात्री वाहनों) में ट्रैक्शन मोटर और इलेक्ट्रिक वाहन एवं परंपरागत वाहन (आंतरिक दहन इंजन) में पावर स्टीयरिंग मोटर (यात्री वाहनों में) के लिए किया जाता है। सब्सिडी से दुर्लभ पृथ्वी ऑक्साइड को चुंबक में बदलने के लिए प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने को निवेश मिल सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि परमाणु ऊर्जा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रम इंडियन रेयर अर्थ मैग्नेट्स लिमिटेड के पास ही दुर्लभ पृथ्वी चुंबक का भंडार है। कंपनी के पास पास 1,500 टन चुंबक बनाने के लिए पर्याप्त दुर्लभ पृथ्वी तत्व हैं।

# जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह ईमानदार और अच्छे इंसान हैं: गांगुली

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा, ''देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे। इससे पहले गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे। गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष बने। एक राजनीतिक परिवार के वारिस और एक प्रसिद्ध क्रिकेट स्टार के बीच आपसी रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा कि उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे जो आज भी कायम हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। जब वह सितंबर 2019 में गुजरात क्रिकेट संघ से सीधे बीसीसीआई में आए तो वह काफी युवा थे। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं। गांगुली ने कहा, ''जाहिर तौर पर उनकी अपनी अलग सोच थी और यह सही भी है। वह कुछ नया करना चाहते थे और आज भी ऐसा करते हैं। अब वह आईसीसी के अध्यक्ष हैं और यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। गांगुली का मानना है कि समय के साथ शाह अपने काम में निपुण होते गए। जल्द ही 53 साल के होने वाले इस सुपरस्टार ने कहा, ''वह खिलाड़ियों का बहुत समर्थन करते हैं। जैसे-जैसे उन्होंने सीखा, वह अपने काम में निपुण होते गए। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह इस खेल के लिए अच्छा करना चाहते हैं। कोलकाता के इस दिग्गज ने कहा कि शाह को अपनी स्थिति का पूरा अहसास था और वह हमेशा अपने काम को सिद्धांतबद्ध तरीके से करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''वह बहुत ईमानदार हैं और वह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ थे कि वह कौन है और उनके साथ क्या हो सकता है।

### वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकट से हराया, सीरीज भी जीती

केव हिल। कप्तान हेली मैथ्यूज (65 रन/ एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली है। दक्षिण अफ्रीका के 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। किआना जोसेफ (छह) और रीलेआना ग्रिमोंड (पांच) रन बनाकर आउट हुई। संकटमोचक के रूप में बल्लेबाजी करने आयी शमैन कैंपबेल ने कप्तान हेली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 82 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। 16वें ओवर मैरीजान कप्प ने शमैन कैंपवेल को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

# एसएंडपी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.5 फीसदी

एजेंसी




नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत?पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। रेटिंग्स एजेंसी ने मंगलवार को आज जारी एशिया प्रशांत आर्थिक परिदृश्य में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को ध्यान में रखते हुए विकास दर के अनुमान में ये इजाफा किया है। हालांकि, एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी टैरिफ झटकों का हवाला देते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 20 आधार अंकों (0.20 फीसदी) घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। एजेंसी ने जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं जिसका एशिया प्रशांत महासागर क्षेत्र के आर्थिक विकास पर असर होगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 90 फीसदी आयात पर निर्भर है और अपनी प्राकृतिक गैस का लगभग आधा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। एसएंडपी ने कहा कि घरेलू मांग में लचीलापन, भारत जैसी वस्तुओं के निर्यात से कम जुड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी को सीमित करने में विशेष रूप से प्रासंगिक है। एसएंडपी ने कहा कि हमें लगता है कि 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी। इस पूर्वानुमान में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें, आयकर में छूट और मौद्रिक सहजता को शामिल किया गया है। भारत के लिए एसएंडपी का विकास दर का ताजा अनुमान रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा इस महीने की शुरुआत में जताए गए 6.5 फीसदी के अनुमान के अनुरूप है।

## एचसीएल महत्वपूर्ण खनिज, आरईई ब्लॉक के लिए आईओसीएल, गेल, राइट्स के साथ बोली लगाएगी: अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। खान मंत्रालय के तहत आने वाली मिनी रत्न कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड अपनी विविधीकरण रणनीति के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), गेल (इंडिया) और राइट्स जैसे अन्य पीएसयू के साथ मिलकर महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) ब्लॉक के लिए बोली लगाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी जल्द ही इसके लिए आईओसीएल और गेल (इंडिया) लिमिटेड के साथ गैर-बाध्यकारी समझौता करेगी। एचसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''हिंदुस्तान कॉपर (एचसीएल) उन नीलामी में भाग लेगी, जो न केवल तांबे के ब्लॉक के लिए बल्कि महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों से संबंधित ब्लॉक के लिए भी होंगी। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, यदि खान मंत्रालय और राज्य सरकार द्वारा नीलामी के लिए कोई महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक या आरईई आता है, तो हम उनका मूल्यांकन करेंगे और एचसीएल उन ब्लॉक के लिए बोली लगाने को अन्य पीएसयू के साथ गठजोड़ करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी चिली में तांबा और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की खोज से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ समझौता करने की भी योजना बना रही है। सिंह ने आगे कहा कि एचसीएल का एक दल पहले ही उन ब्लॉक को अंतिम रूप देने के लिए मौजूद है, जिनमें कंपनी भाग लेने जा रही है। इस महीने की शुरुआत में, इंजीनियरिंग कंपनी राइट्स लिमिटेड ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में महत्वपूर्ण खनिजों सहित धातुओं और खनिजों के लिए आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ खुला, 26 जून तक कर सकेंगे निवेश

एजेंसी



मुंबई। औद्योगिक एवं चिकित्सा गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए मंगलवार को खुल गया। निवेशक 26 जून तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल?य का दायरा (प्राइस बैंड) 380-400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 1 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। कंपनी इस आईपीओ के जरिए टोटल 852.53 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी इस इश्यू में 452.53 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए 400 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे, जिसमें पद्म कुमार अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयर और वरुण अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयर की बिक्री की जाएगी। इसमें निवेश करने के लिए कम से कम 37 शेयरों का एक लॉट खरीदना जरूरी होगा। एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का यह प्रस्ताव बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध प्रस्ताव का 50 फीसदी हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों को और 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों को तथा 35 फीसदी से कम हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा। कंपनी इस नए इश?यू से प्राप?त 210 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व भुगतान के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि 1973 में स्थापित एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेस लिमिटेड (ईआईजीएल) कंपनी औद्योगिक, चिकित्सा और विशेष गैसों का एक प्रमुख भारतीय निर्माता तथा आपूर्तिकर्ता भी है। ये भारत में सबसे पुरानी संचालित औद्योगिक गैस कंपनियों में से एक है। ये कंपनी ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, एसिटिलीन, नाइट्रोजन, हीलियम, हाइड्रोजन, आर्गन और नाइट्रस ऑक्साइड सहित औद्योगिक गैसों का निर्माण और आपूर्ति करती है।

# सोने की कीमत में गिरावट जारी चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला आज भी जारी है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये से लेकर 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,290 रुपये से लेकर 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के भाव में गिरावट आने के बावजूद चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,09,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है।

### एनएसए डोभाल ने चीन में एससीओ बैठक में कहा

# सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

एजेंसी

बीजिंग। नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को रशियन फ़ेडरेशन सिक्योरिटी काउंसिल के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्तोव से मुलाकात की। यह मुलाकात बीजिंग में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटरीज की 20वीं बैठक में हुई। चीन में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ह्लरशियन फ़ेडरेशन की सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी अलेक्जेंडर वेनेडिक्तोव ने मंगलवार को बीजिंग में एससीओ सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटरीज की 20वीं बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की।



भारत और रूस के बीच यह उच्च स्तरीय बातचीत एससीओ फ्रेमवर्क के तहत चल रही बहुपक्षीय चर्चाओं के बीच हुई है। इसमें सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद-रोधी मुद्दे एजेंडे में सबसे अहम हैं।विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि एक दिन पहले, एनएसए डोभाल ने बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। यह बैठक डोभाल की चीन यात्रा के संदर्भ में हुई, जहां वह एससीओ फोरम में हिस्सा लेने गए थे। यह फोरम प्रमुख यूरेशियाई देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को एक मंच पर लाता है। बैठक के दौरान, डोभाल और वांग दोनों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इसके साथ ही दो एशियाई शक्तियों के बीच समग्र संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। भारत ने कथित तौर पर चीन की अध्यक्षता में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपनाए जाने वाले दस्तावेजों में से एक में, हाल ही में पहलगाम आतंकवादी हमले के संदर्भ को शामिल करने के लिए दबाव डाला है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, एनएसए ने उल्लेख किया कि वह विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के 24वें दौर के लिए एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर भारत में वांग यी से मुलाकात करने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने कथित तौर पर चीन की अध्यक्षता में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपनाए जाने वाले दस्तावेजों में से एक में, हाल ही में पहलगाम आतंकवादी हमले के संदर्भ को शामिल करने के लिए दबाव डाला है। यह कदम बहुपक्षीय मंचों के जरिए आतंकवाद से निपटने पर भारत के लगातार जोर देने को दर्शाता है। एससीओ की स्थापना जून 2001 में शंघाई में हुई थी। यह एक स्थायी अंतर-सरकारी संगठन है। यह संगठन मुख्य रूप से सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय संपर्क पर केंद्रित है। इसके सदस्य देशों में भारत, चीन, रूस, ईरान, पाकिस्तान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं।

# मूंग और उड़द की मूल्य समर्थन योजना पर होगी खरीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए मूंग और उड़द की खरीद मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत करने की घोषणा की है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां एक बैठक में मध्य प्रदेश में मूंग और उड़द तथा उत्तर प्रदेश में उड़द को मूल्य समर्थन योजना (पी.एस.एस) के अंतर्गत खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। उन्होंने खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ चर्चा की और नेफ़ेड, एन.सी.सी.एफ. और राज्य के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मध्य प्रदेश के लिए राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव पर मंत्रालय के विचार करने तथा केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार और अन्यों के साथ बैठक के उपरांत पी.एस.एस. के अंतर्गत राज्य में



ग्रीष्मकालीन मूंग तथा ग्रीष्मकालीन उड़द खरीद करने की मंजूरी प्रदान की गई है। उत्तरप्रदेश में पी.एस.एस. के अंतर्गत राज्य में ग्रीष्मकालीन उड़द खरीद करने की मंजूरी प्रदान की गई है। श्री चौहान ने कहा कि मूंग और उड़द की खरीद के फैसले से केंद्र सरकार को वित्तीय भार वहन करना पड़ेगा, लेकिन इसके बावजूद सरकार किसान हित में किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खरीद का सही तरीका सुनिश्चित करना आवश्यक है। किसानों से सीधे खरीद से ही बिचौलियों की सक्रियता कम होगी और लाभ सही मायनों में किसान तक पहुंच पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आधुनिकतम और कारगर प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के साथ किसानों के पंजीकरण की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर खरीद केंद्रों की संख्या में भी इजाफा करना चाहिए और उचित तथा पारदर्शी व्यवस्था के साथ खरीद सुनिश्चित होनी चाहिए। श्री चौहान ने भंडारण में अनियमितताओं की शिकायत को लेकर भी चिंता व्यक्त की।

## सिंह ने जोहान्सबर्ग में 9वीं जेडीसी की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का किया नेतृत्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 9वीं संयुक्त रक्षा समिति (जेडीसी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

ये बैठक गत 23 और 24 जून को आयोजित हुई। दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के कार्यवाहक रक्षा सचिव डॉ. थोबेकिले गामेदे ने किया। बैठक के पहले दिन की शुरुआत दोनों सह-अध्यक्षों की टिप्पणियों के साथ हुई, जिसमें एजेंडा निर्धारित किया गया और जेडीसी को रिपोर्ट करने वाली दो उप-समितियों को व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। दोनों पक्षों द्वारा उन्हें अपने रक्षा उद्योग की क्षमताओं के बारे में जानकारी दी। रक्षा सचिव श्री सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के साथ ऐतिहासिक संबंधों को याद किया तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने रक्षा विनिर्माण और निर्यात में भारत की बढ़ती ताकत पर प्रकाश डाला तथा दक्षिण अफ्रीका के साथ संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दूसरे दिन आपसी हित के क्षेत्रों पर चर्चा की गई तथा भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों को और मजबूत करने के लिए आगे का रास्?ता तय किया गया। पनडुब्बी सहयोग के क्षेत्र में हाल ही हस्ताक्षरित दो समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा नीति एवं सैन्य सहयोग तथा रक्षा अधिग्रहण, उत्पादन, अनुसंधान एवं विकास संबंधी दो उप-समितियों ने जे.डी.सी. को चर्चा के परिणाम की रिपोर्ट दी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में रक्षा विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, सेना और भारतीय उच्चायोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच रक्षा सहयोग 1996 चला आ रहा है, जब 'रक्षा उपकरण के क्षेत्र में सहयोग' पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसे 2000 में एक समझौता ज्ञापन द्वारा और उन्नत किया गया था।

# सभी तापविद्युत संयंत्रों में कोयले की रिकॉर्ड उपलब्धता

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच कोयला लॉजिस्टिक्स और परिवहन दक्षता की समीक्षा के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें कोयले के अधिकाधिक परिवहन के लिए समन्वय पर बढ़ाने पर जोर दिया गया।

श्री रेड्डी और श्री वैष्णव के बीच चर्चा का मुख्य फोकस साइलो लोडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी लाने पर था, जो कोयला निकासी की गुणवत्ता और गति को काफी हद तक बढ़ाता है। साइलो लोडिंग से कोयले का एक समान आकार सुनिश्चित होता है, बिजली संयंत्रों से बोल्डर की शिकायतों को दूर किया जाता है, वैगन को



होने वाले नुकसान को कम किया जाता है और मौसम की गड़बड़ी से अप्रभावित विश्वसनीय संचालन प्रदान किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, साइलो के माध्यम से लोड किए गए कोयले का हिस्सा 2022-23 में 18.8 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 (आज तक) में 29 प्रतिशत हो गया है, जो कोयला रसद में एक केंद्रित और निरंतर सुधार को दर्शाता है। दोनों मंत्रियों ने प्रमुख कोयला क्षेत्रों में साइलो सुविधाओं के विस्तार के लिए मौजूदा और आगामी परियोजनाओं की समीक्षा की। खदान से लेकर संयंत्र तक परिचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय पर भी जोर दिया गया। बैठक में माना गया है कि सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का स्टॉक वर्ष 2025 तक के लिए 613 लाख टन (25 दिनों की खपत के लिए पर्याप्त) के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है और यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह रिकॉर्ड स्टॉक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करता है और उच्च मांग वाली गर्मियों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है और मानसून के महीनों में पर्याप्त स्टॉक का विश्वास बढ़ाता है, जब भारी बारिश के कारण कोयला उत्पादन और परिवहन बाधित होता है।

## आपातकाल के 50 साल पूरा होने पर दिल्ली भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठियां

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश में आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरा होने पर मंगलवार को प्रदेश के सात जिलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया और आपातक़ालीन बंदियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रमों के प्रदेश संयोजक विधायक गजेंद्र यादव और सह संयोजक राजीव बब्बर, पंकज जैन, विधायक हरीश खुराना और प्रदेश मंत्री सोना कुमारी हैं। इस मौके पर नवीन शहादरा जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजकुमार भाटिया ने जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार की उपस्थिति में सबको संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। वहीं, चांदनी चौक जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश मंत्री विनोद बछेती ने जिला अध्यक्ष अतुल गर्ग की उपस्थिति में लोगों को संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। इसी तरह से करोल बाग जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा नेता राजीव बब्बर, जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर की उपस्थिति में लोगों को संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। उत्तर पूर्व जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश मंत्री किशन शर्मा ने जिला अध्यक्ष श्री यू. के चौधरी की उपस्थिति में आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। केशवपुरम जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल गुप्ता ने जिला अध्यक्ष अजय खटाना की उपस्थिति में लोगों को संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। वहीं, मयूर विहार जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा नेता महेन्द्र आहूजा ने जिला अध्यक्ष श्री विजेन्द्र धामा की उपस्थिति में आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। शाहदरा जिला में बाल मंदिर पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला संगोष्ठी में भाजपा नेता जय प्रकाश ने जिला अध्यक्ष दीपक गाबा की उपस्थिति में संगोष्ठी को संबोधित कर आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया।

### मोदी सरकार ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने देश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और नोटबंदी से शुरू होकर देश के लोगों पर हर वर्ष नए प्रयोग हो रहे हैं। जनता को नित नए तरीकों से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बचत खातों से मिलने वाली ब्याज दरें 25 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे बुजुर्गों और आम नागरिकों की जेब पर सीधा वार हो रहा है। बैंकों ने अपने दरवाज़ों को पहले ही आम लोगों के लिए बंद कर रखा है। इसके बाद तो वे केवल बेहद अमीर पूंजीपति मित्रों के लिए उपलब्ध रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की जनता की ख़ुशहाली प्रधानमंत्री की पहली ज़िम्मेदारी है लेकिन सरकार पूंजीपतियों की संपत्ति को बढ़ाने के लिए देश की जनता के धन को शेयर मार्केट के माध्यम से कंपनियों की ओर ही मोड़ने में व्यस्त हैं। श्री रमेश ने कहा कि यह देश की जनता के प्रति बहुत बड़ा अन्याय और धोखा है।

### पहलगाम हमले में कोई स्थानीय संलिप्त नहीं, सभी हमलावर बाहरी थे: उमर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में कोई स्थानीय संलिप्त नहीं थे और सभी हमलावर विदेशी नागरिक थे। श्री अब्दुल्ला ने पर्यटन स्थल गुलमर्ग में संवाददाताओं से कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कोई स्थानीय लोग संलिप्त नहीं थे। छब्बीस लोगों को गोली मारने वाले सभी बंदूकधारी विदेशी थे।ह्लउन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए) ने जांच के दौरान हमलावरों की मदद करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने हालांकि इस पर भी जोर दिया कि दोनों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया हो । उन्होंने कहा, ह्लऔर हो सकता है कि एनआईए ने यह भी कहा हो कि उन्हें मदद करने के लिए मजबूर किया गया था। अब जांच जारी रहने दीजिए। उसके बाद एनआईए के समक्ष आरोप प्रस्तुत किए जाएंगे। एनआई ने रविवार को दो स्थानीय निवासियों – परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी के मुताबिक दोनों आरोपियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है, और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। इसके एक दिन बाद सोमवार को एनआईए ने कहा कि उसने पीड़ितों के प्रत्यक्षदर्शियों, वीडियो फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा पहले जारी किए गए स्केच के आधार पर हमले में शामिल आतंकवादियों की पहचान के बारे में पर्याप्त सबूत जुटाए हैं। एनआईए ने कहा कि आतंकवादियों की पहचान और अन्य विवरण उचित समय पर सार्वजनिक किए जाएंगे।

## पेज एक का शेष

### इजराइल-ईरान...

उल्लंघन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल सीजफायर लागू होने के बावजूद ईरान पर हमले जारी रख सकता है। इजराइल हमलों की संख्या कम करेगा और सिर्फ टारगेट अटैक करेगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ पर ईरान-इजराइल के बीच सीजफायर को लेकर ताजा पोस्ट में कहा है कि इजराइल अब ईरान पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प ने कहा, 'सभी इजराइली विमान ईरान की तरफ दोस्ताना 'प्लेन वेव' करते हुए वापस लौट जाएंगे। किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। सीजफायर लागू है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि इजराइल और ईरान दोनों ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। ट्रम्प ने हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह दोनों देशों से खुश नहीं हैं, खासकर इजराइल से, जिसने समझौते पर सहमति जताने के तुरंत बाद ही सीजफायर तोड़ दिया। ट्रम्प ने कहा, 'जब मैं कहता हूं कि आपके पास 12 घंटे हैं, तो इसका मतलब आप पहले घंटे में ही बाहर निकलकर अपने पास बचा सब कुछ झोंक दीजिए। दो देश इतने लंबे समय से इतनी मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं।' ट्रम्प ने आज सुबह 10:38 बजे से सीजफायर लागू होने की घोषणा की थी। इससे पहले ट्रम्प ने सुबह 3:32 बजे एक और पोस्ट में कहा था कि अब से लगभग 6 घंटे बाद, इजराइल और ईरान अपने आखिरी मिशनों को पूरा कर लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ईरान-इजराइल सीजफायर से जुड़ा एक और पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने इजराइल को संबोधित कर हुए लिखा, 'इजराइल। उन बमों को मत गिराओ। अगर तुमने ऐसा किया तो यह सीजफायर का बड़ा उल्लंघन होगा। अपने पायलटों को तुरंत वापस बुला लो।' ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर यह पोस्ट किया है। उन्होंने मंगलवार को सुबह 3:32 बजे ट्रूथ पर ही ईरान-इजराइल के बीच सीजफायर की घोषणा की थी।

### ईपीएफओ ने ऑटो ...

के ज़रिए रिकॉर्ड 2.34 करोड़ अग्रिम दावे निपटाये हैं जो कि पिछले वर्ष 2023-24 के 89.52 लाख दावों की तुलना में 161 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में जहां 31 प्रतिशत अग्रिम दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाये गये थे। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के शुरुआती ढाई महीनों में ही ईपीएफओ ने 76.52 लाख दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाए हैं, जो अब तक के सभी अग्रिम दावे का 70 प्रतिशत हैं।

### सेना के लिए 1981 करोड़...

प्रूफ जैकेट (बीपीजे), बैलिस्टिक हेलमेट, क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (क्यूआरएफवी) - भारी और मध्यम और राइफलों के लिए नाइट साइट्स जैसे हथियार और उपकरण खरीदे जायेंगे। आपात खरीद प्रणाली के तहत त्वरित प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाने वाली खरीद का उद्देश्य आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए स्थितिजन्य जागरूकता, मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अधिग्रहण को कम से कम समयसीमा के भीतर पूरा किया गया है। यह खरीद रक्षा मंत्रालय की सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक, मिशन-महत्वपूर्ण और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी कई बार आपात खरीद प्रणाली के तहत सेनाओं के लिए खरीद कर चुका है।

### 'मजबूत राज्य ही...

को मजबूत करना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। शाह ने राज्यों से ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए सशक्त नीति बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि पंचायतें मजबूत होंगी, तो भारत की त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी और आत्मनिर्भर बनेगी। गृह मंत्री ने बताया कि 2004-14 के मुकाबले 2014-25 के दौरान जोनल काउंसिल की बैठकों में 83% अधिक मुद्दों का समाधान किया गया है। अब तक 1287 समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। बीते 11 वर्षों में जोनल काउंसिल्स और उनकी स्थायी समितियों की कुल 62 बैठकें हुई हैं। मध्य क्षेत्रीय परिषद में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। यह मंच आपसी विवाद, संसाधनों के बंटवारे, सामाजिक विकास, कानून व्यवस्था और पर्यावरण से जुड़े मसलों पर राज्यों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ाने का कार्य करता है। मंगलवार सुबह बैठक से पहले सीएम योगी, मप्र सीएम मोहन यादव और उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए और काशी के दिव्य वातावरण का अनुभव लिया। गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम वाराणसी पहुंचे. बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने शंखध्वनि और 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत किया।

### रेलवे के यात्री...

की बढ़ोतरी की गई थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी।

### सरकार की गरीबोन्मुखी...

उन्होंने कहा कि एक बार किसी ने श्रीनारायण गुरु की आत्मोपदेश शतकम् रमण महर्षि जी को सुनाई थी। उसे सुनकर रमण महर्षि जी ने कहा था- ''अवर एल्लाम तेरीन्जवर ''। यानी- वो सब कुछ जानते हैं! और उस दौर में, जब विदेशी विचारों के प्रभाव में भारत की सभ्यता, संस्कृति और दर्शन को नीचा दिखाने के षड्यंत्र हो रहे थे, श्रीनारायण गुरु ने हमें ये अहसास कराया कि कमी हमारी मूल परंपरा में नहीं है। हमें अपने आध्यात्म को सही अर्थों में आत्मसात करने की जरूरत है। हम नर में श्रीनारायण को, जीव में शिव को देखने वाले लोग हैं। हम द्वैत में अद्वैत को देखते हैं। हम भेद में भी अभेद देखते हैं। हम विविधता में भी एकता देखते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनारायण गुरु का मंत्र था- ह्लओरु जाति, ओरु मतम्, ओरु दैवम्, मनुष्युनु। यानी, पूरी मानवता की एकता, जीव मात्र की एकता! ये विचार भारत की जीवन संस्कृति का मूल है, उसका आधार है। आज भारत उस विचार को विश्व कल्याण की भावना से विस्तार दे रहा है। अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, यानी, एक धरती, एक स्वास्थ्य! इसके पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए एक विश्व, एक स्वास्थ्य जैसा पहल शुरू किया है। आज भारत सतत विकास की दिशा में एक सूर्य, एक पृथ्वी, एक ग्रिड जैसे वैश्विक आंदोलन का भी नेतृत्व कर रहा है। आपको याद होगा, 2023 में भारत ने जब जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था, हमने उसकी भी थीम रखी थी- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।' हमारे इन प्रयासों में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना जुड़ी हुई है। सब में श्रीनारायण गुरु जैसे संतों की प्रेरणा जुड़ी हुई है। श्रीनारायण गुरु ने एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी- जो भेदभाव से मुक्त हो! मुझे संतोष है कि आज अपना देश कोई बाकी नहीं रह जाये के रुख पर चलते हुए भेदभाव की हर गुंजाइश को खत्म कर रहा है। आप 10-11 साल पहले के हालात को याद करिए, आज़ादी के इतने दशक बाद भी करोड़ों देशवासी कैसा जीवन जीने को मजबूर थे? करोड़ों परिवारों के सिर पर छत तक नहीं थी! लाखों गांवों में पीने का साफ पानी नहीं था, छोटी-छोटी बीमारी में भी इलाज कराने का विकल्प नहीं, गंभीर बीमारी हो जाए, तो जीवन बचाने का कोई रास्ता नहीं, करोड़ों गरीब, दलित, आदिवासी, महिलाएं मूलभूत मानवीय गरिमा से वंचित थे! और, ये करोड़ों लोग, इतनी पीढ़ियों से इन कठिनाइयों में जीते चले आ रहे थे, कि उनके मन में बेहतर जिंदगी की उम्मीद तक मर चुकी थी। जब देश की इतनी बड़ी आबादी ऐसी पीड़ा और निराशा में थी, तब देश कैसे प्रगति कर सकता था? और इसलिए, हमने सबसे पहले संवेदनशीलता को सरकार की सोच में ढाला! हमने सेवा को संकल्प बनाया। इसी का परिणाम है कि, हम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, करोड़ों गरीब-दलित-पीड़ित-शोषित-वंचित परिवारों को पक्के घर दे पाये हैं। हमारा लक्ष्य हर गरीब को उसका पक्का घर देने का है। और, ये घर केवल ईंट सीमेंट का ढांचा नहीं होता, उसमें घर की संकल्पना साकार होती है, तमाम जरूरी सुविधाएं होती हैं। हम चार दीवारों वाली ईमारत नहीं देते, हम सपनों को संकल्प में बदलने वाला घर देते हैं। इसीलिए, प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों में गैस, बिजली, शौचालय जैसी हर सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। जलजीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसे आदिवासी इलाकों में, जहां कभी सरकार पहुंची ही नहीं, आज वहाँ विकास की गारंटी पहुँच रही है। आदिवासियों में, उसमें भी जो अतिपिछड़े आदिवासी हैं, हमने उनके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। उससे आज कितने ही इलाकों की तस्वीर बदल रही है। इसका परिणाम ये है कि, समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति में भी नई उम्मीद जगी है। वो न केवल अपना जीवन बदल रहा है, बल्कि वो राष्ट्रनिर्माण में भी अपनी मजबूत भूमिका देख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि श्रीनारायण गुरु ने हमेशा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया था। हमारी सरकार भी महिला नीत विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। हमारे देश में आज़ादी के इतने साल बाद भी ऐसे कई क्षेत्र थे, जिनमें महिलाओं की एंट्री ही बैन थी। हमने इन प्रतिबंधों को हटाया, नए-नए क्षेत्रों में महिलाओं को अधिकार मिले, आज खेल से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में बेटियाँ देश का नाम रोशन कर रही हैं। आज समाज का हर वर्ग, हर तबका, आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के सपने को, उसमें अपना योगदान कर रहा है। स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण से जुड़े अभियान, अमृतसरोवर का निर्माण, मिलेट्स को लेकर जागरूकता जैसे अभियान, हम जनभागीदारी की भावना से आगे बढ़ रहे हैं, 140 करोड़ देशवासियों की ताकत से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीनारायण गुरु का संदेश था,ह्लशिक्षा से ज्ञान, संगठन से शक्ति, उद्यम से समृद्धि। उन्होंने खुद भी इस विज़न को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण संस्थाओं की नींव रखी थी। शिवगिरी में ही गुरुजी ने शारदा मठ की स्थापना की थी। माँ सरस्वती को समर्पित ये मठ, इसका संदेश है कि शिक्षा ही वंचितों के लिए उत्थान और मुक्ति का माध्यम बनेगी। गुरुदेव के उन प्रयासों का आज भी लगातार विस्तार हो रहा है। देश के कितने ही शहरों में गुरुदेव सेंटर्स और श्रीनारायण सांस्कृतिक मिशन मानव हित में काम कर रहे हैं। शिक्षा, संगठन और औद्योगिक प्रगति से समाज कल्याण के इस विज़न की स्पष्ट छाप, आज हम देश की नीतियों और निर्णयों में भी देख सकते हैं। हमने इतने दशक बाद देश में नई शिक्षा नीति लागू की है। नई शिक्षा नीति न केवल शिक्षा को आधुनिक और समावेशी बनाती है, बल्कि मातृभाषा में पढ़ाई को भी बढ़ावा देती है। इसका सबसे बड़ा लाभ पिछड़े और वंचित तबके को ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले एक दशक में देश में इतनी बड़ी संख्या में नई आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे संस्थान खोले हैं, जितने आज़ादी के बाद 60 वर्षों में नहीं खुले थे। इसके कारण आज उच्च शिक्षा में गरीब और वंचित युवाओं के लिए नए अवसर खुले हैं। बीते 10 साल में आदिवासी इलाकों में 400 से ज्यादा एकलव्य आवासीय स्कूल खोले गए हैं। जो जनजातीय समाज कई पीढ़ियों से शिक्षा से वंचित थे, उनके बच्चे अब आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा को सीधे कौशल और अवसरों से जोड़ा है। स्किल इंडिया जैसे मिशन देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। देश की औद्योगिक प्रगति, निजी क्षेत्र में हो रहे बड़े सुधारों, मुद्रा योजना, स्टैंडअप योजना, इन सबका भी सबसे बड़ा लाभ दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज को हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु एक सशक्त भारत चाहते थे। भारत के सशक्तिकरण के लिए हमें आर्थिक, सामाजिक और सैन्य, हर पहलू में आगे रहना है। आज देश इसी रास्ते पर चल रहा है। भारत तेज़ी से दुनिया की तीसरे नंबर की इकॉनॉमी बनने की तरफ बढ़ रहा है। हाल में दुनिया ने ये भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने एकदम स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज का भारत देशहित में जो भी हो सकता है और जो भी सही है, उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज सैन्य ज़रूरतों के लिए भी भारत की विदेशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। और इसका प्रभाव हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा है। हमारी सेनाओं ने भारत में बने हथियारों से दुश्मन को 22 मिनट में घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मुझे विश्वास है, आने वाले समय में मेड इन इंडिया हथियारों का डंका पूरी दुनिया में बजेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के संकल्पों को पूरा करने के लिए हमें श्रीनारायण गुरु की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। हमारी सरकार भी इस दिशा में सक्रियता के साथ काम कर रही है। हम शिवगिरी सर्किट का निर्माण करके श्रीनारायण गुरु के जीवन से जुड़े तीर्थ स्थानों को जोड़ रहे हैं। हमें विश्वास है, उनके आशीर्वाद, उनकी शिक्षाएँ अमृतकाल की हमारी यात्रा में देश को रास्ता दिखाती रहेंगी। हम सब एक साथ मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे।

# बिहार धर्म और ज्ञान की भूमि रही है, जिसने देश को अनेक क्रांतिकारी और चिंतक दिए : जगदीप धनखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित ललित नारायण (एलएन) मिश्रा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के स्थापना दिवस समारोह में मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहा है। बिहार धर्म और ज्ञान की भूमि रही है, जिसने देश को अनेक क्रांतिकारी और चिंतक दिए हैं। इस भूमि पर आकर मुझे नई ताकत और ऊर्जा की अनुभूति होती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आजादी की बात करूं तो चंपारण सत्याग्रह बिहार की भूमि पर हुआ। 1917 में महात्मा गांधी जी ने यहां से अपना पहला सत्याग्रह आंदोलन किया। किसान की समस्या को उन्होंने राष्ट्र हित का आंदोलन बना दिया। बिहार की जनता का उत्साह, ज्ञान और चेतना पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अपने संसदीय जीवन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिताए समय को भी याद किया। उनके संसदीय अनुभवों की सराहना की। इसके साथ ही पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उपराष्ट्रपति ने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा, ''उस समय लोकतंत्र को दबाने का प्रयास किया गया था, लेकिन जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चली संपूर्ण क्रांति ने भारत में लोकतंत्र को नई ऊर्जा और दिशा दी।'' उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एल. एन मिश्रा कॉलेज सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सह कॉलेज के संस्थापक नीतीश मिश्रा और बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश चंद्र राय ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने कॉलेज कैंपस में पौधारोपण किया। पूर्व सीएम डॉ जगन्नाथ मिश्रा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदानों को भी याद किया।

# कांग्रेस का काम केवल झूठ और भ्रांतियां फैलाना: अन्नपूर्णा देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि उसका काम केवल झूठ और भ्रांतियां फैलाना और हमारी सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा डालना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और समावेश सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक-होम राशन वितरित करने के लिए फ़ेशियल रिकगनिशन सिस्टम (एफआरएस) अनिवार्य करने के लिए सरकार की आलोचना करना सही नहीं है। अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को जवाब देते हुए कहा कि चेहरे की पहचान प्रणाली, बायोमेट्रिक और आधार जैसी आधुनिक तकनीकों की मदद से सरकार आज अंतिम पंक्ति के लाभार्थी तक पहुंचने में सफल हो रही है। यह कहना सरासर गलत है कि तकनीक के उपयोग से प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लाभार्थियों में गिरावट आई है। वर्ष 2019-20 में पहली बार के लाभार्थी की संख्या 72.05 लाख हो गई है। 2024-25 में बढ़कर यह संख्या 80.48 लाख (अब तक की सर्वाधिक संख्या) हो गई है। 2025-26 की पहली तिमाही में लाभार्थियों की संख्या 27 लाख से अधिक हो गई है। पीएम-किसान से 10 करोड़ किसानों को हर महीने आधार से प्रमाणित सीधा लाभ खाते में जा रहा है व राशन का लाभ मिल रहा है। ये कांग्रेस का कार्यकाल नहीं है जहां एक रुपये देते थे तो लाभार्थी तक 15 पैसा पहुंचता था। ये मोदी सरकार है- यहां 100 रुपया देते हैं तो लाभार्थी तक 100 रुपया ही पहुंचता है। उल्लेखनीय है कि जयराम रमेश ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक परिपत्र को साझा करते हुए कहा था कि गर्भवती महिलाओं के सामने एक और बाधा खड़ी कर दी गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले बुनियादी और कानूनी अधिकारों के लिए अब फ़ेस रिकग्निशन सिस्टम अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इस बात के सबूत हैं कि यह तकनीक त्वचा का रंग और वर्ग के आधार पर भेदभाव करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### माउंट एवरेस्ट अभियान दल के विजेताओं को किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर सफलता पाने वाले नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीएंडसी) के तीन एनसीसी कैडेटों और एक महिला कैडेट प्रशिक्षक (जीसीआई) की उल्लेखनीय उपलब्धि को पुरस्कृत करने के लिए सोमवार को एनसीसी निदेशालय ने यहां एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि समारोह में 2- पंजाब आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी, घुड्डा, जिला बठिंडा की जीसीआई अनामिका चौधरी, 2- चंडीगढ़ बटालियन एनसीसी, चंडीगढ़ के कैडेट पद्म नामगेल और 1- हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी, सोलन की कैडेट कृतिका शर्मा को उनके असाधारण साहस, धीरज और दृढ़ संकल्प का परिचय देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, एनसीसी निदेशालय पीएचएचपीएंडसी चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल जेएस चीमा और एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान ने पर्वतारोहियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए। एडीजी ने अभियान दल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि उनके व्यक्तिगत साहस का प्रमाण है और एनसीसी कैडेटों और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। माउंट एवरेस्ट को फतह करने की टीम की यात्रा कठोर प्रशिक्षण के साथ शुरू हुई, जिसमें माउंट अबीगामिन के लिए प्री-एवरेस्ट अभियान; नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) उत्तरकाशी में बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम; नेपाल में माउंट एवरेस्ट लाबुचे अभियान शामिल हैं। इससे पूर्व, नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी टीम की जीत के लिए पुरस्कृत किया था।

### अब बदरीनाथ में श्रद्धालु कर सकेंगे गुफाओं में बैठकर साधना

**गोपेश्वर।** सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो आने वाले दिनों में श्रद्धालु श्री बदरीनाथ में स्थित ध्यान गुफाओं में ध्यान साधना के साथ ही रात्रि प्रवास भी कर सकेंगे। ऐसे में मौसम ने साथ दिया तो आगामी जुलाई माह में ध्यान गुफा सुविधायुक्त तैयार हो जाएंगे। ऐसे में उम्मीदों के बीच नगर पंचायत कार्य करवाने में जुटी है। श्री बदरीनाथ मंदिर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर ऋषि गंगा फॉल के पास ध्यान गुफाएं है। नगर पंचायत के अनुसार इनका निर्माण 2022 में किया गया। चार ध्यान गुफाओं में दो पत्थरों से तथा दो सीमेंट से निर्मित है लेकिन बर्फबारी से क्षतिग्रस्त होने और सुविधाओं के अभाव में यहां कम ही श्रद्धालु पहुंचते। इस सब के बीच नगर पंचायत ने इन गुफाओं की दिशा में कार्य शुरू किया तो उम्मीदों को भी पंख लगे। नगर पंचायत बदरीनाथ के ईओ सुनील पुरोहित ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ध्यान गुफाओं को सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। जहां बिजली, बेड, कंबल, इलेक्ट्रिक केटल की सुविधा मिलेगी। बताया कि बोर्ड बैठक में शुल्क का निर्धारण होगा। मौसम ने साथ दिया तो जल्दी ही कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

### नैनीताल में झूम के बरस रहा मानसून, भूस्खलन की घटनाएं भी शुरू

**नैनीताल।** पर्वतीय पर्यटन नगरी नैनीताल में मानसून के आगमन के साथ अच्छी बारिश हो रही है। नगर में सोमवार दिन के साथ पूरी रात्रि हुई बारिश के साथ बीते 24 घंटों में 23.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। साथ ही भूस्खलन की घटनाएं भी शुरू हो गयी हैं। सोमवार की रात्रि नगर के मल्लीताल में पॉपुलर कंपाउंड के पास नाला नंबर 20 की एक शाखा में भूस्खलन हुआ है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि रात्रि लगभग 2 बजे यहां भूस्खलन होने से उनकी नींद खुल गयी और खतरे को देखते हुए वे सो नहीं पाये। उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर पूर्व में बीडी पांडे जिला चिकित्सालय की भूमि पर अतिक्रमण कर कच्चे मकान बने थे, जिन्हें सितंबर 2023 में हटा दिया गया था। भवन होते तो आज वह नाले में समा सकते थे। सिचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने शीघ्र ही नाले से पत्थरों को हटाकर जल प्रवाह खोलने एवं आगे दैवीय आपदा मद से नाले की मरम्मत कराने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि नाला नंबर 20 पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में फर्श तोड़कर पानी घुस आया था। जिस कारण एटीएम को बंद करना पड़ा।

### ईरान में फंसे लोगों की जिला प्रशासन ने मांगी जानकारी

**देहरादून।** ईरान और इजरायल के बीच तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने वहां फंसे जिले के लोगों का विवरण देने को कहा है। केंद्र सरकार ने विदेश में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिन शुरू की है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने भी अपने स्तर पर इस बाबत कदम उठाए हैं। अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर ईरान में रह रहे ऐसे भारतीय नागरिकों का विवरण एकत्र किया जा रहा है, जो वर्तमान परिस्थितियों के चलते स्वदेश लौटना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित नागरिक या उनके परिजन इस बाबत जिला प्रशासन से संपर्क कर विवरण उपलब्ध करा सकते हैं, ताकि उनकी सुरक्षित वापसी को लेकर कदम उठाएं जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिये संबंधित व्यक्ति जिला कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन हर नागरिक की सकुशल वापसी के लिये तत्पर है।

### नगरवासियों को अपशब्द कहने पर काठा पीर मेले के ठेकेदार का फूंका पुतला

**हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर आदमपुर नगर पंचायत में इन दिनों माहौल गरमाया हुआ है। हाल ही में वायरल हुई एक ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर काठा पीर मेले के ठेकेदार वारिस अहमद द्वारा नगरवासियों को अपशब्द और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपमानित किया जा रहा है। इस आपत्तिजनक क्लिप के वायरल होने के बाद नगर के सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर मुख्य चौक पर मंगलवार को वारिस अहमद का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने चौकी प्रभारी बीरेंद्र नेगी को लिखित शिकायत सौंपकर मांग की है कि वारिस अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए, उसकी चल-अचल संपत्ति की जांच हो और उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वारिस अहमद का यह अपमानजनक व्यवहार पहली बार सामने नहीं आया है। दादाखान उर्स के आयोजन के समय भी उसका रवैया विवादित रहा है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अब उसका नाम संदिग्ध गतिविधियों और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार से भी जोड़ा जा रहा है। इतना ही नहीं, उसके दो भाई पहले ही जेल जा चुके हैं और खुद वारिस प्रशासनिक कार्रवाई से पैसे और राजनीतिक रसूख के बल पर बचता रहा है।

# दिल्ली के लिए ऐतिहासिक दिन, एक ही दिन में 3,400 गड्ढे भरे जा रहे हैं : प्रवेश साहिब सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने बड़े पैमाने पर गड्ढा मरम्मत अभियान चलाकर एक ही दिन में पीडब्ल्यूडी की 1,400 किलोमीटर की सड़कों पर 3,400 गड्ढे भरने का काम शुरू किया है। उन्होंने इसे सरकार का ऐतिहासिक कदम करार दिया।

मंत्री ने सीआर पार्क में सड़क मरम्मत और बुनियादी ढांचे में सुधार कार्य का निरीक्षण करने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज दिल्ली को सुरक्षित, सुंदर और सुगम बनाने के लिए पूरी दिल्ली में एक ऐतिहासिक पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि एक ही दिन में पीडब्ल्यूडी की 1,400 किलोमीटर की सड़कों पर 3,400 गड्ढे भरने का काम शुरू हो चुका है। प्रवेश सिंह ने कहा कि सारे गड्ढों को पीडब्ल्यूडी मानकों के हिसाब से भरा जाएगा। जीपीएस इनेबल्ड वैन इनका रियल टाइम ट्रैकिंग करेगी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत और इंजीनियर्स के सर्वे के अनुसार सारे गड्ढों की मैपिंग की है। सारी सड़कों को जोन में बांटा गया है। सिंह ने बताया कि सभी कार्यकारी इंजीनियरों, मुख्य इंजीनियरों और टीमों सहित पूरा पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों पर है। 3,400 गड्ढे ठीक किए हैं जिनमें से प्रत्येक को जियोटैग किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ गड्ढे भरने की मुहिम नहीं। दिल्ली के हर उस नागरिक के चेहरे पर राहत लाने की कोशिश है। जो रोज गड्ढों से जूझता है, जो हर सफर में असुविधा नहीं, सुरक्षा चाहता है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल दिखावे के लिए नहीं है, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी प्रणाली की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जब काम बिना भ्रष्टाचार के होगा, तो गड्ढ़े बनेंगे ही नहीं। जब काम पीडब्ल्यूडी के तय मापदंडों के अनुसार होगा, तब सड़कों पर जनता को तकलीफ नहीं होगी। यह हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की योजना नागरिकों की शिकायतों और सुझावों पर आधारित है। यह पहल जनता की सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक जाम और मानसून से पहले की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। स्थानीय विधायक इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी किए और जनता से सीधा संवाद भी रखा।

## पंजाब सरकार स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता से कर रही धोखा: चावला

अमृतसर। पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो लक्ष्मीकांत चावला ने मंगलवार को राज्य सरकार पर स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता से धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि शहर के लोगों को मिट्टी और धूल एवं घंटों तक बिजली बंद होने से शहर में ट्यूबवेल बंद होने के सिवाय कुछ नहीं मिला है। प्रो चावला ने कहा कि अमृतसर शहर में स्मार्ट सिटी के नाम पर वर्षों से सड़कों की तोड़फोड़, शहर के अंदर केवल मिट्टी और धूल उड़ रही है। घंटों तक बिजली बंद होने से शहर में ट्यूबवेल बंद हो जाते हैं और लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि जब भी नगर निगम और बिजली विभाग की इच्छा होती है तभी घंटों तक बिजली बंद कर दी जाती है। प्रो चावला ने कहा कि स्मार्ट सिटी में क्या बनेगा, किसके लिए बनेगा, कब तक बन जाएगा और इस पर कितने अरब रुपये खर्च होंगे यह जनता जानना चाहती है।

## डॉ अग्रवाल ने की एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त ने मंगलवार को जिला पशु क्रूरता निवारण सोसायटी (एस.पी.सी.ए.) की उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पशुपालकों को पशु देखभाल के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासकीय परिसर में अतिरिक्त जिला उपायुक्त जसबीर सिंह, अतिरिक्त जिला उपायुक्त (ग्रामीण विकास) बुद्धि राज सिंह सहित एस.पी.सी.ए कमेटी के सदस्यों व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डॉ अग्रवाल ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशुपालक किसानों को जागरूक करें कि पशुओं को बेसहारा छोड़ने की बजाय उन्हें गौशालाओं में ले जाएं ताकि इन पशुओं की उचित देखभाल हो सके और सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। डा. अग्रवाल ने डेयरी विकास विभाग व मिल्क.फ़ेड को भी इस जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा ताकि अधिक से अधिक पशुपालक किसानों को इस बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने एस.पी.सी.ए में पशुपालक किसानों को शामिल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) प्रोग्राम की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को कुत्तों की नसबंदी के कार्य को वार्डवार लागू करने को कहा और इस संबंध में नियमित रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीमार व घायल पशुओं की देख-भाल के लिए एंबुलेंस की खरीद के संबंध में भी जानकारी हासिल की। नगर निगम अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नगर निगम के पास एक एंबुलेंस उपलब्ध है, जबकि दूसरी एंबुलेंस खरीदने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जा रही है।

# राज्यपाल ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने मंगलवार को धर्मपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल ने भगवान हनुमान जी से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर उनके साथ पत्नी गुरमीत कौर भी थीं। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''आज मंगलवार श्री हनुमान जी का परम पावन दिन है। इस अवसर पर देहरादून स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और भक्ति-भाव और आस्था के साथ बजरंगबली की आराधना की। श्री हनुमान जी से प्रार्थना है कि वे समस्त प्रदेशवासियों को बल, बुद्धि, साहस और निर्भयता का आशीर्वाद प्रदान करें एवं उनके जीवन में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करें।

# तेजस्वी की जनसभा में पूर्व विधायक कौशल-पूर्णिमा और सलमान होंगे राजद में शामिल: शक्ति सिंह यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा जिले में मंगलवार को बदली हुई राजनीतिक घटना क्रम में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधायक कौशल यादव ,पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव, पूर्व विधान पार्षद सलमान राजीव सहित भारी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने बिहार के विकास को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने का फैसला लिया है। जिसके लिए 9 जुलाई को नवादा के आईटीआई मैदान में महती जनसभा का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव ने मंगलवार को नवादा के राजद कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार के नवनिर्माण के लिए जनता दो तिहाई बहुमत से तेजस्वी सरकार बनाने को तैयार है। जिसके लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सरकार बनने के बाद मां-बहन सम्मान योजना, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट बिजली फ्री ,वृद्धावस्था पेंशन की बेहतर व्यवस्था के साथ कई योजनाएं लागू करेगी । जिस कारण बिहार का बेहतर विकास होगा । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिमागी हालत अच्छी नहीं है ।जिस कारण बिहार में अफसरशाही तथा भ्रष्टाचार हावी हो चुका है ।सबसे दुखद बात तो यह है कि अयोग के गठन में अधिकारियों ने अपने पत्नी को भी सदस्य बनना शुरू कर दिया है ।यह निश्चित तौर पर बिहार में प्रशासनिक आराजकता का सबसे बड़ा उदाहरण है ।उन्होंने कहा कि बिहार में अब राजनेता सरकार नहीं चला रहे। कुछ चंद अधिकारी भ्रष्टाचार में डूब कर सरकार चला रहे हैं । जो बिहार के लिए विनाशकारी साबित हो रही है ।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063